CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 14°C

लखनऊ, शनिवार 8 नवम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 3 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश से मिले आजम खां, बोले 'अब भी जिंदा हैं पत्थर से मजबूत लोग' पेज 2



ब्रिस्बेन में सीरीज का आखिरी मैच धमाकेदार होने के आसार खेल टाइम्स




परीक्षा देने का सबसे अच्छा समय क्या है सम्पादकीय



पाकिस्तान एटमी हथियारों की तस्करी कर रहा: भारत पेज 12

# मोदी से चल रही अच्छी बात, जल्द करूंगा भारत का दौरा: ट्रम्प

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका के राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बातचीत बेहद अच्छी चल रही है और वे जल्द ही भारत दौरे पर आ सकते हैं। ट्रम्प ने मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा हमारे बीच बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। उन्होंने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक बंद कर दिया है।

मोदी मेरे दोस्त हैं, हम बात करते रहते हैं और उन्होंने मुझे भारत आने का न्योता दिया है। हम तारीख तय करेंगे, प्रधानमंत्री मोदी एक महान व्यक्ति हैं और मैं भारत जाऊंगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अगले साल भारत का दौरा करेंगे, तो ट्रम्प ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, हो सकता है, हां। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत अभी जारी है। ट्रम्प ने कहा कि ट्रेड के कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं, लेकिन हमारी टीम इस पर काम कर रही है। हालांकि दोनों देशों के बीच बीते कुछ समय से व्यापार को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत अपने बाजारों को और अधिक खोलने पर विचार करे, जबकि भारत कृषि और तकनीकी क्षेत्र में अमेरिकी रियायतों की उम्मीद कर रहा है। ट्रम्प के कार्यकाल के दौरान भी दोनों देशों के बीच कई व्यापारिक समझौतों पर बात हुई थी, लेकिन कुछ मतभेदों के कारण वे अधूरे रह गए थे। ट्रम्प ने हाल ही में भारत-रूस तेल व्यापार को लेकर भी बयान दिया था। उनका कहना था कि भारत अब रूस के साथ तेल व्यापार को सीमित करेगा। पिछले महीने से ट्रम्प इस मुद्दे पर कई दावे कर चुके हैं। इससे पहले भी ट्रम्प ने अपने भाषण के दौरान भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत दिए थे।

**टैरिफ विवाद के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति का बड़ा ऐलान**
**कहा- भारत ने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक बंद किया, मोदी मेरे दोस्त हैं, उन्होंने मुझे भारत आने का न्योता दिया है**



## सीबीआई ने अकील अख्तर की संदिग्ध मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और पंजाब की पूर्व लोक निर्माण विभाग मंत्री रजिया सुल्ताना के बेटे अकील अख्तर की गत 16 अक्टूबर को पंचकूला में हुई संदिग्ध मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली। सीबीआई ने शुक्रवार को बताया कि अकील अख्तर की संदिग्ध मौत का मामला सबसे पहले 20 अक्टूबर को पंचकूला के मनसा देवी कॉम्प्लेक्स पुलिस थाने में दर्ज किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### गायिका-अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का हुआ अंतिम संस्कार



**मुंबई।** हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका और अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का शुक्रवार को मुंबई में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर परिवार के सदस्य और करीबी लोग मौजूद थे। सुलक्षणा पंडित का गुरुवार शाम लंबी बीमारी के बाद 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। सुलक्षणा पंडित 1970 और 1980 के दशक के आरंभ में लोकप्रिय गायिका एवं अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाई और उन्होंने उस समय हिंदी फिल्में के बड़े सितारों जितेन्द्र, संजीव कुमार, राजेश खन्ना, विनोद खन्ना, शशि कपूर और शत्रुघ्न सिन्हा के साथ फिल्में की। उन्होंने अपने अभिनय की शुरुआत 1975 की सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म 'उलझन' में संजीव कुमार के साथ की और उन्होंने क्लासिक उपन्यास परिणीता पर आधारित अनिल गांगुली की फिल्म 'संकोच' (1976) में लोलिता की भूमिका के लिए प्रशंसा अर्जित की। उनकी फिल्मों में हेरा फेरी, अपनापन, खानदान, चेहरे पे चेहरा, धरम कांटा और वक्त की दीवार जैसे लोकप्रिय फिल्में शामिल हैं।

### 68 करोड़ के बैंक गारंटी मामले में रिलायंस पावर का संदिग्ध आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रिलायंस पावर लिमिटेड से जुड़ी जाली ऋण गारंटी और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के नवीनतम घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को एक और संदिग्ध अमरनाथ दत्ता को गिरफ्तार किया। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दत्ता को रिलायंस पावर लिमिटेड की एक सहायक कंपनी द्वारा सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) को 68 करोड़ रुपये से अधिक की जाली बैंक गारंटी (बीजी), फर्जी बैंक गारंटी अनुमोदन और एसएफएमएस जमा करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने व्यापार के लिए वित्तीय सेवा उपलब्ध कराने के नाम पर परामर्श सेवाएं प्रदान करने का दावा किया था। दत्ता ने पहले गिरफ्तार किए गए अशोक पाल और पार्थसारथी बिस्वाल के साथ मिलकर फर्जी बैंक गारंटी प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाई थी। अमरनाथ दत्ता को नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 नवम्बर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया।

### अतीक के बहनोई, वकील, ड्राइवर और नौकर की जमानत अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी रहे अतीक अहमद के बहनोई डा. अखलाक अहमद, वकील विजय मिश्रा, ड्राइवर व नौकर नियाज की जमानत अर्जी खारिज कर दी। पिछली सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया। सभी आरोपियों की ओर से दाखिल अपराधिक अपील पर न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकल पीठ सुनवाई कर रही थी। मेरठ निवासी अतीक के बहनोई डा. अखलाक अहमद पर हत्याकांड के बमबाज गुड्डू मुस्लिम को शरण देने का आरोप है। जबकि, बाकी मुल्जिमों पर हत्या की साजिश रचने का आरोप है। हत्याकांड के बाद से फरार बमबाज गुड्डू मुस्लिम पांच लाख का इनामी है। पुलिस का दावा है कि घटना को अंजाम देने के बाद इसने डा. अखलाक के मेरठ स्थित घर पर शरण ली थी। मेरठ से गिरफ्तार एकलाख ने जमानत पर रिहाई के लिए सितम्बर 2023 में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। डा. अखलाक के अधिवक्ता ने दलील दी थी कि उनका नाम एफआईआर में नामजद नहीं है। वह पेशे से डाक्टर हैं। अपराध की दुनिया से उसका कोई वास्ता नहीं है। उसे केवल अतीक के रिश्तेदार होने के कारण फंसाया गया है। अतीक के वकील विजय पर उमेश पाल हत्याकांड में मुखबिरी करने का आरोप है।

# आवारा कुत्तों को सड़कों-हाईवे से हटाएं

## सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को जारी किया अहम निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अहम निर्देश जारी किया है। कोर्ट ने कहा है कि सभी आवारा पशुओं को सड़कों, राज्य के हाईवे और राष्ट्रीय राजमार्गों से हटाया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर राज्यों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और नगरपालिकाओं को भी निर्देश जारी किया है।

इतना ही नहीं कोर्ट ने निर्देश दिया है कि आवारा पशुओं को हटाने के लिए हाईवे निगरानी टीमें बनाई जाएं जो उन्हें पकड़ कर सड़कों से हटाएंगी और शेल्टर होम्स में रखेंगी। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में आगे आवारा कुत्तों के मुद्दे पर भी आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, बस और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए और उन्हें शेल्टर होम में जगह दी जाए। साथ ही उन्हें टीकाकरण के बाद भी उसी इलाके में न छोड़े जाने के निर्देश दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों- जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान कुत्तों के काटने के मामलों में चौंकाने वाली बढ़ोतरी की बात कही और आदेश दिया कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के बाद उन्हें शेल्टर में टीके दिए जाएं। इसके बाद उन्हें पुरानी जगहों पर न छोड़ा जाए। इसके अलावा सार्वजनिक जगहों पर आवारा कुत्तों के दोबारा न घुसने देने के इंतजाम भी तय हों। कोर्ट इस मामले में अगली सुनवाई 13 जनवरी को करेगी। पीठ ने आवारा कुत्तों को सार्वजनिक रूप से भोजन कराने पर भी रोक लगाई और उनके लिए भोजन स्थल बनाने का निर्देश दिया। पीठ ने मामले का दायरा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से आगे बढ़ाकर इसे पूरे भारत में लागू कर दिया है। पीठ ने शुक्रवार को स्वत: संज्ञान लेकर आवारा कुत्तों के मामले में यह आदेश पारित किया।



**राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और नगर पालिकाओं को भी शीर्ष अदालत ने निर्देश किया जारी**

### विमान हादसा: पायलट के पिता की याचिका पर केंद्र- डीजीसीए से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए पायलट के पिता की स्वतंत्र जांच की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और डीजीसीए से जवाब तलब किया है। वहीं इस मामले में कोर्ट ने मृत पायलट के पिता से साफ कहा कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में भी पायलट के खिलाफ कोई आरोप नहीं है। कोर्ट ने पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल के 91 वर्षीय पिता से कहा कि उनके बेटे को हादसे के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है और उन्हें खुद पर इसका बोझ नहीं लेना चाहिए।पीठ ने इस मामले में केंद्र सरकार और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस जारी किया है।

### SIR: DMK की याचिका पर सुनवाई को तैयार हुआ कोर्ट

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने राज्य में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अब सुप्रीम कोर्ट 11 नवम्बर को इस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। डीएमके की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील विवेक सिंह ने मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की, जिसके बाद पीठ ने याचिका को मंगलवार को सूचीबद्ध करने की बात कही। डीएमके के संगठन सचिव आरएस भारती ने चुनाव आयोग द्वारा तमिलनाडु में एसआईआर कराने के फैसले के खिलाफ 3 नवम्बर को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

# 1937 में विभाजन के बीज बोए गए, वही सोच आज भी देश के लिए बड़ी चुनौती: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का शुभारंभ किया है।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को आलोकित किया, लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में इसकी आत्मा का एक हिस्सा, वंदे मातरम के महत्वपूर्ण पदों को अलग कर दिया गया। वंदे मातरम को खंडित किया गया, उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए। वंदे मातरम के इसी विभाजन ने देश के विभाजन के बीज भी बोए... आज की पीढ़ी के लिए यह जानना जरूरी है कि यह अन्याय क्यों हुआ, क्योंकि वही विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए चुनौती बनी हुई है। वंदे मातरम, ये शब्द एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है, एक संकल्प है। वंदे मातरम, ये शब्द मां भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। वंदे मातरम, ये शब्द हमें इतिहास में ले जाता है, ये हमारे वर्तमान को नए आत्मविश्वास से भर देता है और हमारे भविष्य को ये नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धि न हो सके, ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जिसे हम भारतवासी पा न सकें।



**कहा: आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को आलोकित किया**

# दिल्ली हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल समस्या, 300 उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली/मुंबई।** दिल्ली हवाई अड्डे पर शुक्रवार को हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में तकनीकी खामी के कारण लगभग 300 घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ। सैकड़ों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसका असर मुंबई के हवाई अड्डे पर भी देखा गया है।

मुंबई में भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई एयरपोर्ट की तरफ से जारी एडवाइजरी में कहा गया कि दिल्ली स्थित स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) में आई एक तकनीकी समस्या के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर भी उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है। एयर ट्रैफ़िक कंट्रोल (एटीसी) में इस प्रणाली से मदद मिलती है। संबंधित अधिकारी इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

**यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा**

# दिल्ली में सीजन की सबसे ठंडी रात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में ठंड ने दस्तक दे दी है। दिल्ली में गुरुवार को इस मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। दिल्ली का न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री तक गिर गया।

इस सर्दी सीजन में पहली बार है जब तापमान 15 डिग्री से नीचे चला गया। इससे पहले, इस साल का न्यूनतम तापमान 26 अक्टूबर को 15.8 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटों में मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली सहित मध्य और उत्तर भारत के राज्यों में तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक और गिर सकता है। तापमान में गिरावट के साथ ठंडी हवाएं भी चलेंगी। इससे कड़ाके की ठंड का एहसास होगा। राजस्थान के 3 शहरों में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। फतेहपुर में तापमान सबसे कम 7.5 डिग्री दर्ज हुआ। नागौर में 9.4 और बीकानेर के पास लूणकरणसर में 8.9 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के औसत तापमान में गुरुवार रात 6.1 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। राज्य के राजगढ़ में सबसे कम 11 डिग्री तापमान रहा। इंदौर में 12.1 डिग्री और भोपाल में 13 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।



**अगले दो-तीन दिन में कड़ाके की ठंड का अनुमान जताया**

### वंदे मातरम की ध्वज वाहक है कांग्रेस: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की गर्वित ध्वज वाहक है। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के अवसर पर खड़गे ने कहा कि वंदे मातरम ने ही देश की सामूहिक आत्मा को जगाया और देश की आजादी का बुलंद नारा बन गया। वंदे मातरम देश की एकता में अनेकता की भावना को दर्शाता है। खड़गे ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वंदे मातरम की गर्वित ध्वजवाहक रही है। साल 1896 में कलकत्ता में कांग्रेस के अधिवेशन के दौरान तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष रहमतुल्लाह सयानी के नेतृत्व में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने पहली बार सार्वजनिक रूप से वंदे मातरम गाया था। उस पल ने आजादी की लड़ाई में नई जान फूंक दी।

# पूरा चुनाव ही चोरी कर लिया गया: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक बार फिर भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाए। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पूरा चुनाव चोरी किया गया और नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं।

हालांकि भाजपा ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि राहुल गांधी अपनी नाकामी को छिपाने के लिए देश के लोकतंत्र को बदनाम कर रहे हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, हमारे पास बहुत सारा मैटेरियल है। हम वोट चोरी का पर्दाफाश करने की प्रक्रिया जारी रखेंगे। हम भारत के जेन जी, युवाओं को साफ तौर पर दिखाएंगे कि नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं और भाजपा चुनाव चोरी करती है। बुधवार की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह एक सामान्य सी बात है। मैंने अपनी प्रेजेंटेशन में दिखाया कि हरियाणा चुनाव, चुनाव नहीं था, और बड़े पैमाने पर चोरी हुई है। राहुल गांधी ने कहा कि मेरे द्वारा लगाए गए सभी आरोपों पर चुनाव आयोग की ओर से कोई जवाब नहीं आया है और भाजपा लगातार चुनाव आयोग का बचाव कर रही है, लेकिन वे मेरी कही बात को गलत नहीं बता रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि हरियाणा चुनाव के दौरान मतदाता सूची में 25 लाख एंट्री फर्जी थीं और चुनाव आयोग ने पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भजापा के साथ मिलीभगत की थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि मीडिया ब्राजीली मॉडल के मुद्दे को उठा रहा है।

**कांग्रेस नेता का पीएम मोदी पर तीखा हमला**
**कहा: नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं**



# 50 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के रौनापार क्षेत्र में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और आजमगढ़ स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश मार गिराया गया।

पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि जोकहरा गांव के पुल के पास हुई इस मुठभेड़ में तीन अन्य बदमाश मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। मारे गए बदमाश की शिनाख्त वाकिब उर्फ वाकिफ (27) निवासी थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ के रूप में की गई है । सिधारी क्षेत्र में हुई छिनैती की घटना के सुराग के लिए स्वाट टीम एवं थाना सिधारी पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ हुई।

**मारे गए बदमाश की पहचान वाकिफ के रूप में हुई**

## संक्षिप्त समाचार

### एससी-एसटी एक्ट की आड़ में झूठी शिकायत पर हाईकोर्ट पर सख्त

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी/एसटी एक्ट की आड़ में झूठी शिकायत कर सरकारी मुआवजा प्राप्त करने के मामले में सख्त टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि यह कानून कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए बनाया गया है, न कि इसे निजी लाभ या दबाव बनाने के साधन के रूप में इस्तेमाल करने के लिए। अदालत ने स्पष्ट चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रयागराज की रामकली और उसकी दो बहुएं कविता और सविता ने पहले कोर्ट में कहा था कि उन्होंने ही एफआईआर कराई है और उन पर अत्याचार हुआ है। इसके आधार पर इन्हें सरकार से मुआवजा भी दिया गया, लेकिन बाद में हाईकोर्ट में बयान बदलते हुए कहा गया कि उनके अंगूठे के निशान खाली कागज पर लिए गए थे और उन्होंने जानबूझकर शिकायत नहीं की थी।

### मतदाताओं ने विकसित बिहार के मुद्दे पर लगाई मुहर: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के बाद बिहारवासियों की सराहना करते हुए कहा है कि लोगों ने विक. सित बिहार पर अपनी मुहर लगा दी है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- बिहार ने प्रथम चरण के मतदान में भाजपा-एनडीए सरकार के संकल्प 'विकसित बिहार' पर अपने विश्वास और आशीर्वाद की मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि आज सत्याग्रह और राष्ट्रवाद की तीर्थभूमि पूर्वी चंपारण एवं पश्चिमी चंपारण की सुशासनप्रिय जनता-जनार्दन से संवाद करूंगा।

# एसआईआर को लेकर भाजपा ने 75 जिलों में बनाए वॉर रूम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान विधानसभा क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने की अपनी रणनीति के तहत, भारतीय जनता पार्टी ने बूथ स्तर पर समर्पित वॉर रूम और कार्यकर्ताओं की विशेष टीमें स्थापित की हैं।

पार्टी के एक पदाधिकारी ने बताया कि मुख्य रूप से जिला और क्षेत्रीय स्तर पर गठित इन वॉर रूम का संचालन 75 जिलों और छह क्षेत्रों (पश्चिमी उत्तर प्रदेश, ब्रज, अवध, काशी, गोरखपुर और कानपुर-बुंदेलखंड) में से प्रत्येक में 11 लोगों की एक टीम द्वारा किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि ये टीमें पार्टी के जिला और विधानसभा स्तर के समन्वयकों से रोजाना फीडबैक ले रही हैं। पार्टी ने टीमों को कार्यकर्ताओं के कामकाज पर नज़र रखने और बाद में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। बूथ जीतना ही चुनाव जीतना है। हम बूथ स्तर पर तैयारियों के तहत इसी मंत्र पर काम कर रहे हैं। एक वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी ने कहा कि एसआईआर के मामले में भी, पार्टी ने मतदाता सूचियों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग के साथ समन्वय स्थापित करने की विस्तृत योजना बनाई है।

विशेषज्ञों ने कहा कि भाजपा वॉर रूम, एसआईआर के दौरान वास्तविक समय में डेटा निगरानी और जवाबदेही को औपचारिक रूप देने की पार्टी की रणनीति को रेखांकित करते हैं।

### अगर वोटर घर पर नहीं, तो ऐसे भरेगा एसआईआर का फॉर्म: यूपी सीईओ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अपील की है कि शुद्ध निर्वाचक नामावली मजबूत लोकतंत्र के उद्देश्य से चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। यूपी में चार नवंबर से मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का वितरण शुरू हो चुका है, जिसके बाद से बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह गणना फॉर्म मतदाताओं को दे रहे हैं। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हम प्रत्येक मतदाता से अनुरोध करते हैं कि वे गणना फॉर्म को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर अपने हस्ताक्षर करें और बीएलओ को वापस दे दें। यदि मतदाता घर पर नहीं हैं, तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य सभी सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को दे सकता है। जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सम्मिलित किए जाएंगे, जिसका प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को होगा। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सभी मतदाता समय पर अपना फॉर्म भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि किसी का नाम सूची से छूटे नहीं। उन्होंने बताया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं है, उनके लिए दूसरा चरण चलेगा।

# विद्युत संशोधन विधेयक वापस ले सरकार

लखनऊ, वार्ता

■ एआईपीईएफ ने की सरकार से मांग

ऑल इंडिया पावर इंजी. नियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने केंद्रीय विद्युत मंत्री को ड्राफ्ट विद्युत (संशोधन) विधेयक 2025 पर अपनी टिप्पणियां सौंपते हुए विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग की है। इंजीनियरों का कहना है कि विधेयक का उद्देश्य पूरे बिजली क्षेत्र का निजीकरण करना है, जो किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आत्मघाती साबित होगा।

एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने बताया कि यदि यह विधेयक लागू हुआ, तो दशकों में बनी एकीकृत और सामाजिक रूप से संचालित बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी और बिजली वितरण व उत्पादन के सबसे लाभदायक हिस्से निजी कंपनियों के हाथ सौंप दिए जाएंगे जबकि घाटा और सामा. जिक दायित्व सार्वजनिक क्षेत्र को ही उठाने पड़ेंगे।

दुबे ने कहा कि यह विधेयक सार्वजनिक हित में क्षेत्र को सहारा देने के बजाय बड़े पैमाने पर निजीकरण, व्यावसाईकरण और भारतीय बिजली प्रणाली के केंद्रीकरण का रास्ता साफ करने के लिए बनाया गया है। यह सार्वजनिक उपयोगिताओं की वित्तीय स्थिरता, उपभोक्ताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों, भारतीय राज्य की संघीय संरचना और देशभर में लाखों बिजली क्षेत्र कर्मचारियों की आजीविका को खतरे में डालता है। उन्होंने कहा कि लागत-प्रतिबिबी टैरिफ (कास्ट रिफ्लेक्टिव टैरिफ) का प्रावधान और क्रॉस-सब्सिडी की वापसी से किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ असहनीय हो जाएगा। दुबे ने बताया कि पहले भी वर्ष 2014, 2018, 2020, 2021 और 2022 में केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय ने विद्युत (संशोधन) विधेयक पेश किए थे, लेकिन कर्मचारी-विरोधी, किसान-विरोधी और उपभोक्ता-विरोधी प्रावधानों के कारण तथा बिजली इंजीनियर्स, बिजली कर्मचारी, किसान संगठन, उपभोक्ता मंच और कई राज्य सरकारों के कड़े विरोध के चलते ये विधेयक पारित नहीं हो सके।

# पर्यटन नीति-2022 के तहत यूपी में खुलेंगे वेलनेस सेंटर

लखनऊ, वार्ता



उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने पर्यटन नीति-2022 के अंतर्गत व्यक्तियों, संस्थाओं और उद्यमियों को प्रदेशभर में वेलनेस सेंटर स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया है। इस पहल का उद्देश्य योग, प्राकृतिक चिकित्सा और पारंपरिक भारतीय उपचार पद्धतियों के माध्यम से आध्यात्मिकता और पर्यटन को एक सूत्र में जोड़ना है।

प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में लोग तेजी से वेलनेस आधारित जीवनशैली अपना रहे हैं। ऐसे में प्रदेश में वेलनेस सेंटरों की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक वेलनेस पद्धति से जोड़ना है। इससे पर्यटकों को आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी और होम्योपैथी जैसी आयुष पद्धतियों का अनुभव प्राप्त होगा। पर्यटन नीति-2022 के अनुसार वेलनेस सेंटरों को अनुभव आधारित पर्यटन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। प्रत्येक वेलनेस सेंटर में कम से कम पांच थेरेपी कक्ष होना अनिवार्य होगा, जहां आयुष पद्धतियों पर आधारित विशेष उपचार और सेवाएं प्रदान की जाएंगी। वहीं वेलनेस रिज़ॉर्ट के लिए कम से कम एक एकड़ भूमि और 20 कमरे आवश्यक हैं, साथ ही थेरेपी और योग गति. विधियों के लिए अलग परिसर भी होना चाहिए। पर्यटन विभाग का मानना है कि ऐसे वेलनेस सेंटर उन पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करेंगे, जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और समग्र जीवनशैली सुधार की तलाश में रहते हैं। मंत्री ने बताया

### सपा मुखिया अखिलेश से मिलने के बाद बोले आजम खान

# अब भी जिंदा हैं पत्थर से मजबूत लोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान ने शुक्रवार को लखनऊ में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवास पर पहुंच कर उनसे मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ बेटे अब्दुल्ला आजम भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं के बीच करीब 45 मिनट तक चली यह बैठक राजनीतिक रूप से काफी अहम मानी जा रही है, जिससे राजधानी के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

आजम खान से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कहा कि न जाने कितनी यादें संग ले आए, जब वो आज हमारे घर पर आए। ये जो मेलमिलाप है यही हमारी साझा विरासत है। वहीं बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में आजम खान ने कहा कि आज मेरे आने का मकसद सिर्फ इतना था कि लोगों को बता सकूं कि आज भी इस धरती पर कुछ ऐसे लोग जिंदा हैं, जिनकी सहनशीलता किसी पत्थर और पहाड़ से ज्यादा मजबूत है। अपने सादे जीवन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे घर में कल भी जनरेटर नहीं था, आज भी नहीं है, और जब तक मेरे समाज के हर व्यक्ति के घर में जनरेटर नहीं लग जाएगा, मैं भी जनरेटर नहीं रखूंगा। आजम खान ने कहा कि आज ऐसा दौर है, जब लोग हजारों किलोमीटर चलकर मिलने आते हैं और गले लगते हैं, उनमें से कई मेरे धर्म के भी नहीं हैं। यही असली बदलाव है और यह बदलाव महसूस भी हो रहा है। जेल में बिताए समय को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर मुझे कभी इतना वक्त मिला कि मैं कुछ लिख सकूं, तो मैं दावा करता हूं कि आप उसे पढ़ नहीं सकेंगे। बिहार के मौजूदा चुनावी माहौल पर तंज करते हुए आजम खान ने कहा कि यहां बादशाह से लेकर वजीर तक कहते हैं कि बिहार में जंगलराज है, लेकिन जंगल में कौन रहता है, इंसान तो नहीं। अगर मैं उस 'जंगलराज' में चला जाऊं, तो देख लेना, मैं अपना सिर रेल की पटरी पर नहीं रखूंगा। आजम खान ने कहा कि लोग कह रहे हैं कि बिहार में बदलाव आने वाला है और जब लोग कहते हैं, तो शायद सही कहते हैं। अपने ऊपर दर्ज मामलों को लेकर उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि अगर 'तनखइया' कहने पर मेरी सदस्यता जा सकती है, मुर्गी चोरी पर 21 साल की सजा और 30 लाख का जुर्माना हो सकता है, तो फिर दूसरे लोग क्यों माहौल खराब करें।



मेरे घर में कल भी जनरेटर नहीं था, आज भी नहीं: आजम खान



जब आजम हमारे घर आए न जाने कितनी यादें अपने संग लेकर आए: अखिलेश

### नई पीढ़ी कट्टर विचारों के खिलाफ: सपा

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट साझा कर बिना नाम लिए भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी किसी भी तरह के कट्टर विचारों के खिलाफ होती है। यादव ने लिखा कि 'नई पीढ़ी' इसीलिए नई कही जाती है, क्योंकि उसकी सोच नई होती है, पुरानी नहीं। नई पीढ़ी आने वाले कल की ओर खुले नज़रिए से देखती है। वह पिछली पीढ़ियों की तुलना में अधिक प्रगतिशील होती है और उसका सोचने का दायरा बहुत बड़ा होता है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी दुनिया भर को न केवल अनुभव करना चाहती है, बल्कि गले भी लगाना चाहती है। नई पीढ़ी का नेचर इंक्लूसिव और एकमोडेटिंग होता है। उसमें भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं होती। वह हर धर्म, पंथ और विचार के प्रति सहनशील होती है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि नई पीढ़ी के विचार 'फ्लेक्सिबल और मानवीय' होते हैं। वह सबको सुनना, समझना चाहती है।



**सेंसेक्स** 83311.01
**निफ्टी** 25492.30



**सोना रु.** 120231
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 148010
प्रति किलो



# सेंसेक्स और निफ्टी में रही हल्की गिरावट

मुंबई, वार्ता



वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं और विदेशी संस्थागत निवेशकों के बीच शुक्रवार को शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के साथ स्थानीय शेयर में नरमी का सिलसिला बना रहा और बीएसई-30 संसेक्स और निफ्टी-50 हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। वाहन, वित्तीय सेवा और बैंकिंग क्षेत्र के शेयरों ने बाजार को बड़ी गिरावट से बचा लिया। प्रमुख सूचकांकों में गुरुवार को भी गिरावट दर्ज की गई थी।

बीएसई संसेक्स सूचकांस 83,311.01 के पिछले बंद की तुलना में आज सुबह तेजी से गिरावट के साथ 83,150.15 पर खुला और नीचे में 82,670.95 तक गिरने के बाद अपराह्न के कारोबार में काफी हद तक संभल गया और कारोबार के अंत में 83,216.28 पर बंद हुआ। यह कल की तुलना में 94.73 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (निफ्टी) का 50 प्रमुख शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 50 भी उतार चढाव भरे कारोबार में 17.40 अंक यानी 0. 07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,492.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 25,433.80 पर तेजी से गिरावट के साथ खुल कर 25,318.45 तक नीचे चला गया था। अपराह्न के सत्र में यह एक बार 25,551.25 के स्तर तक चढ़ गया था। बीएसई में आज लाभ और हानि में रहे शेयरों की संख्या बराबर रही और बैंकिंग तथा प्रौद्योगिकी शेयरों में मिलाजुला रुख दिखा। लाभ में रहे 15 शेयरों में बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, अडानी पोर्ट्स, बीईएल, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, कोटक बैंक, सन फार्मा, मारुति, एटर्नल और एलएंडटी शामिल हैं। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स 0.76 प्रतिशत सुधर कर 27,238.75, निफ्टी बैंक 0.56 प्रतिशत सुधर कर 57,876.80 और व्यापक आधार वाला निफ्टी- 100, 0. 04 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 26144.20 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 में 0.63 प्रतिशत और निफ्टी ऑटो में 0.57 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। ब्रोकरेज फर्म जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू शेयर बाज़ार शुरुआती गिरावट से उबर गए, क्योंकि शुरुआती गिरावट के बाद कारोबार के दौरान विभिन्न स्तरों पर खरीदारी बढ़ गई थी। नायर की राय में कंपनियों के मिश्रित तिमाही नतीजों, सतर्क वैश्विक संकेतों और लगातार विदेशी संस्थागत निवेशकों की निक. ासी के बीच इसे रुझान में बदलाव कहना अभी जल्दबाजी होगी।

### आज फिर लुढ़की सोना और चांदी की कीमत

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहे हैं। कभी कीमतें बढ़ती हैं, तो कभी घटती हैं। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार शुक्रवार दोपहर तक 24 कैरेट सोने की कीमत घटकर 1,20,231 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। वहीं चांदी का भाव घटकर 148,010 रुपये प्रति किलो हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव बढ़कर 1,21,133 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। दूसरी ओर चांदी की वायदा कीमत 1,598 रुपये बढ़कर 1,48,667 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक व्यापारियों की ताजा लिवाली और मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत दो दिनों की गिरावट के बाद गुरुवार को 600 रुपये बढ़कर 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। संघ ने बताया कि 99.5 प्रतिशत शुद्धता (23 कैरेट) वाले सोने की कीमत भी 600 रुपये बढ़कर 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

# यात्री वाहनों, दुपहिया की खुदरा बिक्री ने बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** त्योहारी मांग और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में नई पीढ़ी के सुधारों के कारण अक्टूबर में यात्री वाहनों और दुपहिया की खुदरा बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया। वाहन डीलरों के संगठन फाडा द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अक्टूबर 2025 में यात्री वाहनों की बिक्री 11.35 प्रतिशत बढ़कर 5,57,373 इकाई पर पहुंच गई। दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर अक्टूबर में 51.76 प्रतिशत बढ़कर 31,49,846 इकाई दर्ज की गई। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने कहा कि वाहनों की खुदरा बिक्री के मामले में अक्टूबर 2025 मील के पत्थर के तौर पर याद किया जाएगा।

जीएसटी सुधारों, ग्रामीण मांग बढ़ने और त्योहारी मांग रहने से रिकॉर्डतोड़ परिणाम सामने आए हैं। यात्री वाहनों और दुपहिया दोनों की बिक्री अब तक के उच्चतम स्तर पर दर्ज की गई जो उपभोक्ता विश्वास में नई ऊर्जा और अर्थव्यवस्था में अंदरूनी लहर को दिखाता है। तिपहिया की बिक्री 5.43 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,29,517 इकाई दर्ज की गई, हालांकि इसमें ई-रिक्शा की बिक्री में 15.60 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रैक्टरों की बिक्री 14.22 फीसदी की वृद्धि के साथ 73,577 पर और वाणिज्यिक वाहनों की 17.69 प्रतिशत बढ़कर 1,07,841 पर पहुंच गई। वाहनों की कुल बिक्री में 40.53 फीसदी का जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया और यह 40,23,923 इकाई रही।



फाडा ने बताया कि अक्टूबर में ग्रामीण भारत मांग में वृद्धि का नया ईंजन बनकर उभरा है। उसने अनुकूल मानसून, कृषि आय में वृद्धि और सार्वजनिक बुनियादी ढांचों में सुधार को इसकी वजह बताई है। मौजूदा वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में अप्रैल से अक्टूबर तक वाहनों की कुल बिक्री में 10.73 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और यह 1,63,91,421 इकाई पर पहुंच गई। इसमें दुपहिया की बिक्री 12.63 प्रतिशत बढ़कर 1,19,94,390 इकाई और यात्री वाहनों की 5.76 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 25,19,348 इकाई हो गई।

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ताओं का चौथा दौर पूरा

■ मंत्रिस्तरीय भागीदारी हुई, दोनों देश समझौता शीघ्र सम्पन्न करने को तत्पर

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ताओं का चौथा दौर शुक्रवार को न्यूजीलैंड में समाप्त हुआ, जिसमें दोनों पक्षों की ओर से मंत्रिस्तरीय भागीदारी हुई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हम भारत और न्यूजीलैंड के बीच बढ़ते रणनीतिक और आर्थिक सहयोग के अनुरूप, एक संतुलित, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते के शीघ्र समापन की दिशा में काम करने के लिए तत्पर हैं।

चौथे दौर की यह बातचीत तीन सितम्बर को ऑकलैंड में शुरू हुई थी। इसी सिलसिले में अधिकारियों के दल के साथ पीयूष गोयल भी न्यूजीलैंड के दौरे पर थे। इस दौरान भारत के वाणिज्य एवं उद्योग जगत का एक शिष्टमंडल भी वहां गया हुआ था। गोयल ने चौथे दौर की समाप्ति पर कहा कि वार्ताओं का यह दौर दोनों देशों की ओर से एक दूसरे के सामान को अपने बाजारों में मुक्त प्रवेश देने, सेवा व्यापार के उदारीकरण, आर्थिक और तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर केंद्रित था। गोयल ने इस दौरे में न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री कैक्ले और अन्य अधिकारियों के अलावा एयर न्यूजीलैंड के सीईओ निखिल रविशंकर और वहां के उद्योग व्यापार जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों के साथ साथ प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से भी मुलकात की। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष मेरे मित्र और समकक्ष, टॉड मैक्ले के साथ बैठक के साथ न्यूजीलैंड की मेरी उपयोगी यात्रा समाप्त हुई। भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ता का चौथा दौर वस्तु बाजार में प्रवेश, सेवाओं, आर्थिक और तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर कें. द्रित था। गोयल ने कहा कि उन्होंने इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के व्यापार जगत की प्रमुख हस्तियों के साथ बैठकें कीं और कई कार्यक्रमों में भाग लिया। ए बैठकें और कार्यक्रम दोनों देशों के बीच मज़बूत जन-जन और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाते हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का कहना है दोनों देश एक एक संतुलित, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी को आगे बढ़ाने की दिशा में बढ़ने के लिए प्रयासरत हैं।

# कभी देश को झकझोर देने वाले गीत वंदे मातरम की धुनों से गूंजे साउथ ब्लॉक के गलियारे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देश भर में मनाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान रक्षा मंत्रालय यानी 'साउथ ब्लॉक' के गलियारे भी शुक्रवार को 'सुजलाम, सुफलाम, मलयज शीतलाम, शस्यश्यामलम, मातरम, वंदे मातरम' की शाश्वत पंक्तियों से गूंज उठे।

राजपूत रेजिमेंटल सेंटर, फतेहगढ़, उत्तर प्रदेश के सैन्य बैंड ने इस अवसर पर एक विशेष प्रस्तुति में अपनी मधुर धुनों से इस भावपूर्ण गीत को जीवंत कर दिया। इस समारोह में सेना उप प्रमुख पुष्पेंद्र सिंह और साउथ ब्लॉक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बाद में सभी उपस्थित लोग राष्ट्रीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण में शामिल हुए, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साउथ ब्लॉक में प्रस्तुति देने वाले सैन्य बैंड में 2 जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) और 23 अन्य रैंकों सहित 25 सदस्य शामिल थे। इससे पहले 2014 में भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के जन्मदिन समारोह में भी यह बैंड प्रस्तुति दे चुका है। आज की प्रस्तुति में इस बैंड का नेतृत्व नायब सूबेदार लक्ष्मण सिंह ने किया। साल भर चलने वाले समारोह के दौरान आकाशवाणी, दूरदर्शन और एफएम रेडियो चैनलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### अल्पसंख्यक आयोग ने मनाया 'वंदे मातरम' का स्मरणोत्सव समारोह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) ने राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को बताया गया कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने यहां राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सचिव अलका उपाध्याय ने आयोग के अधिकारियों के साथ सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' के गायन में भाग लिया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगा। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# राष्ट्रगीत ‘वन्दे मातरम’ के 150 वर्ष पूर्ण होने पर योगी ने किया सामूहिक गायन

## ‘वन्दे मातरम’ भारत की भक्ति व शक्ति की शाश्वत अभिव्यक्ति है: योगी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रगीत ‘वन्दे मातरम’ के रचयिता स्वर्गीय बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को नमन करते हुए कहा कि यह गीत भारत की भक्ति और शक्ति की शाश्वत सामूहिक अभिव्यक्ति है। यह वही अमर मंत्र है जिसने स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान भारतवासियों के हृदय में स्वाधीनता का ज्वार भरा था। विदेशी हुकूमत के दमन और यातनाओं के बावजूद स्वतंत्रता सेना. नियों ने इसी गीत को गाकर जन-जन में चेतना का संचार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लोक भवन में आयोजित राष्ट्रगीत ‘वन्दे मातरम’ के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ‘वन्दे मातरम’ के सामूहिक गायन और स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया और संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि ‘वन्दे मातरम’ किसी व्यक्ति, जाति, मत, मजहब या क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं करता, बल्कि यह सम्पूर्ण भारत की एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है।

संस्कृत और बांग्ला भाषा में रचित यह गीत भारत माता के प्रति समर्पण और एकात्मता का भाव जगाता है। सन् 1905 में बंग-भंग के समय जब अंग्रेजों ने भारत की एकता पर प्रहार किया, तब इसी गीत ने देशवासियों को एक सूत्र में बांधकर ब्रिटिश शासन के विरोध में खड़ा किया। क्रांतिकारियों ने फांसी के तख्ते पर चढ़ते समय भी ‘वन्दे मातरम’ का गान किया कृ यही इसका अमरत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का उपन्यास आनंद मठ भारत के पुनर्जागरण की चेतना का आधार बना। इसी उपन्यास से निकला ‘वन्दे मातरम’ गीत आज भी राष्ट्रीयता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह गीत किसी उपासना विधि का आग्रह नहीं करता, बल्कि अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है। बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर ने भी यही कहा था कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन ही समाज और राष्ट्र की उन्नति का मार्ग है। उनहोंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश पिछले आठ वर्षों में जिस ऊंचाई पर पहुंचा है, वह सामूहिक कर्तव्य भावना का परिणाम है। कोविड-19 महामारी के समय शासन, प्रशासन, चिकित्सक, शिक्षक और जवानों ने नि:स्वार्थ भाव से सेवा कर यह सिद्ध किया कि जब प्रत्येक नागरिक अपने दायित्वों का पालन करता है, तभी ‘वन्दे मातरम’ का भाव साकार होता है।

### राज्य मंत्रियों की मौजूदगी में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्या द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम के सामूहिक गायन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार सीतापुर में किया गया। इस अवसर पर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू एवं कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही सहित जनप्रतिनिधियों मौजूद रहे।

प्रतिनिधियों की मौजूदगी के दौरान राष्ट्रगीत ह्वंदे मातरमह्न का सामूहिक गायन भी किया गया। राज्यमंत्रीगणों ने कार्यक्रम के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इस प्रकार क आयोजनों से आमजनमानस में देशप्रेम की भावना का संचार होगा तथा सभी लोग राष्ट्र सर्वांगीण विकास में अपना योगदान दे सकेंगे। उन्होंने शासन द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की भी जानकारी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा राजागणपति आर ने सभी को आश्वस्त करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री जी एवं शासन के निर्देशानुसार जनपद के सर्वांगीण विकास एवं लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्रों का लाभान्वित किये जाने हेतु व्यापक स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा कार्य किये जायेंगे। उन्होंने सभी का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक मिश्रिख, नगर पालिका अध्यक्ष सीतापुर नेहा अवस्थी, जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम सहित संबंधित अधिकारी एवं आमजनमानस उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राज शर्मा द्वारा किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में धान खरीद को लेकर कार्यशाला हुई आयोजित

## जिले के 99 क्रय केंद्रों पर धान खरीद शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज अमेठी।** शुक्रवार को जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा, समस्त क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक, क्रय एजेंसियां, भारतीय खाद्य निगम डिपो के प्रबंधक व केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे।



कार्यशाला में डीएम ने बताया कि 01 नवम्बर 2025 से जनपद में धान खरीद प्रारंभ हो गई है जिसके लिए जनपद में 99 क्रय केंद्र बनाए गए हैं इस वर्ष जनपद में 140000 एमटी खरीद का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक 48 किसानों से 289.44 एमटी की खरीद की जा चुकी है। इसके साथ ही धान का समर्थन मूल्य सामान्य धान 2369 रुपए तथा ग्रेड ए का धान 2389 रुपए मूल्य निर्धारित है। कार्यशाला में उन्होंने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए की सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें जिससे खरीद के समय किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि किसानों से निरंतर समन्वय बनाकर रखें तथा उन्हें अपना धान क्रय केंद्रों पर ही बेचने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी धान खरीद सुचारू रूप से की जाए। जिन क्रय केंद्रों पर ज्यादा भीड़ हो वहां पर टोकन की व्यवस्था करें तथा टोकन के अनुसार ही किसानों का धान क्रय करें।

## अवैध असलहों के साथ 2 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** सकरन थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में नाकेबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने विश्व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फूंकना पुरवा काजीपुर निवासी रोज अली पुत्र स्वर्गीय आशिक अली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने रोज अली के खिलाफ सकरन थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। इधर कमलापुर थाना पुलिस ने कमलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुरसंडा निवासी मोतीलाल पुत्र सुखदेव को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

# इकलौते बेटे को जन्मदिन पर बुलेट दी, उसी से हो गई मौत

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसे ने एक परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं।

वकील संतोष कुमार के इकलौते बेटे वैभव की मौत उसी बुलेट मोटरसाइकिल से हो गई, जो पिता ने उसे जन्मदिन पर भेंट की थी। बताया गया है कि वैभव आज सुबह लगभग सात बजे अपनी बहन को स्कूल छोड़ने गया था। लौटते समय जब वह अपने दोस्त के साथ घर की ओर जा रहा था, तभी स्कूल से कुछ ही दूर एक बस पीछे हो रही थी और उसी दौरान वैभव उसकी चपेट में आ गया। टक्कर लगने से बुलेट का संतुलन बिगड़ गया और दोनों युवक गिर पड़े। वैभव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है और उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि हादसे में बुलेट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूत्रों के अनुसार, वैभव नाबालिग था और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। उसने हेलमेट भी नहीं पहना था, बल्कि हेलमेट अपने दोस्त को दे रखा था, जिसकी वजह से दोस्त की जान बच गई। मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि अगर वैभव ने हेलमेट पहना होता, तो शायद उसकी जान बच सकती थी। घटना के बाद लोगों ने बस चालक को पकड़ लिया और उसे स्कूल में बंद कर दिया, लेकिन वैभव के पिता ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई से साफ इन्कार कर दिया। उन्होंने बेटे का पोस्टमार्टम भी नहीं कराया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव उन्हें सुपुर्द कर दिया। आलमबाग इलाके में स्थित वैभव के घर में मातम पसरा हुआ है। शहर के इस इलाके में इस घटना की चर्चा है कि कैसे एक बर्थडे गिफ्ट ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। यह हादसा युवाओं के लिए चेतावनी है कि वाहन चलाते समय सुरक्षा नियमों का पालन कितना जरूरी है।

# सरकार एसआईआर व्यवस्था की तैयारी छोड़कर बयानबाजी में जुटी: लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने एसआईआर व्यवस्था पर सरकार की तैयारियों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लागू की जा रही यह नई व्यवस्था जनता, व्यापारियों, छात्रों और स्थानीय संस्थानों के लिए भ्रम और अव्यवस्था का कारण बन गई है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना किसी पूर्व तैयारी, चर्चा या दिशा-निर्देश के ‘एस.आई.आर.’ को लागू कर दिया। जनता को यह तक नहीं बताया गया कि यह व्यवस्था अनिवार्य है या वैकल्पिक, और इसका प्रभाव किस पर पड़ेगा। राज्य के विभिन्न कार्यालयों से अलग-अलग जानकारी दी जा रही है, जिससे लोग असमंजस में हैं। चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि लोग इस व्यवस्था को लेकर फार्म भरने और जानकारी लेने के लिए कतारों में खड़े हैं, लेकिन प्रशासन के पास कोई स्पष्ट जवाब नहीं है। यह सरकार की प्रशासनिक और तकनीकी तैयारी की पोल खोलता है।

# डीएम ने बाहापुर प्राथमिक विद्यालय व गोआश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार बाहापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय तथा गो आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय बाहापुर पहुंचकर छात्र-छात्राओं से पढ़ाई की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने बच्चों से पाठ्य पुस्तकों की पाठन सामग्री पढ़वाई तथा उनसे मध्यान्ह भोजन, कापी-किताब, ड्रेस, स्वेटर, जूते-मोजे आदि की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिला.





धिकारी ने विद्यालय के उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन करते हुए प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को बच्चों को पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ शिक्षित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विद्यालय में शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा विद्यालय परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए। विद्यालय निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी गो आश्रय स्थल बाहापुर पहुंचे। यहां उन्होंने गोवंशों के संरक्षण, आहार, चिकित्सा और साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने केयरटेकर को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी गोवंशों को नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में भूसा, पशु आहार और हरा चारा उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने गौशाला में भूसे, पानी और हरे चारे की उपलब्धता की भी गहनता से समीक्षा की तथा बीमार गोवंशों की पशु चिकित्साधिकारी द्वारा नियमित देखरेख और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टाक रजिस्टर, टीकाकरण रजिस्टर, चारा/भूसा रजिस्टर तथा केयरटेकर भुगतान अभिलेखों का भी अवलो. कन किया और सभी अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि कमजोर और बीमार गोवंशों की देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा गौशाला परिसर में साफ-सफाई की स्थिति को और बेहतर बनाया जाए।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान तेज

## हर घर पहुंचेगा गणना पत्र, किसी मतदाता का नाम सूची से न छूटे: रिणवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को गति मिल गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भाग लें और सुनिश्चित करें कि उनका नाम मतदाता सूची में सही दर्ज हो। उन्होंने कहा कि सटीक और शुद्ध निर्वाचक नामावली ही लोकतंत्र की सच्ची आधारशिला है।

राज्य भर में बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर गणना पत्र (एन्यूमरेशन फार्म) वितरित कर रहे हैं। मतदाताओं से अनुरोध है कि वे इस फार्म को ध्यानपूर्वक भरकर, हस्ताक्षर सहित समय पर बीएलओ को लौटाएं। यदि मतदाता अनुपस्थित हों, तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य फार्म भरकर जमा कर सकता है।

जो फार्म समय पर लौटाए जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल होंगे, जिसका प्रकाशन नौ दिसम्बर को किया जाएगा। रिणवा ने बताया कि जिन नागरिकों के नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं, उनके लिए नौ दिसम्बर के बाद दूसरा चरण चलेगा। इसमें संबंधित एसडीएम कार्यालय (ईआरओ) द्वारा सत्यापन किया जाएगा। नागरि. कता प्रमाण के लिए आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या बिजली बिल जैसे दस्तावेज प्रस्तुत किए जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी कहा कि जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है या जो स्थायी रूप से दूसरे स्थान पर बस गए हैं, उनके परिवार के सदस्य पीले फार्म के माध्यम से बीएलओ को जानकारी दें ताकि ऐसे नाम सूची से हटाए जा सकें। उन्होंने बताया कि राजनीतिक दलों के प्रति. निधि भी इस अभियान में सहयोग कर रहे हैं ताकि निर्वाचक नामावली अधिक पारदर्शी और त्रुटिरहित बने। रिणवा ने कहा कि सभी नागरिक अपने गणना पत्र समय पर भर दें ताकि सात फरवरी 2026 को प्रका. शित होने वाली अंतिम मतदाता सूची पूरी तरह सही और अद्यतन हो।

## वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाकर किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने ट्रैक्टर और ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मौसम सर्द हो गया है। ऐसे में को. हरा पड़ने की आशंका अधिक रहती है। किसान अपने ट्रैक्टर ट्रालियों से गन्ना बेचने के लिए चीनी मिल जा रहा है, धान बेचने के लिए भी मंडी को जा रहा है। ऐसे में हादसों से बचने के लिए ट्रैक्टर और ट्रालियों में रिफ्लेक्टर बहुत जरूरी है । वही वाहन चालक यातायात के नियमों का भी पालन करें। कोहरा पड़ने के ख्रष्टिगत सभी से अनुरोध किया गया कि अपने वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाए।

# सैनिक स्कूल अमेठी ने किया ‘वंदे मातरम’ के सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** सैनिक स्कूल अमेठी में आज 7 नवम्बर 2025 को प्रात: 10.00 बजे वंदे मातरम (पूर्ण गीत) का सामूहिक गायन बड़े उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम देशभर के सभी सैनिक स्कूलों में एक साथ आयोजित किया गया, जो ष्वंदे मातरम 150ष अभियान का प्रथम चरण था। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी के उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण भी स्कूल में देखा गया, जो प्रात: 10.35 बजे प्रसारित हुआ। विद्यालय के कैडेट्स एवं



समस्त स्टाफ ने पूरे उत्साह के साथ इस राष्ट्रीय अभियान में भाग लिया। विद्यार्थियों ने राष्ट्रगीत ह्वंदे मात. रमह्न का सामूहिक गायन करते हुए मातृभूमि के प्रति समर्पण एवं एकता का संदेश दिया।

इसके अतिरिक्त वंदे मातरम कराओके अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपने स्वर में वंदे मातरम गीत रिकार्ड कर अभियान की आधिकारिक पर अपलोड किया। विद्यालय द्वारा किए गए सभी कार्यक्रमों का विवरण उक्त पोर्टल पर अपलोड किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की संख्या का विशेष उल्लेख किया गया। यह आयोजन देशभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को सुख्रढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रहा।

# संदना क्षेत्र में तेंदुए की दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** सन्दना क्षेत्र में इन दिनों तेंदुए की दहशत बरकरार है। ग्रामीणों का कहना है की क्षेत्र में दो से तीन तेंदुए हो सकते हैं । बुधवार की रात करीब 8 बजे बिराहिमपुर गांव के पश्चिम रास्ते पर दूध खरी. दने जा रहे गाड़ी चालक को भी तेंदुआ दिखा।

चालक के साथ बैठे अन्य व्यक्ति ने भी तेंदुए का वीडियो बनाया यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है । वीडियो वायरल होते देखा वन विभाग ने सूझ बूझ के साथ गुरुवार को खेउटा रामपुर स्थित मुनेंद्र अवस्थी के फार्म हाउस के आसपास तेंदुए के पगचिन्ह देखे गए। इसके बाद वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई और क्षेत्र में लगातार कांबिंग कर रही है। गुरुवार शाम को खेउटा गांव के दक्षिण में वन विभाग ने पिंजरा लगाया है क्षेत्रीय वन दरोगा अनिल यादव ने बताया की रामपुर क्षेत्र के दक्षिण में पिंजरा लगाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि लगातार वे लोग कांबिंग भी कर रहे हैं। ताकि जल्द से जल्द तेंदुआ को पकड़ा जा सके।

जिस जगह पर पिंजरा लगाया गया है, उस जगह से एक किलोमीटर की दूरी पर 2020 में भी एक तेंदुए को पकड़ा गया था।

# मछली व्यवसाई की संदिग्धावस्था में मौत

## बोले परिजन राजू की पिटाई से हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिले के इन्हौना थाना क्षेत्र अन्तर्गत मियां का पुरवा गांव में मछली व्यवसायी जावेद उर्फ राजू द्घ45 वर्षद्ध की संदिग्ध मौत से सनसनी फैल गई।

परिजनों ने पीट-पीटकर हत्या का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। परिजनों के अनुसार, जावेद देर रात अपने साथी सुहेल पुत्र शरीफ के साथ इन्हौना चौराहा गए हुए थे। कुछ देर बाद सुहेल अकेले बाइक लेकर पुन: लौटे भी थे और यह भी बताया कि ह्राजू शराब पीकर थोड़ी देर में आ रहे हैं। बाद में जावेद दक्षिण मोहल्ला निवासी नन्द लाल पुत्र हुबलाल के घर के पास गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े हुए मिले। शरीर पर मारपीट के कई गहरे निशान थे। परिजन तुरंत टेंपो से उन्हें अरमा हास्पिटल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जावेद आखिरी सांस तक कह रहे थे, मुझे नन्द लाल ने मारा है, मुझे अस्पताल ले चलो, मृतक की पत्नी सगीरूनिशा, मां जाहिदुन, बेटे नावेद, आसिर, मोहम्मद फेज, मोहम्मद जैद और बेटियां नजवीम, कामनी, सिफा का रो-रोकर बुरा हाल है।

इस घटना की सूचना मिलते ही इन्हौना थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने मामले को संज्ञान लेते हुए घटना स्थल पर पहुंचे और मौके की जांच पड़ताल भी किया वहीं इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा ने भी घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए पीड़ित परिवार को हरसंभव न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है। इस मामले में इन्हौना थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की तिथि एक साल बढ़ाई जाए: मौलाना

**लखनऊ।** शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने कहा है कि उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना हर जिम्मेदार व्यक्ति का फर्ज है ताकि औकाफ संपत्तियां सुरक्षित रह सकें।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अपने मस्जिदों, इमामबाड़ों और कब्रिस्तानों का पंजीकरण शीघ्र कराएं। मौलाना नकवी ने शिया वक्फ बोर्ड के अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे शहरों, कस्बों और गांवों में कार्यशालाओं का आयोजन कर लोगों को उम्मीद पोर्टल की प्रक्रिया से अवगत कराएं, जिससे वक्फ संपत्तियों का सही ढंग से रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने ग्रामीण इलाकों और छोटे कस्बों में मौजूद मस्जिद, इमामबाड़ा, कब्रिस्तान और दरगाह समितियों से अपील की कि यदि उनकी संस्थाएं अभी तक शिया वक्फ बोर्ड में दर्ज नहीं हैं, तो वे बोर्ड से संपर्क कर अपनी संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने भारत सरकार से मांग की है कि उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि पांच दिसम्बर दो हजार पच्चीस को एक वर्ष के लिए बढ़ाकर पांच दिसम्बर दो हजार छब्बीस कर दी जाए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा ‘सुमन’**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कैंसर से बचने को समय पर जांच जरूरी

## वेंक्टेश्वरा में कैंसर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** श्री वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी के प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने कहा कि कैंसर एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन समय पर यदि इसका पता चल जाये तो दवाईयों द्वारा इसे रोका जा सकता है। इसके लिये समय पर जांच जरूरी है।

यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर संगोष्ठी एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल ऑफ फार्मेसी, पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं ने भाग दिया। वह लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करते चल रह थे। कार्यक्रम में बोलते प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने कहा कि कैंसर एक जानलेवा बीमारी है। यदि हम गंभीरता से सोचे तो इसे बढ़ने से रोका जा सकता है। समय पर इसका जांच जरूरी है। उन्होंने कहा

### रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

कि लोगों में आज जो धूमपान की लत बढ़ती जा रही है वह भी कैंसर के लिये कम जिम्मेदार नहीं है। इसके अलावा खाने पीने की वस्तुओं में अत्याधिक कीटनाशक का प्रयोग भी इस बीमारी को बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें इस बीमार के प्रति खुद तो जागरूक होना ही होगा बल्कि दूसरों को भी आगाह करना होगा। सिगरेट व अन्य प्रकार के तम्बाकू का प्रयोग न करने के लिये हम सभी को जागरूकता अभियान चलाना होगा। उन्होंने कहा कि यदि प्रथम अवस्था में इसका पता चल जाये तो दवाईओं द्वारा इसे बढ़ने से रोका जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील करते कहा कि वह धूमपान की लत को छोड़कर समाज से इस बीमारी को भगाने में सहयोग दें। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर तथा रैली को हरी झंडी दिखाकर की गई। इस मौके पर डा. सुरेश मेहता, डा. पीयूष पांडेय, डीन डा. ऐन ऐरिक ब्राउन, डा. ओमप्रकाश गौसाई, डा. अश्वनी सक्सेना, डा. राजेश सिंह, डा. मीनष शर्मा, डा. मंजरी राणा, अनुषा कर्णवाल, जूही, मौजूद रहीं।



गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विवि में रैली निकालकर कैंसरके प्रति लोगों को जागरूक करते छात्र-छात्राएं।

# एसआईआर फार्म नहीं भरा, तो कट जाएगा नाम

## शुद्ध मतदाता सूची के लिए शुरू हुआ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शुक्रवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण (ैप्) के संबंध में बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्हें गणना प्रपत्र वितरित किए गए और बताया गया कि यह फॉर्म किस प्रकार घर-घर पहुंचाकर भरवाया जाएगा तथा ऑनलाइन फार्म भरने की पूरी प्रक्रिया क्या होगी।

एसडीएम ने बीएलओ को निर्देश दिए कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि एसआईआर फार्म को भरना और वापस करना अत्यंत आवश्यक है, अन्यथा मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं हो पाएगा। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा मजबूत लोकतंत्र की नींव सही और शुद्ध निर्वाचक नामावली पर टिकी होती है। मतदाता जागरूक बनें और इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। जो लोग एसआईआर फार्म भरकर नहीं देंगे, उनके नाम मतदाता सूची में नहीं रह पाएंगे। उन्होंने बताया कि बीएलओ अब घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। मतदाताओं से अपील है कि फॉर्म को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर हस्ताक्षर करें और समय पर बीएलओ को वापस दें। यदि मतदाता घर पर मौजूद न हों तो परिवार का कोई वयस्क सदस्य भी फॉर्म भरकर दे सकता है। इस दौरान नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, बीआरसी गौरव शर्मा आदि समेत सुपरवाइजर व बीएलओ मौजूद रहे।



## देशभक्ति का प्रतीक वंदेमातरम गीत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर।** वंदेमातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जीएमएस कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने सामुहिक रूप से इसका बयान किया। जबकि राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ ली। संस्थान के अध्यक्ष शाहनवाज अली व ग्रुप निद.ेशक डा. हरीश कुमार ने कहा कि वंदेभारत एक गीत ही नहीं बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा व सम्मान का प्रतीक है। यह गीत हमारे दिल में देशभक्ति की भावना जागृत करता है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। इस मौके पर प्रोफेसर जफर वासी, संतोष चौधरी, अनीस, राखी, मनसबी, हिमांशी आदि मौजूद रहीं।

# सड़कों पर मौत बनकर घूमते गन्ना लदे वाहन

## ओवरलोडिंग के कारण होते हैं हादसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा** पेराई सत्र शुरू होते ही क्षेत्र की सड़कों पर मौत का नंगा नाच शुरू हो गया है। गन्ना लदे ओवरलोड ट्रक तेज रफ्तार से सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ओवरलोडिंग और यातायात नियमों की अनदेखी ने सड़क सुरक्षा को मजाक बना दिया है। आलम यह है कि ये ट्रक घनी आबादी/ स्टेट हाइवे के साथ कई गांवों के इलाकों से गुजरते हैं और किसी भी वक्त बड़ा हादसा घट सकता है।

गन्ना लेकर आने-जाने वाले ट्रक मानकों से कहीं ज्यादा भरे जा रहे हैं। सड़कों पर चलते समय ये ट्रक झूलते,



डोलते नजर आते हैं मानो जरा सी हवा का झोंका इन्हें पलट दे। ट्रक चालकों द्वारा ओवरहाइट और ओवरलोडिंग की खुलेआम परंपरा बन चुकी है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ट्रैफिक पुलिस आम लोगों की मोटरसाइकिल रोककर नियमों का पाठ पढ़ाती है, मगर इन ओवरलोड गन्ना ट्रकों को देखकर भी अनदेखा कर देती है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही सख्ती नहीं दिखाई, तो किसी दिन यही ओवरलोड ट्रक किसी निर्दोष की जान ले लेंगे। नागरिकों ने जिला प्रशासन और परिवहन विभाग से मांग की है कि मानक के अनुसार ही गन्ना लदवाया जाए और ओवरलोडिंग पर तुरंत रोक लगाई जाए

## थानों में गूंजा वंदेमातरम्

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को जनपद के सभी थानों, पुलिस चौकियों और कार्यालयों में राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया। देशभक्ति से सराबोर माहौल में पुलिसकर्मियों की आवाजों में वंदे मातरम् की गूंज पूरे परिसर में फैल गई। थाना प्रभारी बालेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने एक स्वर में राष्ट्रगीत गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा और गर्व की भावना प्रकट की। इस अवसर पर थाना प्रभारी बालेंद्र कुमार, सतीश कुमार, मोनिका तोमर, राजेंद्र सिंह, रवि कुमार, मोइन खान, दुर्गा सहित समस्त पुलिस बल मौजूद रहा।

# डीएम की चौपाल में जनता ने रखी शिकायतें

## पर्यावरण संरक्षण पर रहा जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शुक्रवार का दिन ग्राम कौराला के लिए यादगार बन गया। विकासखंड धनौरा के इस छोटे से गांव में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की चौपाल कुछ ऐसी सजी कि हर कोई मुग्ध हो गया।

चौपाल की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन से हुई गांव के चौपाल प्रांगण में जब डीएम ने ग्रामीणों के साथ एक स्वर में "वंदे मातरम् गाया, तो माहौल देशभक्ति से भर उठा। इसके बाद उन्होंने



गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और नन्हीं बच्चियों का अन्नप्राशन संस्कार कर शुभकामनाएं दीं। डीएम की कार्यशैली देख बोले ग्रामीण ऐसी चौपाल पहले कभी नहीं देखी! इस अवसर पर सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्र, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, सीवीओ आभा दत्त, पीडी डीआरडीए, डीपीआरओ पारुल सिसोदिया, बीएसए मोनिका सिंह, बीडीओ नरेंद्र गंगवार, लेखपाल विकास यादव सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसान गोष्ठी का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन की ओर से ब्लॉक क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर में स्थित सिद्धार्थ डिग्री कॉलेज में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेबीएफ के साईट कोआर्डिनेटर विशाल गौतम ने कहा कि किसान कोई भी फसल बोने से पूर्व मृदा का परीक्षण अवश्य कराएं। बताया कि पहले किसानों को मृदा परीक्षण के लिए अमरोहा और मुरादाबाद आदि के चक्कर काटने पड़ते थे मगर अब जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन द्वारा ही नगर में किसानों के लिए यह सुविधा प्रदान की गई है। इस दौरान किसानों को सब्जियों के बीज उपलब्ध कराए गए। गोष्ठी में मिट्ठन सिंह, विनोद कुमार, सचिन कुमार, बूंदी सिंह, चंदन सिंह, नवनीत सिंह, मोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

## मजदूर पर गिरा पाइप, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर में एक निर्माणधीन मकान में लेंटर मशीन का पाइप मजदूर पर गिरने से उसकी मौत हो गई। यह घटना आफाक खान के घर पर मकान बनाते समय हुई है। मृतक मजदूर की पहचान शेरगढ़ निवासी 60 वर्षीय मूलचंद के रूप में हुई है। काम के दौरान अचानक लेंटर मशीन का पाइप ऊपर से मूलचंद पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जरूरतमंदों को समय पर मिले एम्बूलेंस

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 108 एवं 102 एंबुलेंस संचालक संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस का आयोजन किया गया। प्रोग्राम मैनेजर विक्रांत शर्मा ने बताया है कि सरकारी 108 एवं 102 एम्बुलेंस के मेडिकल टेक्नीशियन का मंडल स्तरीय प्रशिक्षण एएनएम ट्रेनिंग सेंटर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर में चल रहा है। जिसका बैच नंबर चार शुक्रवार को संपन्न हो गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, हापुड एवं अमरोहा के 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन भाग ले रहे है। जिसमें लखनऊ से आये ट्रेनर मोहम्मद फैजान, कमल जोशी एवं क्वालिटी ऑडिटर रजनीश कुमार द्वारा ट्रेनिंग के दौरान बताया गया कि सभी जरूरतमंद को समय से एंबुलेंस मिले जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को गोल्डन पीरियड में जान बचाई जा सके।

## छात्र-छात्राओं ने किया वंदेमातरम् का गायन



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं ने सामुहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन किया, जिससे महाविद्यालय परिसर देशभक्ति से परिपूर्ण हो गया। शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी डॉ.श्वेता अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित हुए कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो.एमए गौरी ने बताया कि, वंदेमातरम् गीत के रचनाकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय थे। इस गीत का रचनाकाल अक्षय नवमी सन् 1875 माना जाता है। यह गीत सबसे पहले बंगदर्शन में प्रकाशित हुआ था। डॉ.श्वेता अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चार चरणों में राष्ट्रीय एकता एवं स्वतंत्रता संग्राम में योगदान विषय पर सेमीनार, गौष्ठी, परिचर्चा, व्याख्यानमाला आदि कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ शामिल रहा।

# डीएम से की चिकित्सक दम्पति पर कार्रवाई की मांग

## जच्चा-बच्चा की मौत का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** जच्चा बच्चा के इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग डीएम से की गयी है।

जानकारी के अनुसार सैदनगली के मोहल्ला मेंहदीपुर निवासी प्रशांत पुत्र चन्द्रभान सिंह ने जिलाधिकारी से शिकायत की है कि उसके साले की पत्नी रूकमणि पत्नी अजय निवासी गांव मांडली समसपुर जिला सम्भल का इलाज कस्बे के भारत हॉस्पिटल में चल रहा था। जिस समय महिला की दवाई शुरू हुई वह सात माह की गर्भवती थी। 17 अक्टूबर को रूकमणि के पेट में दर्द हुआ। जिस पर उसे अस्पताल में भर्ती कराने के लिए पहुंचे। परन्तु चिकित्सक मोहम्मद फरीद व उसकी पत्नी शाईस्ता परवीन ने महिला को गर्भी करने से इंकार कर दिया। जब अन्य चिकित्सक को दिखाया गया तो महिला के पेट में बच्चा मरा हुआ था जबकि उसके दीमाग की नर्स भी फट चुकी थी। मेरठ में भर्ती के दौरान दस अगस्त को सलज की मौत हो गयी थी।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हॉयर सेंटर रेफर किया। जानकारी के अनुसार गुरूवार की रात को लगभग साढ़े नौ बजे नगर के धनौरा मार्ग स्थित मुहल्ला चमनबाग निवासी धूम सिंह का 25 वर्षीय पुत्र प्रियांक किसी काम से रेलवे लाइन की तरफ गया था। इस दौरान गजरौला से नजीबाबाद जा रही पैसेंजर ट्रेन की

### गुरूवार की देर रात हुई दुर्घटना

चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन भी सीएचसी पहुंच गए। यहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## आस्था ने एमडी में हासिल की सीट



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** कहा जाता है कि अगर हौसले बुलंद हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। इस कहावत को सच कर दिखाया है नगर की होनहार बेटी आस्था अग्रवाल ने। साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली आस्था ने बीएएमएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद अब एमडी में प्रवेश परीक्षा में 846वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार, समाज और नगर का नाम रोशन किया है। आस्था, नगर के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता एवं रामलीला प्रबंध समिति के सदस्य तथा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के नगर अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल (पेस्टिसाइड वाले) की सुपुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे नगर में हर्ष का माहौल है।

# एमपीएस एकेडमी सात विकेट से जीता

## तन्मय चौधरी बने मैन ऑफ दि मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** रुक्मणी क्रिकेट अकैडमी के तत्वावधान में आयोजित मरहूम मोहम्मद फरमान मेमोरियल अंडर-16 इंटर अकैडमी क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को द नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट अकैडमी और एमपीएस क्रिकेट अकैडमी के बीच मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए द नेक्स्ट जनरेशन की टीम 32.2 ओवर में 118 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में एमपीएस क्रिकेट अकैडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 29 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया और मैच सात विकेट से जीत लिया। तन्मय चौधरी को मैन ऑफ द मैच और अभिमन्यु को गेम चेंजर चुना गया। मैच के दौरान कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी, आयोजक मोहम्मद हसीन, डॉ. सिद्धार्थ मलिक सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं नफीस अहमद पुत्र रशीद खांन व मेरी पत्नी शबनम बेगम ने एक प्लांट ग्राम मुबारकपुर कलां अब्दुल्ला कॉलोनी तहसील हसनपुर में जिसका क्षेत्रफल 200 वर्ग मीटर है को बजरिये पंजीकृत बैनामा जिसकी बही संख्या (1) सिलसिला न0 1306 जिल्द सं0 1991 पृष्ठ 161 से 190 तक 09/02/2012 को मौ0 सईद पुत्र अब्दुल्ला नि0 मौ0 लालबाग बंजारान हसनपुर तहसील हसनपुर से खरीद किया था। उपरोक्त बैनामा की मूल प्रति दिनांक 15/10/2025 को बाजार जाते समय रास्ते में कहीं गुम हो गई जिसके गुम होने की सूचना दिनांक 06/11/25 को थाना हसनपुर में अंकित करवा दी है। उक्त बैनामा का कोई व्यक्ति दुरुपयोग न कर सके। बैनामा गुम होने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित करवा दी गई है। अगर किसी को गुम हुआ बैनामा मिल जाये तो इस नंबर 9520460086 पर सूचना देने का कष्ट करे।

**नफीस अहमद पुत्र अब्दुल रशीद खान नि० मौ० लालबाग रहरा बाईपास कस्बा व तहसील थाना हसनपुर जिला अमरोहा**

## बाइक लूट की फर्जी सूचना देने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने बाइक लूट की फ़र्जी सूचना देने वाले दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक बाइक भी बरामद कर ली है।

थाना प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि थाना हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव सरावा निवासी दिनेश और विकास पुत्र ईश्वर चंद द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी कि दोनों आरोपी बाइक पर सवार होकर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में बदमाशों ने उनकी बाइक को लूट लिया और मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरो. पियों की शिकायत पर संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया था और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई थी। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पुलिस को आरोपियों पर शक हुआ। जब पुलिस ने आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल लिया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया गया कि गर्भवती महिला को बाइक से टक्कर मारने के बाद बाइक को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गए थे और पुलिस से बचने के लिए आरोपियों द्वारा पुलिस को बाइक की लूट की फर्जी सूचना दी गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने संबंधित मामले में बाइक लूट की फर्जी सूचना का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है और स्प्लेंडर बाइक बरामद कर ली गई है।

## छात्रा को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जाटव कोर ग्रुप गजरौला द्वारा सुल्ताननगर निवासी अशोक कुमार निरंकारी की पुत्री वैष्णवी द्वारा सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

वैष्णवी ने इस उपलब्धि के लिए अपने माता-पिता, गुरूजनों एवं भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर की पुस्तकों से मिले मार्गदर्शन को श्रेय दिया, साथ ही यह आह्वान किया कि मेहनत से

### सीए परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बढ़ाया उत्साह

ही लक्ष्य की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर निवर्तमान जिपं सदस्य महेश प्रधान, रविराज बौद्ध, डॉ0पृथ्वी सिंह, अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ के प्रद.ेशाध्यक्ष सुरेश चंद्र मौर्य, जयवीर सिंह, सुरेन्द्र पाल सिंह, ब्रजपाल सिंह, बृजपाल सरन, ओमपाल सिंह, राजवीर सिंह, संजय कुमार, नरेंद्र सिंह, परमेश्वरी लाल, विजयपाल सिंह मौजूद रहे।

# निर्माण कार्य में गुणवत्ता का रखें ध्यानः एसपी

## एसपी ने किया आवासीय बैरक का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने शुक्रवार को थाना अमरोहा देहात परिसर में निर्माणाधीन आवासीय बैरक का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा उपस्थित अभियंता एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप, समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण कराया जाए। ताकि पुलिस कर्मियों को शीघ्र ही बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इसके बाद एसपी थाना परिसर में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का भी निरीक्षण किया। केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं, महिला हेल्प डेस्क के संचालन, शिकायतों के निस्तारण की स्थिति तथा रिकॉर्ड संधारण प्रणाली की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि महिला एवं बालि. काओं से संबंधित शिकायतों पर संवे. दनशीलता, त्वरित कार्रवाई एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार को प्राथमिकता दी जाए। एसपी ने कहा कि मिशन शक्ति केन्द्र महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, जिसे प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि थाना परिसर की स्वच्छता, अनुशासन एवं जनसंपर्क व्यवहार पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिससे जनता का विश्वास और अधिक सशक्त हो। इस दौरान सीओ नौगावां सादात, प्रभारी निरीक्षक थाना अमरोहा देहात समेत बंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की। घटना से मार्ग पर कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी

# अराजकता पैदा करना राजद का जन्मसिद्ध अधिकार : योगी



शाह टाइम्स ब्यूरो
**पश्चिम/चंपारण।** बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक की भूमिका में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के लोग लालटेन लेकर आते थे, केरोसिन बेच देते थे। फिर अंधेरे में डकैती डालते थे। अराजकता पैदा करना इनका जन्मसिद्ध अधिकार है। लौरिया के विधायक, भाजपा प्रत्याशी व भोजपुरी कलाकार विनय बिहारी के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा ष्पशुओं का चारा खाने वाले आपका राशन भी नहीं छोड़ेंगे।

यह लोग विकास, गरीब कल्याण की योजनाएं रोक देंगे और फिर से जंगलराज पैदा करेंगे। कांग्रेस व राजद के समय में बिहार में 60 से अधिक जातीय नरसंहार हुए थे। अपहरण की 30 हजार से अधिक घटनाएं हुईं। व्यापारी, इंजी. नियर, चिकित्सक, बेटियों का लगातार अपहरण होता था। सरकार कार्रवाई की बजाय अपहरणकर्ताओं के सामने नतमस्तक होकर मध्यस्थता की बात करती थी। महागठबंधन में हिम्मत नहीं है कि अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर सके। उन्होंने कहा ष्यूपी को देखें, जब वहां माफिया की छाती पर बुलडोजर गड़गड़ाकर चलता है तो उनके आका भी थर-थर कांपते हैं। कांग्रेस, राजद व इनके पार्टनर आमजन की आस्था का अपमान, दंगाइयों को प्रश्रय, व्यापारियों का सरेआम अपहरण करने वालों और खानदानी माफिया को गले से लगाते हैं। इनकी संवेदना गरीबों के प्रति नहीं, बल्कि माफिया-गुंडों के प्रति है। योगी ने कहा कि राजद, कांग्रेस वाले बहकाने आएंगे। जब यह 15 वर्ष सत्ता में थे तो नौजवानों को ठगते थे। नौकरी के बहाने उनकी जमीन हड़प डाली थी। अपहरण उद्योग बन चुका था। नया उद्योग नहीं लगता था। नीतीश कुमार के नेतृत्व में अपहरण उद्योग बंद हुआ। गुंडागर्दी रोकने पर प्रभावी कदम उठाए गए। विकास कार्यों को तेजी से बढ़ाया गया। अब नए भारत का नया बिहार है। जब बिहार समृद्ध होता है तो भारत समृद्ध होता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिन्होंने 2005 के पहले बिहार के जंगलराज, अराजकता, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार को देखा है, वे वर्तमान पीढ़ी को भी बताएं। अब लालटेन का समय नहीं है। बिहार पीएम मोदी के मार्गदर्शन व नीतीश बाबू के नेतृत्व में एलईडी की दूधिया रोशनी में सुशासन की सुदृढ़ नींव बनाने की ओर अग्रसर हुआ है। एनडीए ने पिछले 20 वर्ष राजद व कांग्रेस के पापों के ग्र्रों को भरने, अराजकता-भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने व सुशासन की आधारशिला को सुदृढ़ करने में लगाया। समृद्ध बिहार की नींव पुख्ता करने के लिए प्रदेश बढ़ चुका है, इसलिए एनडीए सरकार बिहार में फिर से आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने 11 वर्ष में विकास की अनेक योजनाएं चलाईं तो बिहार में भी विकास की हर योजनाएं हैं। कांग्रेस की सरकार के समय में 50 हजार रुपये में सिलेंडर ब्लैक होता था, जबकि मोदी जी ने 10 करोड़ गरीबों को फ्री में रसोई गैस का सिलेंडर दिया। योगी ने कहा कि भोजपुरी की मिठास दुनिया में हर जगह पहुंची है। भोजपुरिया लोगों ने बंजड़ दीपों को भी उपजाऊ बनाने का कार्य किया है। भोजपुरी संस्कृति जहां भी गई, उस क्षेत्र को उपजाऊ बनाया। बिहार मैथिली और भोजपुरी छठ गीतों के माध्यम से वैश्विक पहचान दिलाने वाली शारदा सिन्हा की भी धरा है। उन्हें पद्म पुरस्कार एनडीए सरकार ने ही दिया। उन्होंने कहा कि कलाकार भगवान की अनमोल धरोहर होते हैं। कला का सम्मान होना चाहिए। एनडीए ने भोजपुरी के बड़े कलाक. ार को लौरिया से मैदान में उतारा है। हमने भी यूपी में भोजपुरी के दो कलाकारों को चुनाव लड़ाया। मैंने गोरखपुर से अपनी संसदीय सीट छोड़कर भोजपुरी कलाकार रवि किशन को दी। भोजपुरी कलाकार दिनेश लाल यादव को भी हमने आजमगढ़ से सांसद बनवाया था। सुशासन की सुदृढ़ नींव में ही स्वर्णिम बिहार की संकल्पना साकार होगी। लौरियावालों को अर्जुन की तरह एकटक निशाना केवल कमल के फूल पर रखकर ईवीएम बटन दबाना है। योगी ने कहा कि एनडीए के समर्थन में पहले चरण में बिहार की माताओं, किसानों, नौजवानों का उत्साह दिखा। बिहार की धरती पर 65 फीसदी मतदान बताता है कि 14 नवम्बर को ईवीएम खुलेगी तो फिर एक बार एनडीए सरकार का नारा साकार होगा। उन्होंने कहा कि आज वंदे मातर के 150 वर्ष पूर्ण हुए हैं। 1875 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने भारत की स्वाधीनता के लिए नौजवानों के मन में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व राजनैतिक चेतना को नया स्वर देने के लिए जिस कृति की रचना की, वन्दे मातर उसका अमर गीत बन गया।

## सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान को सफल बनाने में जौनपुर अव्वल

शाह टाइम्स ब्यूरो
**लखनऊ।** युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ काम कर रही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का लाभ देने के मामले में जौनपुर में पूरे उत्तर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि योजना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के सात माह में अब तक प्रदेश भर में ढाई लाख से अधिक आवेदन आ चुके हैं, जबकि सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में एक लाख 50 हजार लोन वितरित का लक्ष्य रखा है। इन आंकड़ों से साफ है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को अपनी आकर्षित कर रही है और वह इससे जुड़कर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं।

योजना का लाभ शत प्रतिशत देने में पूरे उत्तर प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी है जबकि दूसरे स्थान पर आजमगढ़ और तीसरे स्थान पर अंबेडकरनगर है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 लाख 50 हजार लक्ष्य के सापेक्ष 7 माह में पूरे प्रदेश से 2,76,824 युवा लोन के लिए आवेदन कर चुके हैं, जबकि 2,26,511 आवेदनों को बैंक को फॉरवर्ड कर दिया गया है। इनमें से 73,191 आवेदनों को बैंक ने लोन देने की स्वीकृति दे दी है, जबकि 71,918 युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन वितरित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का शत प्रतिशत लाभ देने में पूरे प्रदेश में जौनपुर ने आवेदकों को लोन वितरित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र सिह ने बताया कि प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप जिले में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को स्वरोजगार के लिए बैंकों से संपर्क कर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिले को अभियान के तहत 2,250 युवाओं को लोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया है।

## पत्रकारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता
**सीतापुर।** तहसील बिसवां को जिला घोषित किए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के पत्रकारों ने उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को संबोधित था। ज्ञापन में कहा गया है कि बिसवां तहसील ऐतिहासिक, भौगोलिक, सामाजिक और प्रशासनिक ख्रष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

यह जनपद सीतापुर की सबसे बड़ी तहसील है, जिसकी जनसंख्या लगभग 8 से 10 लाख के बीच है। यहां सैकड़ों ग्राम पंचायतें, अनेक शैक्षणिक, औद्योगिक व धार्मिक संस्थान स्थित हैं। पत्रकारों ने बताया कि सीतापुर मुख्यालय से बिसवां की दूरी लगभग 35 किलोमीटर होने के कारण आम नागरिकों, किसानों, छात्रों और व्यापारियों को प्रशासनिक एवं न्यायिक कार्यों में काफी कठिनाई होती है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि बिसवां भौगोलिक रूप से केंद्र में स्थित है और इसके आसपास की तहसीलों कृ महमूदाबाद, लहरपुर, सिधौली एवं रेउसा कृ की दूरी औसतन 25 से 30 किलोमीटर है।

यदि बिसवां को जिला घोषित किया जाता है तो इन क्षेत्रों के लोगों को भी सुविधा मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को नई गति प्राप्त होगी। पत्रकारों ने कहा कि बिसवां न केवल एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है बल्कि यहां शुगर फैक्ट्री, रेडिको खेतान कंपनी जैसी औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं। साथ ही दरी उद्योग और ताजिया निर्माण से जुड़ा व्यवसाय बड़ी संख्या में लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान करता है। पत्रकारों ने महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से मांग की कि क्षेत्र की जनभावनाओं, ऐतिहासिक पहचान और प्रशासनिक आवश्यकता को देखते हुए बिसवां को शीघ्र जिला बिसवांह्व घोषित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता आर.एन. सिंह, नीरज श्रीवास्तव, राजीव बाजपेयी, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, अश्विनी त्रिपाठी, आशीष मिश्रा, आनंद मेहरोत्रा, विजय अवस्थी, अमित जायसवाल, पीयूष बाजपेई, बिलाल खान, अय्यूब खान, पंकज भारतीय, अवधेश शुक्ला, चांद खान, विजय शंकर बाजपेई, सिराज अहमद, अनमोल मौर्या, शावेज खान, हरिशंकर गुप्ता, कुलदीप अवस्थी, आलोक अवस्थी, अतुल त्रिवेदी, अनुज श्रीवास्तव, लकी श्रीवास्तव, हरिओम बाजपेयी, नय्यर शकेब, वहा. जुद्दीन सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## खेत में पड़ा मिला युवक का शव

शाह टाइम्स ब्यूरो
**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के फतंनपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव धान के खेत में पड़ा मिला है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुभम गौतम (28) निवासी ग्राम नारायणपुर कला थाना फतंनपुर के रुप मे की गयी है। युवक की हत्या करके शव को खेत मे फेंके जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। परिजनों के अनुसार सुभम गुरुवार की शाम घर से निमंत्रण मे जाने को घर से निकला था मगर वापस नही लौटा। रात भर उसकी तलाश की जाती रही। उसका मोबाईल फोन गायब था। क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी ने बताया है कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर

**मैनपुरी।** मैनपुरी में कोसमा मुसलमन के प्रधान को जान से मारने की धमकी देने और ग्राम पंचायत के निर्माण कार्य में बाधा डालने के आरोप में उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनिल यादव सहित पांच के विरुद्ध घिरोर थाने में एफ आई आर दर्ज हुई है। अनिल यादव मैनपुरी के चित्रगुप्त महाविद्यालय में प्राचार्य भी रहे हैं,और सैफई परिवार से उनकी नजदीकियां रहीं हैं। पुलिस के अनुसार कोसमा मुस्लमीन के प्रधान अखिलेश ने थाना घिरोर में तहरीर देकर कहा कि अनिल यादव निवासी आगरा,अरमान,आमिर व सद्दाम निवासी कोसमा मुस्लमीन और अतुल कुमार निवासी भेंसामई ने ग्राम पंचायत द्वारा नाले को खोलने के कार्य का विरोध किया और डिग्री कालेज में बंद करने का प्रयास किया। इन लोगों ने उन्हे जान से मारने की कोशिश की।अखिलेश प्रधान की तहरीर पर अनिल यादव सहित पांच लोगों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज की गई है। गौरतलब है कि कोसमा मुसलमन ग्राम पंचायत के क्षेत्र में एक महाविद्यालय संचालित है। महाविद्यालय के पास से एक खारजा (नाला) निकला है। इस खारजा से सैकघें बीघा में फैले चारागाह का पानी बाहर निकलता है। अनिल यादव और उनके साथियों खारजा पर सी सी डलवा दी। प्रधान का कहना है कि नाला बन्द होने से किसानों की सेकड़ो बीघा फसल पानी की निकासी अवरुद्ध हो जाने से बर्बाद हो जायेगी। प्रधान अखिलेश ने किसानों के हित में खारजा खोलने का काम शुरू किया। इसी बात से नाराज आरोपियों ने प्रधान को फोन कर मोके पर बुलाया और प्रधान को जान से मारने की कोशिश की। ग्रामवासियों का कहना है कि ग्राम पंचायत के चारागाह पर अवैध कब्जा करने वालों पर भी सरकार को कार्यवाही करनी चाहिए। फिलहाल इस हाइप्रोफाइल मामले में एफ आई आर दर्ज हो गयी है और गुरुवार की देर शाम अपर पुलिस अधीक्षक राहुल मिठास ने कहा कि मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### भदोही में बनेगा 108 फीट ऊंचा दुनिया का सबसे बड़ा ताम्र धातु का शिव मंदिर

भदोही। उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग संगम क्षेत्र सुंदरवन कटेबना में 108 फीट ऊंचा ताम्र धातु शिव मंदिर बनेगा। इस मंदिर को दुनिया का सबसे ऊंचा ताम्र मंदिर होने का दावा किया जा रहा है। भव्य ताम्र मंदिर निर्माण की कर्ताधर्ता साध्वी माता राज लक्ष्मी मंदा ने बताया कि सुंदरवन कटेबना में विश्व के सबसे ऊंचे 180 फीट ऊंचाई और 150-30 फीट चौड़ाई वाला शुद्ध ताम्र धातु का मंदिर का निर्माण कार्य हो रहा है। इस मंदिर का गर्भगृह भूमि की सतह से 45 फीट नीचे बनाया जा रहा है। गर्भगृह के अंदर विश्व और देश का सबसे विशाल नौ फीट ऊंचा 90 टन भार के शिवलिग के साथ डेढ़ फीट ऊंचाई के 12 ज्योतिर्लिंगों की स्थापना भी की जाएगी। गर्भगृह बनाने के लिए मिट्टी निकालने का काम शुरू हो गया है। बताया गया कि शिवलिग स्थापित होने के पूर्व माता राजलक्ष्मी मंदा द्वारा उसे ट्रक पर रखकर रामेश्वरम, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश के काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन के बाद स्थापित किया गया है। सुंदरवन कटेबना में प्रत्येक दिन हजारों भक्त देवाधिदेव महादेव का दर्शन-पूजन करने पहुंच रहे हैं। मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने पर विश्व भर के शिव भक्तों का दर्शनार्थ आगमन होगा।

### मालगाड़ी से कटकर महिला की मौत

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के कस्बा दिबियापुर में विकास वैली गेस्ट हाउस के पास मालगाड़ी कोरिडोर ट्रैक पर शुक्रवार की सुबह एक महिला की मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मृतका की पहचान केबिन की मढ़ैया निवासी संगीता (40) पत्नी आनंद कुमार के रूप में हुई। पहचान सुनिश्चित होने के बाद पुलिस ने तत्काल महिला के परिजनों को सूचित किया। मिली जानकारी के अनुसार, महिला के पति आनंद कुमार दिल्ली में ओला गाड़ी चलाने का काम करते हैं। महिला के परिवार में एक बेटी और दो बेटे हैं। महिला की मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पति आनंद कुमार ने फोन पर पुलिस को बताया कि हाल ही में उनकी कोई बहस नहीं हुई थी, और वह भी घटना के पीछे के कारण से अनभिज्ञ हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच-पड़ताल में जुटी हुई है और जल्द ही मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट में सुनी जनता की समस्याएं

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

## रेलवे ट्रैक पर मिला शिक्षा मित्र का शव

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के टून्डला क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज के समीप रेलवे लाइन पर एक युवक का शव शुक्रवार को पड़ा मिला। पुलिस ने बताया कि एफ एच मेडिकल कॉलेज के समीप रेलवे लाइन पर एक युवक का कटा हुआ शव क्षेत्र के लोगों ने देखा जिसकी जानकारी थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचा दिया जिसकी पहचान फिरोजाबाद के थाना उत्तर क्षेत्र के तहत मोहल्ला सत्य नगर निवासी दीनदयाल (43) के रूप में की गई । जो थाना नारखी क्षेत्र के एक प्राथमिक स्कूल गड़ी बछगांव में शिक्षामित्र है।

## वाराणसी से खजुराहो वंदे भारत ट्रेन इको टूरिज्म के लिए भी महत्वपूर्ण कदम

शाह टाइम्स ब्यूरो
**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात नवम्बर को दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचकर आठ नवम्बर को सुबह वंदे भारत ट्रेन की सौगात देंगे। वाराणसी से खजुराहो के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन से धार्मिक पर्यटन के साथ इको टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।

शुक्रवार को खास बातचीत में टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल मेहता ने बताया कि काशी आने वाले पर्यटक और श्रद्धालु खजुराहो जाना चाहते हैं। काशी से खजुराहो जाने वाले पर्यटक और श्रद्धालु धार्मिक पर्यटन के साथ इको टूरिज्म के लिए भी सराहनीय कदम साबित होंगे। खजुराहो से पन्ना राष्ट्रीय उद्यान (टाइगर रिजर्व) नजदीक ही कुछ किलोमीटर पर है।

दूसरी बड़ी बात यह है कि खजुराहो और टाइगर रिजर्व देखने लाखों की संख्या में विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं।

अब उन्हें काशी आने के लिए सीधे वंदे भारत ट्रेन भ्रमण के लिए मिल जाएगी। श्री मेहता ने बताया कि तीसरी सबसे बड़ी बात यह है कि वाराणसी से चित्रकूट के लिए फास्ट ट्रेन नहीं थी। वाराणसी, विध्याचल, प्रयागराज और चित्रकूट एक सर्किट के रूप में विकसित होगा। पर्यटन से जुड़े लोगों की कई



सालों से वाराणसी से खजुराहो के बीच फास्ट ट्रेन की मांग थी। अब यह सपना कल साकार हो जाएगा। आने वाले समय में वंदे भारत ट्रेन की वजह से पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि देखने को मिलेगी। वाराणसी-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस की सीधी कनेक्टिविटी से वर्तमान में संचालित विशेष ट्रेनों की तुलना में लगभग 2 घंटे 40 मिनट का समय बचाएगी। बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस भारत के धार्मिक पर्यटन और सांस्कृतिक स्थलों वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो को जोड़ेगी। यह केवल धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को मजबूत करेगा, बल्कि पर्यटन उद्योग को भी नया आयाम देगा। इसके अलावा लखनऊ से सहारनपुर, फिरोजपुर से दिल्ली और एर्नाकुलम से बेंगलुरु जाने वाली अन्य स्थानों की तीन वंदे भारत एक्सप्रेस को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

## लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पर वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो
**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व आईआईएम कोलकाता के निदेशक प्रोफेसर आलोक कुमार राय पर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने गंभीर वित्तीय अनियमितताओं, अवैध नियुक्तियों और मनमानी निर्णयों के आरोप लगाए हैं।

इस बाबत शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डा. अरशद अली जाफ़री ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रो- राय के कार्यकाल की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डा. अरशद अली जाफ़री ने शासन को भेजे अपने पत्र में कहा है कि लखनऊ विश्वविद्यालय, जो कभी प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में प्रतिष्ठित स्थान रखता था, आज वित्तीय संकट और प्रशासनिक अव्यवस्था से गुजर रहा है। संघ ने कहा कि कुलपति के दावों के विपरीत, विश्वविद्यालय में प्रवेश दर में 37 प्रतिशत की गिरावट आई है और शिक्षकों-कर्मचारियों के वेतन भुगतान तक में कठिनाई आ रही है। डा. जाफ़री ने पत्र में आरोप लगाया कि प्रो. राय के कार्यकाल में विश्व. विद्यालय में उच्च स्तर की वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान जब कोई परीक्षा आयोजित नहीं हुई, तब भी परीक्षा अनुदान से लाखों रुपये का भुगतान कर दिया गया। वर्ष 2022-23 में विश्वविद्यालय की खराब आर्थिक स्थिति के बावजूद कुलपति, शिक्षकों और कर्मचारियों को मानदेय के रूप में करोड़ों रुपये का वितरण किया गया। आरोप यह भी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सभी विभागाध्यक्षों के आकस्मिक अनुदान को शून्य घोषित कर दिया गया और विभागों द्वारा जमा किए गए प्रतिपूर्ति बिल लौटा दिए गए। वहीं, विवेकानंद द्वार, परीक्षा भवन, बाउंड्रीवॉल, सेल्फी पॉइंट जैसे अनावश्यक निर्माण कार्यों पर भारी व्यय किया गया। शिक्षक संघ ने कहा कि कई परियोजनाओं पर उद्घाटन पट्टिकाएं काम पूरा होने से पहले ही लगा दी गईं, जिनमें राजनीति विज्ञान विभाग में संग्रहालय, रसायन विज्ञान में क्लस्टर लैब और संस्कृत विभाग में ज्योतिष परामर्श केंद्र शामिल हैं। दूसरी ओर, सौ साल पुराने भवनों और प्रयोगशालाओं की मरम्मत नहीं कराई गई। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि कुलपति ने विश्वविद्यालय के खर्च पर कई विदेशी दौरे किए, जबकि टैगोर लाइब्रेरी में रुके हुए ई-कंटेंट और पुस्तक क्रय के भुगतान को फिर से मंजूरी दी, जिसे पहले भ्रष्टाचार की आशंका में रोका गया था।

## प्रयागराज में दुकान में लगी आग, लाखों का माल स्वाहा

शाह टाइम्स ब्यूरो
**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के फाफामऊ थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दुकान में भीषण आग लगने से लाखों का माल जल कर स्वाहा हो गया।

जानकारी के मुताबिक, पडिला महादेव मंदिर के पास रहने वाले शिव केसरवानी का कपघ्े और ज्वेलरी की दुकान है जहां सुबह आठ बजे धुआं देख इसकी सूचना लोगो ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने का काम कर रही है।

आग इतनी भीषण है कि उसे बुझाने में फायर कर्मियों को काफी मश्क्कत करनी पघ् रही है। आग इतनी तेज थी कि उसकी लपटें और काला धुआं आसमान तक उठता दिखा।

दमकल कर्मी लगातार पानी डालकर लपटों को नियंत्रित करने की कोशिश में जुटे हैं। दुकान मालिक शिव केसरवानी के अनुसार दुकान में करीब 30 लाख तक का सामान भरा था। राहत की बात यह है कि कोई जनहानि नहीं हुई।

## स्कार्पियो की टक्कर से बीकॉम छात्र की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो
**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जफराबाद क्षेत्र में वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर शुक्रवार को हौज पाही गांव के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो की टक्कर से 18 वर्षीय बी काम के छात्र की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार हौज पाही गांव निवासी प्रकाश चौहान का भांजा विशाल चौहान (18) अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहा था, वह टीडी कॉलेज में बीकॉम प्रथम वर्ष का छात्र था। शुक्रवार को विशाल किसी काम से घर से निकला था, इसी दौरान हाइवे पर वाराणसी की ओर से आ रही एक स्कार्पियो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से विशाल सड़क पर गिर गया। परिजन आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद स्कार्पियो चालक कुछ दूरी पर अंडरपास के पास वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला मय फोर्स मौके पर पहुंचे और स्कार्पियो को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अधिवक्ता के घर हुई चोरी का 24 घंटे में खुलासा, दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता
**सीतापुर।** शहर कोतवाली पुलिस ने मुक्ति की सूचना पर शहर कोतवाली क्षेत्र में पक्का पुल के निकट छापेमारी की।

इस दौरान पुलिस ने महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरहरपुर निवासी सुशील त्रिवेदी पुत्र महावीर त्रिवेदी तथा सिद्धार्थ त्रिवेदी पुत्र सुशील त्रिवेदी को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर चोर है।

पुलिस ने उनके कब्जे से 8,07,000 रुपये, लगभग 10 लाख रुपये के कीमती आभूषण- 36 नग छोटी बड़ी पीली धातु के आभूषण, 35 नग छोटे बड़े सफेद धातु के आभूषण, (दो पीली धातु के हार, दो जोड़ी कान की झुमकी, एक जोडी पीली धातु का कंगन, दो जोडी पीली धातु का झाला, चार अंगूठी पीली धातु की, एक टूटी अंगूठी पीली धातु की, एक चौन पीली धातु का टूटा हुआ, तीन मंगल सूत्र पीली धातु का काला धागा सहित, दो मंगल सूत्र पीली धातु का बिना धागे का, एक अदद पीली धातु की नाक की नथ,एक अदद पीली धातु का मांग का टीका, दो जोडी कान की वाली पीली धातु की, सात अदद नाक की लोंग पीली धातु , एक सफेद धातु के कमर विछुआ, दो जोडी मोटी पायल सफेद धातु की,तीन जोडी पतली पायल सफेद धातु की एक चाबी का गुच्छा सफेद धातु का, बच्चों के कड़े सफेद धातु के,7 पैर की विछिया सफेद धातु की, एक छोटा गिलास एवं एक छोटी चम्मच सफेद धातु की एवं आठ अदद सफेद धातु के सिक्के) , आरोपियों के पास से 2 आई फोन, एक पिठू बैग,एक बैंक पासबुक, एक मोबा. इल फोन बिल, एक आधार कार्ड बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल का कहना है कि दोनों पिता पुत्र है।

## भदोही में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो
**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में विवा. हता की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि माधोरामपुर गांव निवासी स्वर्गीय विजय शंकर प्रजापति के पुत्र राजेंद्र की शादी वाराणसी के मिर्जामुराद थाना के खड़खड़ी रखौना गांव में राम लखन प्रजापति की बेटी रेनू के साथ हुई थी। मायके वालों के अनुसार शादी के कुछ दिन बाद ही विवाद शुरू हो गया। शादी के बाद कई बार रेनू नाराज होकर अपने मायके भी गई थी। पिछले मंगलवार को रेनू मायके से अपने ससुराल राजी खुशी से आई थी।

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **01.12.2025** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग,डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 01142025 दिनांक: 07.11.2025 | | |
| निविदा संख्या | 23-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26 | | |
| कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग एवं सहायक मण्डल इंजीनियर, उन्नाव के अन्तर्गत टर्नआउट्स के प्रतिस्थापन का कार्यः टीटीआर (एफएस टीडब्ल्यूएस, डब्ल्यूसीएमएससी)-32 सेट और टीडब्ल्यूएस-13 सेट। | | |
| अनुमानित लागत | ₹13760660.08 | धरोहर राशि | ₹218800.00 |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ माह। | | |
| निविदा डालने का पारम | 17.11.2025 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 01.12.2025 at 15:00 Hrs. | | |
| बेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोट- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।
3465/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बंद घरों में चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

## फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कार से करते थे रैकी, जूलरी, कैश, औजार बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** बंद घरों की रैकी करके चोरी करने वाले गैंग को थाना सेक्टर-24 पुलिस ने पकड़ा है। गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से घर से चोरी किया गया गहने, घड़ियां , कैश और कार बरामद की गई। इनके नाम गोपाल , पप्पू और मुकेश है। तीनों दिल्ली के त्रिलोक पुरी के वाले है। इसमें गोपाल 39 साल , पप्पू 55 और मुकेश 46 साल का है। ये लोग काफी लंबे समय से चोरी की घटनाओं में लिप्त है। इनकी जानकारी अन्य राज्यों और जनपदों में भेजी जा रही है।

पुलिस ने बताया कि इन तीनों को सेक्टर-11 पास से गिरफ्तार किया गया। इससे पहले पुलिस ने थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तीन




संदिग्ध लोगों की जानकारी मिली। इलेक्ट्रानिक सर्विलांस और मुखबीर से जानकारी मिली। इसके बाद घेरा. बंदी की गई। इनके पास से भारी मात्रा में जूलरी और 11 हजार 400 रुपए कैश , दो फर्जी नंबर प्लेट और ताला काटने के औजार बरामद किए गए।

**कार से करते थे रैकी:** ये लोग कार से बंद घरों की रैकी करते है। इसके बाद चोरी छिपे कटर से ताला तोड़कर सामान चोरी कर फरार हो जाते है। गिरफ्तार किए गए तीनों में एक सुनार है। इसका काम चोरी के गहने पिघलाकर उनकी सिल्ली बनाना है। जिससे अन्य गहने बनाकर या बेचकर पैसा कमाना था। फिलहाल पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। ये पता चल सके कि गिरोह में और कितने लोग शामिल है।

**फेस्टिव सीजन में होते एक्टिव:** ये लोग फेस्टिव सीजन में एक्टिव होते है। दरअसल इन दिनों दिल्ली एनसीआर में रहने वाले लोग अपने घर जाते है। ऐसे में रैकी करके घरों में चोरी की घटना करते है।

# ग्रेनो में लावारिस कुत्तों के लिए तीन शेल्टर बनाने का काम जल्द शुरू होगा

> लावारिस कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। कंपनी का चयन कर जल्द निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। जमीन की तलाश कर ली गई है। टीकाकरण/नसबंदी केंद्र की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।
> **- आरके भारती, महाप्रबंधक स्वास्थ्य, ग्रेनो प्राधिकरण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण लावारिस कुत्तों के लिए तीन शेल्टर होम बनाने जा रहा है। प्राधिकरण ने स्थान चिह्नित कर इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। एजेंसी का चयन कर इस माह के अंत तक निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। ग्रेनो में लावारिस कुत्तों के लिए कोई शेल्टर होम नहीं है। साथ ही टीकाकरण और नसबंदी केंद्र की संख्या एक से बढ़ाकर दो की जाएगी।

लावारिस कुत्तों के संबंध में पूर्व में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए आदेश पर प्राधिकरण ने लावा. रिस कुत्तों के लिए शेल्टर बनाने की तैयारी शुरू कर दी थी। अधिकारी के मुताबिक, इसके लिए क्षेत्र के जलपुरा, पौवारी और चूहड़पुर में जगह चिह्नित कर निविदा जारी कर दी गई है।

कंपनी के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में चल रही है। उम्मीद है कि इस माह के अंत तक निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि अभी लावारिस कुत्तों को रखने के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है। टीकाकरण और नसबंदी के बाद कुत्तों को उसी स्थान पर छोड़ दिया जाता है, जहां से उठाया गया था। प्राधिकरण के मुताबिक पिछले एक वर्ष में पांच हजार से अधिक लावारिस कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया गया। सेक्टर स्वर्णनगरी में एक निजी संस्था के सहयोग से केंद्र का संचालन किया जा रहा है। नसबंदी और टीकाकरण के कार्य में तेजी लाने के लिए चूहड़पुर में एक और टीकाकरण/ नसबंदी केंद्र जल्द खोला जाएगा। इसके लिए जगह चिह्नित कर ली गई है। ग्रेनो में कुत्तों की बढ़ती संख्या लोग परेशान ग्रेनो और ग्रेनो वेस्ट में लावारिस कुत्तों के कारण लोग परेशान हैं। कुत्तों के काटने की घटनाएं आए दिन सुर्खियां में रहती हैं। इनकी संख्या तेजी से बढ़ रही है। सेक्टर सोसाइटी के लोग शिकायत करते रहते हैं।

# बुजुर्ग की मौत के मामले में अस्पताल के कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** थाना दनकौर क्षेत्र में स्थित निम्स अस्पताल में एक बुजुर्ग व्यक्ति की गिरकर हुई मौत के मामले में उसके बेटे ने अस्पताल के कर्मचारियों के खिलाफ लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को मामला दर्ज कराया।

थाना दनकौर के प्रभारी निरीक्षक मुनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शकील पुत्र शाहिद ने आज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई कि 31 अक्टूबर को कस्बा जेवर में निम्स अस्पताल द्वारा एक कैंप लगाया गया था जहां उसने अपने पिता शाहिद (85 वर्ष) व अपनी मां चमन को दिखाया।

शकील ने कहा है कि डॉक्टर के कहने पर उसने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिकी में शकील ने आरोप लगाया है कि चार नवंबर को उसके पिता वार्ड से गायब हो गए और उसकी मम्मी के अलावा वहां उपचार करा रहे अन्य लोगों ने उसे यह सूचना दी।

शकील का कहना है कि जब वह अस्पताल पहुंचा तो उसके पिता नहीं मिले। इसके बाद उसने पांच नवंबर को थाना दनकौर में अपने पिता की गुमशुदगी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई जिसके बाद पुलिस उसके पिता की तलाश कर रही थी।

शकील का आरोप है कि छह नवंबर की शाम जब वह अपने पिता को अस्पताल में ढूंढ़ रहा था, तभी उसने वार्ड के बाथरूम से नीचे झांक कर देखा तो बेसमेंट में एक व्यक्ति का शव पड़ा दिखाई दिया। शकील के मुताबिक, जब उसने नीचे जाकर देखा तो पता चला कि वह उसके पिता का शव है जिसके सिर में काफी चोट के निशान थे।

पीड़ित का आरोप है कि निम्स अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की लापरवाही के चलते यह घटना हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में निम्स अस्पताल के कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# निवेश के नाम पर सेवानिवृत्ति इंजीनियर से 71 लाख रुपये ऐंठे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा होने का झांसा देकर सेवानिवृत्त इंजीनियर से 71 लाख रुपये की ठगी कर ली। मुनाफे के चक्कर में बुजुर्ग इंजीनियर ने लाखों रुपये का लोन भी ले लिया। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने एक कथित महिला ठग के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-78 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले 80 वर्षीय राकेश जैन ने बताया कि इसी साल एक अक्तूबर को सोशल मीडिया पर पूजा नाम की महिला ने उनसे संपर्क किया। जल्द ही दोनों व्हाट्सऐप के माध्यम से जुड़ गए और बातचीत होने लगी।

पूजा ने राकेश को निवेश कर मुनाफा कमाने की सलाह दी। उसने कहा कि अगर उसके बताए अनुसार निवेश किया जाए तो कम समय में ही दो से तीन गुना तक मुनाफा हो सकता है। कई दिन तक बातचीत करने के बाद जब इंजीनियर निवेश करने का विचार कर रहे थे, तभी महिला ने उन्हें एक व्हाट्सऐप ग्रुप पर




जोड़ लिया। इंजीनियर को व्हाट्सऐप ग्रुप पर ही शेयर ट्रेडिंग का प्रशिक्षण मिलने लगा। ठगों ने फायर्स एसएनआई नाम का ऐप भी डाउनलोड करवा दिया। यह ऐप बेंगलुरु स्थित एक ब्रोकरेज फर्म फायर्स सिक्योरिटी के नाम से मिलता-जुलता था। संबंधित फर्म की पीड़ित को पहले से जानकारी थी, ऐसे में उसने महिला की बातों पर यकीन कर लिया। ऐप में कुछ नियम और शर्तें भी थीं, जिसमें ईपीओ में निवेश करने पर छूट की बात थी। पीड़ित ने डिस्काउंट के चक्कर में कुछ आईपीओ में निवेश करना शुरू कर दिया। शुरुआती चरण में निवेश करने पर इंजीनियर को मुनाफा हुआ। उनको मुनाफे समेत रकम निकालने की अनुम. ति भी दी गई। इसके बाद इंजीनियर को यकीन हो गया कि उनका धन सही जगह पर निवेश कराया जा रहा है। उन्होंने मुनाफे के चक्कर में 10 से अधिक बार में 71 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। अचानक पीड़ित को रुपये की आवश्यकता पड़ गई। ऐसे में उन्होंने मुनाफे समेत रकम निकालने का प्रयास किया। इस दौरान ठगों ने पीड़ित को लोन भी दिया। बताया गया कि विभिन्न करों और लोन का ब्याज चुकाने के बाद ही रकम निकल सकेगी। बार-बार रुपये वापस करने के लिए कहने पर ठगों ने इंजीनियर को ग्रुप से ही बाहर कर दिया। उस कथित महिला पूजा का नंबर भी बंद आने लगा। इसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। ग्रुप पर मुनाफे के स्क्रीनशॉट भेजे पीड़ित ने बताया कि उसे जिस ग्रुप में जोड़ा गया था, उसमें कई सदस्य पहले से ही जुड़े थे। वे निवेश पर होने वाले मुनाफे के स्क्रीनशॉट रोजाना ग्रुप पर ही साझा कर रहे थे। सदस्यों के मुनाफे के स्क्रीनशॉट को देखने के बाद ही इंजीनियर ने निवेश करने का सोचा। ठगी के बाद पीड़ित को इसकी जानकारी हुई कि ग्रुप के जो सदस्य थे, वे भी ठग गिरोह के ही थे। वे मुनाफे का स्क्रीनशॉट इसलिए साझा कर रहे थे ताकि नए सदस्य को निवेश के लिए उकसाया जा सके। पीड़ित का कहना है कि उसने जिंदगी भर की जमा पूंजी ठगी में गंवा दी।

रकम फ्रीज कराने की प्रक्रिया शुरू एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि ठगी की रकम जिन खातों में गई है, उनसे संबंधित बैंकों के अधिकारियों से संपर्क किया गया है ताकि ठगी की रकम को फ्रीज और होल्ड कराया जा सके। पुलिस को कुछ रकम फ्रीज कराने में सफलता मिल गई है। शेष रकम को भी होल्ड और फ्रीज कराने का प्रयास किया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि ठगी की रकम किराये के खातों में ट्रांसफर हुई। जिन खातों में ठगी की रकम गई, उन्हें देश के अलग-अलग हिस्से में खोला गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने के साथ ही एनसीआरपी पोर्टल पर भी की थी।

# पिता-पुत्र पर फायरिंग

**आरोपी से पुलिस ने बरामद की पिस्तौल, दो कारतूस मिले**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 थाना पुलिस ने पिता-पुत्र पर फायरिंग करने के आरोपी विकास को कस्टडी रिमांड पर लेकर वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए हैं। यह मामला 25 अक्टूबर को सैनी गांव में हुआ था।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी विकास ने अपने साथी के साथ मिलकर स्वतंत्र नागर के घर में घुसकर उन पर और उनके पिता पर फायरिंग की थी। गोलीबारी में दोनों बाल-बाल बच गए थे। वारदात के बाद विकास अपने साथी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गया था।

घटना के कुछ दिन बाद विकास और उसका साथी कोर्ट में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। पुलिस ने आरोपी को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसमें उसकी निशानदेही पर घर के सोफे के अंदर छिपाई गई पिस्तौल और कारतूस मिले।

ईकोटेक-3 थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद हथियार को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है और साथी आरोपी से भी पूछताछ जारी है।

पुलिस का कहना है कि फायरिंग के पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है।

## कैंटर ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचला, मौत

**ग्रेटर नोएडा।** नवादा गोल चक्कर के समीप गुरुवार की शाम सड़क पार कर रहे युवक को कैंटर ने कुचल दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लेकर आरोपी चालक को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से हमीरपुर का रहने वाला 27 वर्षीय नरेश नवादा गांव में परिवार के साथ किराये के मकान में रहता था। गुरुवार की शाम नवादा गोल चक्कर के समीप नरेश सड़क पार कर रहा था। इसी बीच कैंटर ने नरेश को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल नरेश को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कैंटर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया।

# प्रदूषण नियंत्रण बैठक में अधिकारियों की गैरहाजिरी पर प्रिंसिपल सेक्रेट्री नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्रदूषण की रोकथाम को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति पर प्रिंसिपल सेक्रेट्री अनिल कुमार ने कड़ी नाराजगी जताई गई। अगली समीक्षा मेरठ में होगी, जहां सभी विभागों के अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के सख्त निर्देश दिए गए। प्रदूषण हॉटस्पॉट कम करने पर विशेष बल दिया गया और इनकी दिशा में कारगर कदम उठाने की जरूरत पर जोर दिया गया। बैठक में नोएडा से नवंबर 2026 तक 1.85 लाख से अधिक पुराने वाहनों को बाहर करने की योजना पर चर्चा हुई। दिल्ली में बीएस-4 के कम वर्ग के वाहनों पर पाबंदी लगाई जाएगी।

डीसीपी ट्रैफिक नोएडा ने 1 नवंबर से 6 नवंबर 2025 तक 9719 प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी दी। खुर्जा में एक्यूआई में 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर प्रमुख सचिव नाराजगी व्यक्त की गई, जबकि बुलंदशहर में विभागीय अधिकारियों के कामकाज में तालमेल की कमी उजागर हुई।

**प्रभावी डस्ट प्रबंधन से घटेगा प्रदूषण:** जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने गांवों में प्रदूषण, सफाई की कमी और गांवों को हॉटस्पॉट में शामिल न करने पर असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि जेवर में विश्व का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है, यदि डस्ट प्रबंधन प्रभावी हो तो 50 प्रतिशत प्रदूषण पर अंकुश लग सकता है। बैठक में राज्य मंत्री डा अरुण कुमार सक्सेना सभी विभागों से समन्वय बढ़ाने और तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए गए, ताकि क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सुधर सके। इस मौके गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, हापुड़ और गाजियाबाद के तमाम आलाधिकारी मौजूद रहे। गौतमबुद्ध नगर जिले में डस्ट मैनेजमेंट के लिए 20 वाटर स्प्रिंकलर, 224 एंटी-स्मॉग गन और 94 एमआरएसएमएस मशीनें तैनात की गई हैं, जबकि गाजियाबाद में 14 वाटर स्प्रिंकलर, 41 एंटी-स्मॉग गन और 107 एमआरएसएमएस मशीनें लगाई गई हैं। प्रदूषण हॉटस्पॉट की बात करें तो गाजियाबाद में 5, हापुड़ में 2, गौतमबुद्ध नगर में 7 और बुलंदशहर में 5 हॉटस्पॉट चिह्नित किए गए हैं।

## एक नजर

### झुग्गियों में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र स्थित भगत चौक के पास शुक्रवार शाम कबाड़ और झुग्गियों में भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते आधा दर्जन से अधिक झुग्गियां जलकर राख हो गईं। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। शुरुआत में मौके पर दो गाड़ियां भेजी गई थीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के स्टेशनों से और गाड़ियां बुलाई गईं। दमकल अधिकारी ने बताया कि आग कबाड़ से लगी और तेज हवा के कारण तेजी से फैलती गई, जिससे पास की कई झुग्गियां इसकी चपेट में आ गईं। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में दमकलकर्मियों की मदद की। राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई और न ही कोई व्यक्ति झुलसा है। फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। घटना में झुग्गियों में रखे घरेलू सामान और कबाड़ के जलने से हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। दमकल विभाग आग के कारणों की जांच कर रहा है। पुलिस ने एहतियातन आसपास के क्षेत्र को घेराबंदी कर लिया है ताकि कोई पुन: हादसा न हो।

### पजल पार्किंग बनाने के लिए चार एजेंसी आगे आई

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-63 में पजल पार्किंग बनाने के लिए चार एजेंसी आगे आई हैं। अब इनके कागजातों की जांच की जाएगी। इसके बाद फाइनेनशियल बिड खोली जाएगी। यह जिले की पहली पार्किंग है। नोएडा प्राधिकरण ने अक्तूबर महीने में पजल पार्किंग के लिए टेंडर जारी किया था। पहले इस टेंडर में आवेदन करने का समय 31 अक्तूबर था जिसके बाद तारीख बढ़ाते हुए 6 नवंबर कर दी गई थी। अब शुक्रवार को सेक्टर-63 के जी ब्लॉक पार्क के पास बनने वाली पजल पार्किंग का टेंडर खोला गया। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इसमें चार एजेंसियों के आवेदन आए हुए थे।
अब सोमवार से इन एजेंसियों के कागजातों की जांच शुरू की जाएगी। सभी एजेंसियों के कागजात सही पाए गए तो फाइनेनशियल बिड खोली जाएगी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि यह प्रक्रिया इस महीने के अंत तक पूरी कर ली जाएगी। अगर इसी टेंडर के तहत एजेंसी का चयन हो जाता है तो जनवरी 2026 से पार्किंग का काम शुरू करा दिया जाएगा। अगर इस टेंडर प्रक्रिया में काम नहीं हुआ तो फिर और वक्त लगेगा। इस पार्किंग का निर्माण 13 करोड़ 98 लाख 86 हजार रुपये की लागत से कराया जाएगा। यह पार्किंग चार मंजिल की होगी जिसमें हाइड्रोलिक प्लेटफार्म के जरिए कार ऊपर-नीचे खड़ी की जाएगी। लोहे के स्ट्रक्चर पर इसे बनाया जाएगा और हाईड्रोलिक प्लेटफार्म लगाए जाएंगे। इसका निर्माण 800 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में होगा। यहां पर पार्किंग बनाने के साथ ही दोनों तरफ वाहनों के आवागमन को फुटपाथ भी बनाया जाएगा। पार्किंग के सामने और दोनों तरफ प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग लगाने की भी जगह होगी।

# दोहरे हत्याकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जारचा क्षेत्र के सैंथली गांव में हुए दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि तीन आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दीवाली के दिन नाली के पानी के विवाद को लेकर सैंथली गांव में पड़ोसियों में विवाद हो गया। इसके बाद चाचा अजयपाल और भतीजे दीपांशु की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

इस मामले में मृतक परिवार की ओर से मनोज, प्रिंस भाटी, बॉबी तौंगड़, सोनू और जितेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया।

इस दोहरे हत्याकांड में आरोपी मनोज ने गाजियाबाद, प्रिंस ने बुलंदशहर और बॉबी तौंगड़ ने अलीगढ़ कोर्ट में सरेंडर कर दिया



था। पुलिस ने सरेंडर करने का प्रयास कर रहे सचिन को कोर्ट से गिरफ्तार किया था। अब पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी जितेंद्र को आनन्दपुर गांव के ईंट के भट्ठे से गिरफ्तार किया। पुलिस अब इस दोहरे हत्याकांड के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 नवंबर से होंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित महात्मा गांधी कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 नवंबर से होंगी। कॉलेज प्रशासन ने परीक्षा के लिए समय सारिणी और निगरानी व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है। इससे जुड़ी जानकारी कॉलेज की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्षाएं जारी नोएडा। सेक्टर-39 स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 नवंबर से शुरू होंगी। कॉलेज प्रशासन अतिरिक्त कक्षाएं चला रहा है। इन कक्षाओं में शिक्षक विद्यार्थियों को कठिन विषयों की पुनरावृत्ति कराने के साथ-साथ परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

# जमीन कब्जाने को लेकर किसानों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के रौनीजा गांव में किसानों ने एक निजी बिल्डर पर बिना अधिग्रहण राशि दिए जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है। गुरुवार को राष्ट्रीय किसान यूनियन के नेतृत्व में सैकड़ों किसान मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि बिल्डर ने उनकी धान और गेहूं की फसलें नष्ट कर दीं और जबरन जमीन पर कब्जा कर लिया।

किसानों के अनुसार, प्राधिकरण ने बिना मुआवजा दिए उनकी जमीन एक निजी बिल्डर को आवंटित कर दी। इसके बाद बिल्डर ने बाउंसरों और जेसीबी मशीनों की मदद से खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद कर दीं। साथ ही पशुओं के लिए रखे भूसे और बाड़े को भी तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई से नाराज किसानों ने भारी संख्या में पहुंचकर हंगामा और नारेबाजी की। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसानों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस और प्राधिकरण पर बिल्डर से मिलीभगत का आरोप लगाया। बाद में रौनीजा गांव में किसानों की महापंचायत बुलाई गई, जिसमें बिल्डर के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सार्वजनिक माफी की मांग की गई। किसानों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी बिल्डर ने इसी तरह फसल नष्ट कर जमीन पर कब्जा किया था, और शिकायत करने पर पुलिस ने किसानों को हिरासत में लेकर जबरन समझौते का दबाव बनाया था। हंगामे की सूचना मिलते ही जेवर विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने सदर तहसील और यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ पहुंचकर कब्जाई गई जमीन की पैमाइश कराई।

# 718 बीएलओ और 72 सुपरवाइजर ने ही एसआईआर का कार्य शुरू किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की गति बेहद धीमी है। इस सुस्ती का कारण बीएलओ द्वारा अभियान में अपेक्षित भागीदारी न करना है। अबतक सिर्फ 718 बीएलओ व 72 सुपरवाइजर ने ही फार्म बांटने शुरू किए हैं, जबकि हजारों बीएलओ अबतक निष्क्रिय है। सदर एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलओ को कार्यभार सौंपा जा चुका है। इसके लिए एक समय सीमा भी निर्धारित की गई है। 4 नवंबर से जिले में यह अभियान जारी है, जोकि करीब एक माह तक चलेगा। लगातार दो दिनों से कार्य में लापरवाही बरतने पर करीब 300 बीएलओ व सुप. रवाइजर समेत अफसरों तक के वेतन रोके जा सके पर अभी तक अभियान ने गति नहीं पकड़ी है।

बताया कि जिले में कुल 1868 बीएलओ और 191 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए है, जिनमें से सिर्फ 718 बीएलओ व 72 सुपरवाइजर ने ही फॉर्म बांटने का काम शुरू किया है। बताया गया कि अभियान शुरू न करने वाले बीएलओ को फोन कॉल, व्हाट्सएप पर मैसेज समेत अन्य तरीकों से कार्य शुरू करने के लिए आदेश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन उनकी तरह से अभी तक काम शुरू नहीं हुआ। सभी को एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी जारी की गई है।

## ग्रेनो में महिला प्रो कबड्डी लीग कराने की तैयारी

**नोएडा।** जिले में महिला प्रो कबड्डी लीग (डब्लूकेएल) का आयोजन ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कराने की तैयारी है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आयोजकों से संपर्क किया है। हालांकि, आयोजन से पहले आयोजकों की एक टीम स्टेडियम का निरीक्षण करने के लिए आएगी। देश की महिला कबड्डी खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए 2023 में यह लीग शुरू की गई थी। इसका पहला सीजन दुबई में खेला गया था। इसमें आठ टीमें बेंगलुरु हॉक्स, दिल्ली डायनामाइट्स, महान मराठा, उमा कोलकाता, हरियाणा हसलर्स, पंजाब पैंथर्स, राजस्थान राइडर्स, गुजराती देवदूत की टीम ने हिस्सा लिया था। जानकारी के अनुसार आयोजक महिलाओं की लीग को ग्रेटर नोएडा में करने पर विचार रहे है। आयोजक जल्द पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का दौरा कर सकते हैं।

# नोएडा प्राधिकरण ने गांवों में चलाया सफाई अभियान

**नालियों और सीवर की होगी डीप क्लीनिंग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं में सुधार के लिए नोएडा प्राधिकरण ने बड़ा अभियान शुरू किया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लोकेश एम. की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में 09 ग्रामों बरौला, सादापुर, छलेरा, भंगेल, सलारपुर, मोरना, राघुपुरा, झुंडपुरा और भट्टा में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणाकर, महेन्द्र प्रसाद, ए.के. अरोड़ा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों को गांवों



की सीवर, नालियों, सड़कों और जल निकासी व्यवस्था की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सीईओ ने निर्देश दिया कि सभी गांवों में सीवर लाइन और मेन होल की सफाई का एक माह का विशेष अभियान चलाया जाएगा।।जहां सीवर ओवरफ्लो की शिकायतें अधिक हैं, वहां छोटे पंप लगाकर पानी निकासी की व्यवस्था की जाएगी।

छोटी सीवर लाइनों को बड़ी लाइनों से जोड़ा जाएगा, ताकि पानी का निकास सुचारु रूप से हो सके।।स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि सभी गलियों की सफाई एक माह में पूरी की जाए और इसकी रिपोर्ट प्रतिदिन भेजी जाए। जिन जगहों पर नालियों में अवरोध के कारण जलभराव हो रहा है, वहां जेटिंग मशीन से सफाई कराई जाएगी। गांवों में कूड़े के ढेर हटाकर खाली स्थानों को हरा-भरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी वेंडिंग जोनों की सफाई और कचरे के निस्तारण की व्यवस्था प्रतिदिन सुबह-शाम की जाएगी। गांवों में टूटी नालियों और टूटे ढक्कनों की मरम्मत का कार्य एक माह में पूरा करने के आद. `श दिए गए हैं। जहां नालियों पर रैंप या सीढ़ियां बनाकर पानी के प्रवाह को रोका गया है, वहां ग्रामवासियों के सहयोग से डीप क्लीनिंग कराई जाएगी।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभियान की नियमित समीक्षा की जाएगी और प्रत्येक गांव में अधिकारियों की टीम निगरानी करेगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# गुरु नानक जयंती पर हर्षोल्लास से निकला नगर कीर्तन



■ जगह-जगह पुष्प बरसाकर नगर कीर्तन का किया गया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** गुरू नानक देव की जयंती के मौके पर नगर में हर्षोल्लास के साथ नगर कीर्तन निकाला गया। कीर्तन में कई अखाड़े तरह-तरह के करतब दिखाते हुए चल रहे थे। नगर कीर्तन का लोगों ने जगह-जगह पुष्प बरसाकार जोरदार स्वागत किया। नगर कीर्तन में पंच प्यारे के स्वरूप साथ चल रहे थे और गुरू ग्रंथ साहिब की पालकी के पीछे महिलाएं गुरूवाणी पढ़ती हुई चल रही थीं। सेवाकार पालकी के आगे का रास्ता स्वच्छ करते हुए चल रहे थे।

शुक्रवार को गुरू नानक देव की जयंती पर गुरू सिंह सभा की ओर से मोहल्ला रामलीला स्थित गुरूद्वारे से धूम धाम के साथ नगर कीर्तन निक. ाला गया। नगर कीर्तन में गुरू ग्रंथ साहिब की पालकी के आगे पंच प्यारे के स्वरूप चल रहे थे और पालकी के पीछे महिलाएं गुरूवाणी पढ़ती हुई चल रहीं थीं। सेवाकार पालकी के आगे का रास्ता स्वच्छ करते हुए चल रहे थे। नगर कीर्तन में जनकपुरी गुरूद्वारा बरेली, गुरूद्वारा उत्तमनगर, गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा के जत्थे साथ चल रहे थे। नानकमत्ता साहिब से आई गतका पार्टी ने हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए चल रही थी। नगर कीरतन का नगर में कई जगह पुष्प बरसाकर स्वागत किया गया। रामलीला गुरूद्वारे से शुरू हुआ नगर कीर्तन नैनीताल रोड होते हुए पंजाबी कॉलीनी स्थित गुरूद्वारे पर जाकर समाप्त हो गया। इस मौके पर गुरू सिंह सभा के प्रधान सरदार निरंजन सिंह, सरदार सतनाम सिंह, सरदार कुलविंदर सिंह, सरदार बलजिन्दर सिंह, सरदार अमरिंदर सिंह, सरदार परमजीत सिंह, सरदार रंजीत सिंह, सरदार कलवंत सिंह, सरदार प्रेमवीर सिंह समेत तमाम सिख समुदाय से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# पूरी तत्परता और ईमानदारी से बीएलओ करें काम: डीएम

■ डीएम ने मतदेय स्थलों के संभाजन को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

■ ग्रामीण क्षेत्रों में आमजनमनस को मतदान में सम्मिलित होने हेतु किया जाए ज्यादा से ज्यादा प्रेरित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त राजनैतिक दलों को मतदान केन्द्र तथा मतदेय स्थलों की सूची उपलब्ध करायी जाए, जिससे कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यदि कोई बीएलओ अपना कार्य नहीं कर रहा है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दलों को ईआरओ व एईआरओ को सूची उपलब्ध करायी जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिए कि निर्वाचन के समय बिना परमिशन के कोई भी बीएलओ अवकाश पर मुख्यालय से बाहर न भेजा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में डुगडुगी बजवाकर मतदाताओं को अधिक से अधिक मत डालने हेतु प्रेरित किया जाए और निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार मतदेय स्थलों का निर्धारण करने के पश्चात मतदेय स्थलों की एक नयी सूची तैयार की जायेगी, तत्पश्चात मतदेय स्थलों की इस आलेख्य सूची पर विधायकों, सांसदों एवं राजनैतिक दलों के साथ एक बैठक की जायेगी, जिसमें विचार विमर्श कर सूची को अन्तिम रुप दिया जाएगा।

बैठक में उन्होंने कहा कि अधिक पुराने व जर्जर भवन वाले मतदेय स्थलों को मतदान क्षेत्र के अंतर्गत उपलब्ध स्थाई भवन में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सर्वप्रथम दिनांक 29 अक्टूबर से 04 नवम्बर 2025 तक मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन, पुनर्निधारण एवं नये मतदेय स्थल स्थापित करने हेतु भवनों का चिन्हांकन, 06 नवम्बर से 07 नवंबर 2025 मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तैयार कराना, 10 नवम्बर को आपत्तियों एवं सुझावों हेतु मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन, 10 नवम्बर को मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराना, 18 नवम्बर को वर्तमान संसद सदस्यों, विधानसभा सदस्यों तथा माान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठकों के आयोजन के पश्चात शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण के बाद सूची को अन्तिम रूप दिया जाना, 19, 20 व 21 नवम्बर तक जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी संलग्नकों सहित मतदेय स्थलों का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को आयोग के अनुमोदनार्थ भेजने हेतु उपलब्ध कराया जाना, 24 नवम्बर तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा सम्भाजन संबंधी प्रस्ताव आयोग के अनुमोदनार्थ प्रेषित किया जाना है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, ईआरओ/एईआरओ, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जिला पंचायत सदस्य मुन्ने अंसारी के प्रयासों से शुरू हुआ सड़क निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** बड़ी नहर की पुलिया से ग्राम अहमदाबाद को जोड़ने वाला मार्ग लंबे समय से अधूरा पड़ा था, ग्रामीण लगातार इस मार्ग को पूरा कराए जाने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। जिला पंचायत वार्ड सात के सदस्य मुन्ने अंसारी के प्रयासों के चलते आठ सौ मीटर का यह टुकड़ा बनना शुरू हो गया है।

ग्राम अहमदाबाद कुआं डांडा, मूसापुर, भागोटीपुर, रतना चुन्नीलाल, मिल्क, अली नगर, दीवनापुर, हरहरपुर चौधरी, चांदपुर माफी आदि ग्रामों सहित अनेक ग्राम वासियों का जुड़ाव इसी मार्ग से है। इस मार्ग का निर्माण होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। साथ ही जिला पंचायत सदस्य मुन्ने अंसारी की प्रशंसा की जा रही है।

### वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर देवरनियां थाने में गूंजा देशभक्ति गीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को बहेड़ी के कोतवाली देवरनियां में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूरा थाना परिसर देशभक्ति के माहौल में रंग गया। देव. रनियां थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में थाने के सभी दरोगा, कांस्टेबल और महिला कांस्टेबल शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया, जिससे वातावरण में देशभक्ति का जोश भर गया। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और जनसेवा के प्रति समर्पण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में एसएसआई नवदीप सिंह, रिछा चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह, एसआई मुकेश कुमार और राहुल सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



### उर्से सुल्तानी के कुल की रस्म हुई अदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** शुक्रवार को उर्से सुल्तानी के कुल की रस्म सुल्तानी मैदान में अदा की गई जिसमें काफी भीड़ भाड़ रही मेले की सुरक्षा को लेकर थाना पुलिस व पीएसी बल भी मुस्तैद रही।

हर साल की तरह इस साल भी हजरत सय्यद सुल्तान शाह बाबा रहमतुल्लाहअलेह के कुल की रस्म अदा की गई जिसमें क्षेत्र के आस पास के तमाम गांव के लोगों की काफी भीड़ भाड़ रही। कुल में सुबह से ही नातों और मनकब्त का सिलसिला जारी रहा जिसमें क्षेत्र के कई गांवों के मौलाना और नातखुआं शामिल रहे। कुल की रस्म शुक्रवार को दोपहर दो बजकर चालीस मिनट पर दूरूद व कुरान की आयतों के साथ अदा की गई उसके बाद देश में अमन और चौन की दुआ की गई। कुल की फतेहा में मुफ्ती शाहिद रजा मदारी, मौलाना मोहम्मद फाजिल हुसैन, हाफिज इसरार खान, हाफिज फुरकान खान मदारी, मौलाना फैजान खान मदारी, मौलाना अशरफ खां, हाफिज अमीनुद्दीन के साथ साथ और तमाम मौलाना शामिल रहे।

मेले की व्यवस्था को लेकर मेले के सदर नाजिमउद्दीन, नायब सदर गुलाम मोहम्मद, सेक्रेटरी मुंशी रजा खां, लंगर इंचार्ज उस्मान खां ट्रांसपोर्टर, लंगर इंचार्ज जहांगीर (बिल्डर), मुस्ताक खां, महमूद रजा,हाजी मसीत खां, साबिर खां (शिफा रेस्टोरेंट) आदि सुल्तानी कमेटी के मेम्बर सुल्तानी मेले में देखरेख में लगे रहे। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह, चौकी प्रभारी सौरभ कुमार, एसआई वीरेश कुमार, एसआई सोमपाल सिंह,हेड कांस्टेबल हरिओम,कांस्टेवल अरविंद कुमार, कांस्टेवल महिपाल, कांस्टेबल अंतरिक्ष,कांस्टेबल कुलदीप,कांस्टेबल शान्ति स्वरूप व एक प्लाटून पी ए सी बल मेले में तैनात रहा।

### बरेली में केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा बोले बिहार में बनेगी एनडीए की सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** एसआईआर अभियान को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पक्ष के साथ ही विपक्ष को भी इस पहल का स्वागत करना चाहिए। देश में पहले भी एसआईआर हुआ है। इससे मतदाता सूची से संबंधित विसंगतियां दूर होंगी।

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को बरेली के कंपनी गार्डन, योग सदन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने आए केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने बिहार के विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि एनडीए पूर्ण बहुमत के साथ फिर सरकार बनाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की डबल इंजन की सरकार को बिहार की जनता का पूरा समर्थन प्राप्त है। एसआईआर अभियान को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पक्ष के साथ ही विपक्ष को भी इस पहल का स्वागत करना चाहिए। देश में पहले भी एसआईआर हुआ है। इससे मतदाता सूची से संबंधित विसंगतियां दूर होंगी। बीएल वर्मा ने कहा कि सभी राजनीतिक दल अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के माध्यम से इस अभियान को सफल बनाएं। ताकि, एक भी मतदाता छूटने न पाए और मतदाता सूची में जो भी विसंगतियां हों वह दूर हो सकें। केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि वंदे मातरम गीत लिखने वाले महापुरुष को हम नमन करते हैं। तिरंगा हाथ में लेकर इस गीत को गाने पर गजब की सकारात्मक ऊर्जा मिलती है और उत्साह का संचार होता है। वंदे मातरम को लेकर कोई तुष्टिकरण की राजनीति न करें। ऐसा करना देश की आजादी के नायकों का अपमान करने के समान होगा। हमारे देश की आजादी के नायक क्रांतिकारी वंदे मातरम गीत गाकर ही अंग्रेजों से लंबी लड़ाई लड़े थे।

### डीएम ने की जीरो पॉवर्टी अभियान की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने पंचायती राज विभाग के जीरो पॉवर्टी उत्तर प्रदेश अभियान की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में प्रधानों के विरुद्ध जांच और वसूली के मामलों पर भी चर्चा की गई।



डीएम ने जीरो पॉवर्टी पोर्टल पर मुख्यमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का शीघ्र चयन कर उन्हें आवास उपलब्ध कराए जाएं। इसके अतिरिक्त, सभी खंड विकास अधिकारियों को पिछली आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती में पाई गई त्रुटियों को इस बार की भर्ती में न दोहराने के निर्देश दिए गए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा के दौरान, 69 लाभार्थियों को अभी तक योजना का लाभ न मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल इन लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

श्रम विभाग को भी पोर्टल पर पिछले दो माह से लंबित मामलों की अधिक संख्या में सुधार करने के निर्देश दिए गए। हर घर जल योजना और उज्ज्वला योजना के तहत छूटे हुए लाभार्थियों का चयन भी अतिशीघ्र कर उन्हें लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर और जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# इज्जतनगर मंडल में वंदे मातरम का सामूहिक गायन आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वें स्मरणोत्सव दिवस पर सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा था, जिसके तहत मंडल के सभी कार्यालयों और स्टेशनों पर यह आयोजन हुआ। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा और अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार मौजूद रहे। उनके साथ सभी शाखा अधिकारियों, मान्यता प्राप्त यूनियन के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने भी बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया।

इस सामूहिक गायन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश में मातृभूमि की एकता, बलिदान और देश प्रेम के मूल्यों को बढ़ावा देना था। इसका लक्ष्य आपसी सद्भाव को मजबूत करना और राष्ट्रीय भावना को जागृत करना भी था।

# कस्बे में दो रोजा उर्स ए इम्तियाजिया 20 और 21 नवम्बर को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** हर साल की तरह इस साल भी जश्ने साबिर बड़ी ही धूमधाम और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। जश्ने साबिर के दौरान दो रोजा उर्स ए इम्तियाजिया का भी आयोजन किया गया है।

कस्बे की करबला रोड स्थित खानकाह ए सवारिया, इमदादिया, इम्तियाजिया के सज्जादा नशीन सूफी अंसार अहमद की जेरे सरपरस्ती में आयोजित होने वाले इस दो रोजा उर्स ए इम्तियाजिया कमेटी के मुतावल्ली फरियाद अहमद, सदर अय्यूब अहमद, सेक्रेटरी जमील अहमद द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक 20 नवम्बर दिन जुम. रात और 21 नवम्बर दिन जुमा को उर्स ए इम्तियाजिया मनाया जाएगा। पहले दिन कुरान ख्वानी के साथ ही दीगर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, और दूसरे दिन यानि 21 नवम्बर को लंगर आम के साथ ही कुल शरीफ की फातेहा के वाद उर्स का समापन होगा। उन्होंने कस्बे के साथ ही सिलसिले के लोगों से उर्स में शिरकत करने की अपील की है।

# कहारान बस्ती में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष

■ महिला, मासूम बच्ची सहित आधा दर्जन लहूलुहान

■ पुरानी रंजिश में घर पर बोला गया हमला

■ छत से बरसे ईंट-पत्थर, गलियों में मचा हाहाकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला कहारान में शुक्रवार दोपहर उस समय दहशत फैल गई, जब कुछ दबंग हाथों में बांका, लाठी-डंडे लेकर एक घर पर टूट पड़े।

घटना में महिला, पुरुष और मासूम बच्ची सहित आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।



बस्ती की पूजा पत्नी निखिल ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे वह घर पर खाना खा रही थी, तभी पड़ोस के कई लोग एकजुट होकर घर में घुस आए, और बंका से हमला कर दिया। विरोध करने पर वह और उसकी देवरानी तुलसी पर ताबड़तोड़ बार किए गए। हमले में पूजा गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ी। शोर सुनकर सास राजो देवी, ननद पूजा और पति निखिल बचाने पहुंचे तो उन पर भी हमलावरों ने हमला कर दिया। निखिल के सिर पर बंका से बार कर उसे लहूलुहान कर दिया गया। इतना ही नहीं, हमलावरों ने घर की छत पर चढ़कर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए, जिससे घर में मौजूद दो वर्षीय मासूम बच्ची के सिर पर भी चोट लग गई। स्थानीय लोगों ने बामुश्किल सभी को बचाया।

पति निखिल ने बताया कि गुरुवार रात भी यही लोग घर में घुसकर पूजा की ननद के साथ अश्लील हरकतें कर चुके थे। विरोध करने पर मारपीट हुई थी, जिसकी तहरीर थाने में दी गई थी। उसी रंजिश में शुक्रवार को यह हमला किया गया। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गई। पुलिस ने कई लोगों से पूछताछ की है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है, खास बात यह है कि पुलिस को कोई भी आरोपी नहीं मिल पाया। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, जिसकी गहनता से जांच की जा रही है।

# बरेली नगर निगम में एबीवीपी का बवाल: नगर आयुक्त से धक्का-मुक्की



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** नगर निगम कार्यालय में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कई मांगों को लेकर हंगामा किया। जिससे नगर आयुक्त के साथ धक्का-मुक्की हुई। कर्मचारियों ने छात्र नेताओं पर गुंडागर्दी का आरोप लगाया। जबकि सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल की घोषणा कर दी।

नगर नगम कार्यालय परिसर में शुक्रवार दोपहर उस वक्त हंगामा हो गया, जब अखिल भारतीय विद्यार्थी

■ कर्मचारियों ने गेट पर खड़े किए बुलडोजर

परिषद (एबीवीपी) के छात्र नेता बरेली कॉलेज के हॉस्टल संबंधी व अन्य मांगें लेकर पहुंचे। छात्र नेताओं ने नगर आयुक्त का घेराव कर नारेबाजी की। नगर आयुक्त कार्यालय से बाहर आए तो उन्हें रो. कने का प्रयास किया गया। इसके बाद वह सुरक्षाकर्मियों के साथ पैदल ही अपने आवास की ओर चले गए। घटना के बाद नगर निगम का गेट बंद कर दिया गया। कर्मचारियों ने बाहर दो बुलडोजर खड़े कर दिए। नगर निगम के कर्मचारियों का आरोप है कि छात्र नेताओं के साथ 50-60 युवक आए और हंगामा करने लगे। कार्यालय में घुसकर नगर आयुक्त पर हावी हो गए थे। कर्मचारियों ने छात्र नेताओं पर मारपीट करने का आरोप लगाया। वहीं छात्र नेताओं का आरा. ेप है कि उनसे धक्कामुक्की कर मारपीट की गई। इसके बाद वह सभी नगर निगम में धरने पर बैठ गए।

एबीवीपी के विभाग संगठन मंत्री अवनी यादव ने बताया कि हॉस्टल संबंधी व सफाई व्यवस्था की मांग लेकर नगर निगम गए थे। आरोप है कि वहां कर्मचारियों ने उनसे धक्कामुक्की कर अभद्रता की। विभाग सह संयोजक श्रेयांश बाजपेई ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों ने छात्रों को घेरकर पीटा। कई छात्रों को चोटें भी आई हैं।

### नगर आयुक्त के समर्थन में आए कर्मचारी

नगर निगम में प्रदर्शन के बाद सफाई कर्मचारी भी उग्र हो गए। कर्मचारी नेता राजकुमार समदर्शी ने कहा निगम में प्रदर्शन करने वाले छात्र नहीं बल्कि गुंडे हैं। उन्होंने नगर आयुक्त के साथ अभद्रता की। बोले नगर आयुक्त कहां हैं। गेटों पर धक्कामुक्की की। नारेबाजी करने के साथ गाली गलौज भी की। कर्मचारियों के साथ मारपीट की। प्रवर्तन दल के सुरक्षाकर्मियों ने आकर उन्हें बचाया। घटना के विरोध में सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल का एलान कर दिया। कहा कि अगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सफाई व्यवस्था भी बंद रहेगी।

# देवरनियां पुलिस ने दो दिन में 13 लोगों पर की शांतिभंग की कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां पुलिस द्वारा जीरो टॉरलेंस के तहत अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ की कार्रवाई की जा रही है। दो दिन में पुलिस 13 लोगों पर शांतिभंग में कार्रवाई कर चुकी है।

थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने जब से कोतवाली देवरनियां का चार्ज संभाला है, तब से अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। वूहस्पतिवार को आगजनी और फायरिंग मामले में पूर्व विधायक के पौत्र समेत चार आरो. पियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद शुक्रवार को विभिन्न मामलों में छह लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि गांव दोपहरिया निवासी जाकिर, राजूनगला निवासी सचिन, रोहिला निवासी रोहित और प्रदीप, मुकेश, नेत्रपाल को पकड़कर विभिन्न मामलों में शांतिभंग में कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। इसके अलावा गुरुवार को भी सात लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई हुई थी।

# दस्तावेज लेखक एसोसिएशन का सालों से नहीं हुआ चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तहसील नवाबगंज में दस्तावेज लेखकों (कातिबों) के संगठन का चुनाव पिछले कई सालों से नहीं हुआ है, चुनवा कराए जाने की कई बार कातिबों ने मांग भी उठाई, लेकिन मौजूदा अध्यक्ष पर इसका कोई असर नहीं हुआ। उपनिबंधक कार्यालय में बैनामा आदि का कार्य करने वाले आधा दर्जन से अधिक दस्तावेज लेखक हैं, जिनका अपना एक संगठन (दस्तावेज लेखक एसोसिएशन) भी है। वर्तमान में वरिष्ठ कातिब सतेंद्रपाल सिंह राठौर इसके अध्यक्ष हैं। संगठन के सचिव रामचंद्र गंगवार का कुछ माह पहले निधन हो गया था, तब से यह पद भी अध्यक्ष के पास ही है। दस्तावेज लेखक राजेश कुमार सक्सेना के साथ ही कई कातिबों ने संगठन का चुनाव कराए जाने की कई बार मांग की, लेकिन संगठन के अध्यक्ष सतेंद्रपाल सिंह राठौर ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया। सतेन्द्र पाल सिंह राठौर को अध्यक्ष बने 20 सालों से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन उसके बाद भी वह चुनाव कराए जाने के लिए तैयार नहीं है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत करीमगंज विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करीमगंज विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में खड़न्जा निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम श्रेणी की ईंट, मिट्टी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-10.11.2025 को समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-11.11.2025 को समय दोपहर 2:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | परमजीत के मोड़ से बाबा सिंह के खेत तक खड़न्जा निर्माण | 3,96,589.00 |

**नाजरा** (प्रधान) **संजीव कुमार सिंह** (सचिव)

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

### हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# पुलिस लाइन में भव्यता के साथ मनाई वन्दे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ

■ वन्दे मातरम् केवल एक राष्ट्रीय गीत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय एकता और समर्पण का प्रतीक है: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रामपुर शहर स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में कार्यक्रम का भव्य आयोजन जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, जिला अधयक्ष भाजपा हरीश गंगवार एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वन्दे मातरम् के 150 वर्षों की गौरवगाथा पर आधारित विशेष प्रस्तुति के साथ किया गया, जिसमें राष्ट्रीय गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका तथा भारतीय समाज को एक सूत्र में जोड़ने में इसके योगदान का विस्तृत उल्लेख किया गया। प्रस्तुति के दौरान उपस्थित जनसमूह ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रगौरव और त्याग की भावना को महसूस किया। इसके उपरांत अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस बल तथा प्रतिभागियों द्वारा एक साथ सामूहिक वन्दे मातरम् गायन किया गया। सामूहिक स्वर में गूँजते वन्दे मातरम् ने पूरे परिसर में देशभक्ति और उत्साह का



वातावरण निर्मित किया। कार्यक्रम स्थल पर सहभागी जनसमूह में विशेष ऊर्जा और राष्ट्रभावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि वन्दे मातरम् केवल एक राष्ट्रीय गीत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय एकता और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 150 वर्षों की इस ऐतिहासिक यात्र ने हमें सिखाया है कि देश की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने युवाओं, कर्मचारियों और अधिकारियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जनपद व समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने का आहवान किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राष्ट्रीय गीत देश की अखण्डता, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग सदैव देश की सुरक्षा, समाज की शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम पुलिस बल के मनोबल को मजबूत करते हैं और उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति प्रेरित भी करते हैं।

भाजपा जिला अधयक्ष ने कहा कि वन्दे मातरम् ने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक देश की चेतना को प्रबल किया है। उन्होंने कहा कि 150वीं वर्षगाँठ राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं जनहित को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस बल के जवानों तथा कर्मचारियों के साथ ही स्कूली बच्चों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

# तेज रफ्तार से आ रहे कैंटर ने एक व्यक्ति को रौंदा मौके पर हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर बस स्टैंड पर शुक्रवार की सुबह शाहाबाद की तरु से तेज रफ्तार से आ रहे कैंटर ने एक व्यक्ति का सिर कुचलकर भाग निकला। मौके पर हुई मौत मिली जानकारी अनुसार सैफनी नगर निवासी कृष्णपाल जोशी उर्फ वीना मास्टर पुत्र बाबूराम जोशी लगभग उम्र 62 वर्ष शाहाबाद बिलारी मार्ग पर स्थित सर सैयद इंटर कॉलेज में एक शिक्षक रूप में कार्यरत थे। वह रोजाना की तरह शुक्रवार की सुबह लगभग 8 बजे साईकिल द्वारा सर सैयद इंटर कॉलेज में पढ़ाने के लिए जा रहे थे जैसे ही कृष्णपाल जोशी ऊँ बीना मास्टर ने रोड को पार करने के लिए अपनी साईकिल को मोड़ा तभी बराबर में खड़ी वैन से टकराकर सड़क पर गिर गए। तभी शाहाबाद की तरु से तेज रफ्तार से आ रहे कैंटर के नीचे सिर टायर के नीचे दबने से सिर बुरी तरह कुचल गया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई वही कैंटर चालक मौका देख तेज रफ्तार से भाग निकला कैंटर को किसी ने भी नहीं पहचाना इस हादसे को देख भीड़ लग गई किसी व्यक्ति ने मृतक वीना मास्टर के परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर मृतक के परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए वही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा अपनी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर परिजनों से जानकारी प्राप्त कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए रामपुर भेजा। थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस उस अज्ञात कैंटर की खोज में जुटी हुई है। नगर वासियों का कहना है कि मृतक कृष्णपाल जोशी उर्फ वीना मास्टर बहुत ही पुराने अधयापक थे



और बहुत ही सज्जन व्यक्ति थे। इनकी दर्दनाक मौत होने से नगर में मातम छाया हुआ है जबसे शाहाबाद बिलारी मार्ग का चौड़ीकरण हुआ है। तब से आए दिन हादसे होते रहते है इस मार्ग पर डिवाइडर न होने से भी खतरा बना हुआ है। वहीं इधार ई-रिक्शाओं की भारी संख्याओं में भीड़ बनी रहने के कारण भी हादसे बने रहते है। इस बड़ी दर्दनाक मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## पागल कुत्ते ने मचाया आतंक गांव के बच्चे सहित दंपति को काटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा।** गुरुवार को मंडैया सैंडोली गांव में एक पागल कुत्ते ने गांव की गलियों में आतंक मचा दिया। इस दौरान पागल कुत्ते के सामने जो भी आया उसको अपना शिकार बनाया। इस बीच उसने गांव के तीन लोगों को मुंह मार कर जख्मी कर दिया मंडैयाँ सैंडोली गांव में जुनैद मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। वह गुरुवार को घर से बाहर मजदूरी करने गए हुए थे। इसी बीच पांच वर्षीय बेटा शहनवाज खेलते खेलते घर से बाहर पहुंच गया और रास्ते में घूम रहे आवारा कुत्ते ने शहनवाज के हाथ के मुठे में मुंह मार कर जख्मी कर दिया। वह चीखता हुआ शाहनवाज घर में पहुंचा तो घर वालों ने घरेलू उपचार के बाद शुक्रवार को पागल कुत्ते के काटने से घायल शहनवाज को जिला अस्पताल ले जाकर रेबीज की डोज लगवाई वहीं 45 वर्षीय ताहिर और उनकी पत्नी 42 वर्षीय अफसाना शुक्रवार की सुबह 9 बजे घर के बाहर बैठे हुए थे इसी बीच वह पागल कुत्ता गली से गुजरता हुआ। पीछे से आया और दंपति पर हमला कर उनके सीधो हाथ में मुंह मार कर जख्मी कर दिया।

इन्होंने भी निजी वाहन से शुक्रवार की दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पहुंचकर पागल कुत्ते के काटने से होने वाली बीमारी से बचने के लिए रेबीज डोज लगवाई। इस घटना से गांव के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है गांव में पागल कुत्ते ने बच्चों का घर से निकलना दुश्वार कर दिया है। घर वाले और बच्चे डरे हुए हैं वह स्कूल जाने में भी हिचकिचा रहे हैं।

## भारत स्काउट और गाइड द्वारा आयोजित जनपदीय रैली के दूसरे दिन सीडीओ ने किया कैम्प फायर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारत स्काउट और गाइड द्वारा आयोजित जनपदीय रैली के द्वितीय दिवस के अवसर पर प्रात: 8 बजे स्काउट और गाइड झंडे का झंडारोहाण किया गया। इस दौरान आयोजित कैम्प फायर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी श्री गुलाब चंद्र द्वारा अग्नि प्रज्ज्वलन कर इसकी शुरुआत की गयी और सभी दिशाओं से प्रेम, समृद्धि, शांति और हरियाली आदि का आ]वान किया गया। साथ ही कैम्प फायर गीत श्श्आग हुई है रोशन आओ, आओ आग के पासश्श सभी अतिथिगण और प्रतिभागियों के द्वारा गाया गया।

स्काउट और गाइड की मीनार,



साहसिक क्रिया कलाप, वीना वर्तन, भोजन बनाना, सिग्नेलिंग संकेत वार्ता, क्राफ्ट, झांकी और प्रदर्शनी की प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमे स्काउट वर्ग में जनपद के जैन इंटर कॉलेज रामपुर, सुंदर लाल इंटर कॉलेज, राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज, चौधरी जमना दास इंटर कॉलेज बिलासपुर,आदर्श कृषक इंटर कालेज किरा, राजकीय इंटर कालेज पटवाई, राजकीय इंटर कॉलेज मानकपुर बंजरिया, गुरुनानक इंटर कॉलेज बिलासपुर उच्चतर माधयमिक विद्यालय खेमपुर, दर्शन अकादमी जूनियर हाइस्कूल, पूर्व माधामिक विद्यालय लालपुर कला, कम्पोजिट विद्यालय नरखेड़ा सनवे स्कूल नेघ प्रतिभाग किया। इसी प्रकार गाइड वर्ग में कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं, किरण वेदी गाइड कंपनी, राजकीय जुल्फीकार बालिका इंटर कॉलेज,राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कालेज विद्यामंदिर समूह, रामप्रसाद कन्या उच्चतर माधयमिक विद्यालय, नेहरू नगर पालिका डीएवी कन्या, उच्चतर प्राथमिक विद्यालय लालपुर राजकीय इंटर कॉलेज मानकपुर बंजरिया, पूर्व माधयमिक विद्यालय इमरता, राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य जिला आयुक्त बलराम सिंह, ओम प्रकाश सैनी सचिव, शिव ओम शर्मा, रीता जैसवार, अनिल कुमार शर्मा अरविन्द भास्कर, लक्ष्मी यादव, गीता सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

## चोरों ने दो घरों से लाखों रुपए नगद व सोने चांदी के जेवरों पर किया हाथ साफ

■ चोरी की तहरीर चौकी पुलिस को दे दी है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर के मोहल्ला भूवरा में बीती रात्रि अज्ञात चोर ने दो घरों मे चोरी को अंजाम दिया वार्ड 2 में चोरों ने विरेन्द्र पुत्र मोहन लाल के घर को निशाना बनाया विरेन्द्र के घर से हजारों रूपए का माल समेट कर ले गए। वहीं वार्ड 3 मे महेश राम के घर को निशाना बनाकर लाखों रुपए की नगदी सहित जेवरात पर हाथ सफ़ कर दिया। जानकारी के अनुसार, पुष्पा पत्नी महेश राम व विरेन्द्र निवासी भूवरा के घर बीती रात चोरों ने हाथ सफ़ कर दिया लाखो रुपए नगद सोने चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए महेश राम की लड़की कुछ दिन बाद शादी होनी थी। उसकी शादी मे सामान लाने के लिए पैसा खर्च करने के लिए रखा हुआ था और सोने चांदी के आभूषण रखे थे चोरों ने घर मे रखे तीन लाख रुपए सोने व चांदी के आभूषण की चोरी कर ले गए चोरी की तहरीर चौकी पुलिस को दे दी गई है। पीड़िता पुष्पा ने बताया कि देर रात जब परिवार के सभी लोग सो रहे थे, तभी अज्ञात चोर घर के पीछे से दीवार फांदकर अंदर दाखिल हुए और अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और कीमती सामान चोरी कर ले गए। सुबह उठने पर जब परिवार ने सामान बिखरा देखा तो उनके होश उड़ गए।घटना की सूचना मिलते ही चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच की। पीड़िता ने चोरी की तहरीर पुलिस को सौंपी है।

## दिल्ली स्ट्राइकर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राजस्थान वॉरियर को 108 रनों से किया पराजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम, रामपुर में आयोजित आईपीएल मिनी क्रिकेट प्रतियोगिता के आज के रोमांचक मुकाबले में दिल्ली स्ट्राइकर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राजस्थान वॉरियर को 108 रनों से पराजित किया।

दिल्ली स्ट्राइकर की ओर से शाहनवाज राणा ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी करते हुए 67 रन बनाए और साथ ही 3 विकेट लेकर शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया।

रवि चावला ने 24 रन का योगदान दिया, वहीं गेंदबाजी में जहांगीर ने




शानदार लय में गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट हासिल किए।

जवाब में राजस्थान वॉरियर की टीम 70 रन पर ऑल आउट हो गई।

टीम की ओर से फैज ने सर्वाधिक 27 रन बनाए।

दिल्ली की ओर से साहिल ने भी प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट प्राप्त किए।

इस दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, डॉ वंदना रानी विशेष अतिथि नोडल, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, रामपुर डॉ चंचल कुमार रहे। इस अवसर पर रामपुर फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, महामंत्री मोहम्मद आजम खान, तथा आईपीएल मिनी क्रिकेट समिति के अधयक्ष नावेद सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मैन अफ़ द मैच शाहनवाज राणा 67 रन एवं 3 विकेट शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन यह मुकाबला खेल भावना, उत्साह और प्रतिभा से भरपूर रहा।

आयोजकों ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

## रिजर्व पुलिस लाइन में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

■ एसपी रामपुर ने किया शिविर का शुभारंभ और अपना रक्त का किया दान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन रामपुर मे रद्रदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक रामपुर विद्यासागर मिश्र एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर अनुराग सिंह ने किया।

इस मोके पर पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा क्षेत्रधिकारी, शाहबाद व पुलिस अधिकारीधकर्मचारीगण के साथ रद्रदान किया गया तथा सभी को रक्तदान के महत्व से अवगत कराते




हुए रद्रदान हेतु प्रेरित किया गया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक रामपुर विद्या सागर मिश्र सन्देश दिया कि हआपका रक्तदान किसी को दे सकता है जीवनदानह इस भावना के साथ प्रत्येक व्यक्ति को समाजहित में रद्रदान जैसे पुण्य कार्य में आगे आना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रामपुर पुलिस द्वारा इस प्रकार के सामाजिक एवं जनकल्याणकारी आयोजनों के माध्यम से समाज में मानवता, सेवा भावना एवं सहयोग की संस्ख़्रति को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की सक्रियता से ही बनेगा भाजपा का मजबूत किला: हरीश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाधयक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की सक्रियता से ही भाजपा का मजबूत किला बनकर तैयार होगा। ऐसे में सभी लोग प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर वोट बनवाने का कार्य करें। कोई भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए। यह बीएलए-2 की परीक्षा की घड़ी है। इसमें सभी को सफल होना होगा।

शुक्रवार को एसआईआर (सशक्त) इंटरैक्टिव समीक्षा कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के ग्राम पीपली नायक स्थित जनता डिग्री कक्कलेज में पार्टी के बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट)पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।इस अवसर पर जिलाधयक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि हर बूथ पर सक्रियता ही चुनावी सफ़लता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बीएलए-2 को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके बूथ क्षेत्र के सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज हों। कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि पार्टी का उद्देश्य आगामी चुनावों में संगठनात्मक स्तर पर ऐसी मजबूती तैयार करना है कि हर बूथ भाजपा का किला बने। इसके लिए कार्यकर्ताओं को घर-घर संपर्क अभियान चलाने, नए मतदाताओं को जोड़ने और पुराने मतदाताओं के नामों की पुष्टि करने के निर्देश दिए गए। जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि बीएलए-2 की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे पार्टी और मतदाता के बीच की कड़ी हैं।

उन्होंने बूथ स्तर पर नियमित बैठकों और मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, दिनेश गोयल, महेंद्र सैनी, लक्ष्मी सैनी, नवनीत चौहान, महेश मौर्य, योगेश सैनी,रोहित सैनी, मोहन लोधी, डोली रंधावा, योगेंद्र चौहान और अंकुश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## डंडिया बाजार के पास से मोटरसाइकिल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** डांडिया की बाजार करने आए ग्रामीण की मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने चुरा ली घटना की तहरीर पुलिस के लिए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

तहसील क्षेत्र के ग्राम रास डंडिया थाना कैमरी निवासी अरविंद पुत्र राम किशोर 3 नवंबर के शाम 4रू00 बजे अपने घर से डांडिया की ही बाजार को अपनी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर अप स्प्लेंडर अप यू.पी. 22 एआई 4620 से सब्जी लेने आया और मौर्य ढाबा के पास अपने मोटरसाइकिल खड़ी कर बाजार में सब्जी लेने चला गया

वापस आया तो मोटरसाइकिल नहीं थी उसे अज्ञात चोर चुरा कर ले गए

घटना की तहरीर कैमरी थाने में दी गई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## मतदेय स्थलों के सम्भाजन हेतु बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मतदेय स्थलों के सम्भाजन हेतु निर्धारित समय-सारणी की जानकारी दी गई। निर्धाारित समय-सारणी में मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन, पुनर्निधाारण एवं नये मतदेय स्थल हेतु भवनों का चिन्हांकन 29 अक्टूबर से 04 नवम्बर 2025 तक, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक कर प्रस्ताव तैयार करना 06 एवं 07 नवम्बर 2025 तक, आपत्तियों सुझावों हेतु मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन एवं मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची मान्यता प्राप्त



राजनैतिक दलों के साथ प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराना 10 नवम्बर 2025, आपत्तियों के निस्तारण उपरान्त सूची को अन्तिम रूप देना 18 नवम्बर 2025 तक, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को प्रस्ताव प्रेषण 19, 20 व 21 नवम्बर 2025, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा अनुमोदन हेतु प्रस्ताव भेजा जाना 24 नवम्बर 2025 तक है।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदेय स्थल का 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाय। किसी भी मतदेय स्थल पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिाक नहीं होनी चाहिए। पुराने, जर्जर या अस्थायी भवनों में स्थित मतदेय स्थलों को स्थायी भवनों में स्थानांतरित किया जाए। मतदेय स्थलों की नई सूची की शुद्धता पर विशेष धयान दिया जाए, ताकि अंतिम समय में परिवर्तन की आवश्यकता न पड़े। अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे अपने क्षेत्र में स्थित मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के संबंधा में यदि कोई सुझाव या आपत्ति हो, तो उसे 15 नवम्बर 2025 तक संबंधित उप जिलाधिकारी अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय को अवश्य उपलब्धा कराएं, ताकि दावेधआपत्तियों के निस्तारण के बाद सूची को समय पर अन्तिम रूप दिया जा सके। बैठक में निर्वाचन विभाग के अधिकारीगण एवं विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक के प्रयासों से कई मार्गो के कार्य का पैसा स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** शुक्रवार विधानसभा क्षेत्र स्वार टाण्डा के नगर और ग्रामीण इलाकों में विधायक शफ़ीक अमहद अंसारी ने लोक निर्माण विभाग को अवगत कराते हुए कई सड़को की विशेष मरम्मत हेतु कार्य स्वीख़्रत कराये थे।



एक बार फ़िर विकास कार्यों को लेकर विधायक जी लोक निर्माण विभाग को विधानसभा क्षेत्र स्वार टाण्डा में जर्जर हुए मार्गों के सम्बंध में पत्राचार कर कुंडेसरा से पर्वतपुर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य हेतु रुपये 38 लाख 17 हजार, सद्दावाला-टाण्डा मार्ग की विशेष मरम्मत के कार्य हेतु 5 लाख 72 हजार, चन्दूपुरा रामनगर लतीफ़पुर मार्ग की विशेष मरम्मत हेतु रुपये 13 लाख 61 हजार , केशोनगली से भगतपुर टाण्डा मार्ग की मरम्मत हेतु 17 लाख 29 हजार शासन से स्वीख़्रत कराये जल्द ही उद्र सभी मार्गों के कार्य कराये जायेंगे।

## ग्रीनवुड स्कूल के तीन छात्रों ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में बाजी मारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ग्रीनवुड स्कूल के तीन भूतपूर्व छात्रें ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में सफ़लता प्राप्त कर अभूतपूर्व सफ़लता अर्जित की है। ग्रीनवुड स्कूल के भूतपूर्व छात्र हम्माद नबील ने सीए इंटरमीडिएट की इस प्रतिष्ठित परीक्षा के दोनों ग्रुप को एक ही बार में पास किया।

नबील ग्रीनवुड स्कूल के 2022 बैच के विद्यार्थी रह चुके हैं। नबील ने 600 में से 341 अंक लेकर यह कारनामा दिखाया। वहीं दूसरी ओर ग्रीनवुड स्कूल के वर्ष 2024 बैच के छात्र रहे जाबिर खान ने चार्टर्ड अकाउंटेंट फाउंडेशन के एग्जाम में 400 में से 271 अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की।

शहर के प्रसिद्ध अधिावद्गा याकूब




अली के पुत्र जाबिर अली प्रारंभ से ही कुशाग्र बुद्धि के छात्र रहे थे।

उनकी रुचि प्रारंभ से ही कॉमर्स में थी। ग्रीनवुड स्कूल के वर्ष 2024 बैच के एक और छात्र गर्वित जैन ने 400 में से 231 अंक लेकर सीए फ़ाउंडेशन की परीक्षा उत्तीर्ण की। तीनों छात्रों की इस अभूतपूर्व सफ़लता से



ग्रीनवुड स्कूल के शिक्षकों और सफ़ल विद्यार्थियों के परिवारों में हर्ष की लहर दौड़ गई।

ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान ने तीनों छात्रों को उनकी इस शानदार सफ़लता पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के प्रधाानाचार्य एन.के.



तिवारी ने भी तीनों छात्रें और उनके माता-पिता को उनकी इस सफ़लता पर बधााई दी।

उन्होंने कहा कि सफ़ल विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित किया है कि निरंतर प्रयास और अनुशासन से हर कठिन लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## नगर पंचायत में कार सेवा से मोहल्ले के युवकों ने किया सड़क का निर्माण



■ नगर पंचायत के विकास कार्यों की खुली पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत के मोहल्ला मोती मस्जिद के पास युवकों ने आपस मे पैसा एकत्र कर दस फिट चौड़ा व अस्सी फिट लम्बी सड़क का निर्माण कराया है। यह सड़क काफ़ी समय उबड़-खाबड़ और टूट गयी थी जिसमे आने जाने वाले लोगों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ता था। आने जाने व नमाजियों की परेशानी को धयान मे रखते हुए मोहल्ले के नदीम सिद्दीकी, सद्दाम अंसारी, आलिम अंसारी, अली रजा, नईम सिद्दीकी व मोहल्ले के अन्य युवकों ने पैसा इकठा कर सड़क का निर्माण कार्य कराया गया है।

वहीं मोहल्ले के युवकों कहना है कि कई बार नगर पंचायत अधयक्ष से सड़क बनवाने की मांग की गई लेकिन नगर पंचायत अधयक्ष ने इस ओर कोई धयान नही दिया।

## आज फिर सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्णता बंद रहेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** आज फ़िर विद्युत लाइन पर कार्य के चलते विद्युत सुबह 10रू00 बजे से शाम 4रू00 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी।

मिलक बिजली घर के अवर अभियंता मोहम्मद हसनैन अंसारी प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया 8 नवंबर दिन शनिवार को 220 केवी शंकरपुर से पोषित 33-11 के.वी. उप केंद्र मिलक की 33 केवी के तार और 20 नग पोल बदलने का कार्य बिजनेस प्लान के अंतर्गत चल रहा है। उद्र कार्य को कराने सुबह 10रू00 बजे से शाम 4रू00 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी।

## सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने की शादी समारोह में शिरकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने आज मरहूम रामपुर शहर मु"ती महबूब अली साहब के नवासे रागिव सईद के वलीमे में शामिल होकर दूल्हा को गुलदस्ता देकर शादी की मुबारकबाद दी। इस दौरान सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट, नगर पालिका रामपुर प्रतिनिधि डाक्टर अब्दुल सलाम, अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राम बहादुर सागर, हाफिज नूरी, नासिर शेख, उस्मान अली, अरशद एडवोकेट, उबेद एडवोकेट आदि लोग शामिल रहे।

# युवक का शव सड़क पर रखकर परिजनों ने लगाया जाम

## चार आरोपियों के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज होने पर ही डेढ़ घंटे बाद सड़क से उठे परिजन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** युवक की हत्या के बाद आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने और उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने थाने के सामने शव रखकर डेढ़

### चौबारा गांव में खेत में मिला था युवक का शव

घंटे तक जाम लगाया। सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने भी परिजनों को समझाया मगर परिजन बिना एफआईआर दर्ज किए जाम खोलने को तैयार नहीं हुए। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर चार आरो. पियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू की। परिजन एफआईआर की प्रति लेकर ही शव को अंतिम संस्कार के लिए तिगरी ले गए।

बता दें कि थाना क्षेत्र के गांव चौबारा निवासी जसवंत सिंह एक फैक्ट्री में मजदूर हैं। उनके परिवार में पांच पुत्रियों के अलावा इकलौता पुत्र आकाश था। वह पेंटर और मजदूरी आदि करता था। गुरूवार को वह अपने घर से सुबह दस बजे दोस्तों के साथ तिगरी गंगा मेले जाने की बात कहकर निकला था। दोपहर करीब डेढ़ बजे पिता पुत्र में फोन के द्वारा बात भी हुई थी। आकाश ने पिता को



बताया था कि आज वह खाने लेकर नहीं आ पाएगा क्योंकि वह तिगरी मेले में आया है। इसके बाद वह शाम तक भी घर नहीं पहुंचा, जबकि शाम के करीब चार बजे उसे गांव में देखा भी गया था। शाम के साढ़े पांच बजे आकाश का शव नहर किनारे श्योराज के खेत में पड़ा मिला तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। गांव के लोग भी भारी तादाद में एकत्र हो गए। आकाश के सिर पर और शरीर पर चोट के निशान थे। पास में ही कुछ दूरी पर एक बाइक भी पड़ी थी। गुरूवार को भी परि. जनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक शव को पोस्टमार्टम के लिए न भेजने की बात कही थी, हालांकि सीओ अंजलि कटारिया, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार व भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह के समझाने पर परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की सहमति दी, जिसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। शुक्रवार को अपरान्ह तीन बजे पोस्टमार्टम के बाद परिजन आकाश के शव को लेकर थाने के सामने पहुंचे और सड़क पर शव रखकर जाम लगाया। पुलिस पर ढ़िलाई बरतने का आरोप लगाया। प्रभारी




निरीक्षक मनोज कुमार व सीओ अंजलि कटारिया ने आक्रोशित परिजनों को समझाया मगर वे बिना मुकदमा दर्ज किए जाम खोलने को तैयार ही नहीं हुए। इस दौरान महिलाओं ने तहरीर की प्रति भी फाड़ दी थी। जाम के कारण दोनों दिशाओं में वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। करीब डेढ़ घंटे बाद पुलिस ने आकाश के पिता जसवंत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर निवासी अमन पुत्र शंकर सिंह व लक्की पुत्र जीत सिंह, बुद्धबाजार गजरौला निवासी जतिन पुत्र प्रमोद शर्मा व अटारी मुरीदपुर निवासी पंचम पुत्र जसपाल सिंह के विरूद्ध आकाश को पुरानी रंजिश के चलते घर से बुलाकर ले जाने और हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया और शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजनों ने जाम खोला और तिगरी गंगा तट पर मृतक का अंतिम संस्कार किया। बता दें कि दस दिन पूर्व भी जवाहरनगर के लोगों ने थाने के सामने छात्र का शव रखकर जाम लगाया था, बाद में पुलिस ने केस दर्ज किया था।

# कॉटन से भरे कैंटर में लगी आग, लाखों का नुकसान

## दिल्ली से कपड़ा लादकर जा रहा था बिलारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शुक्रवार की सुबह करीब संभल बाईपास मार्ग पर उस वक्त अफरातफरी मच गई जब दिल्ली से कपड़ा लादकर बिलारी जा रही कैंटर में अचानक भीषण आग लग गई। कपड़े से लदी होने के कारण आग ने तुरंत विकराल रूप ले लिया। और गाड़ी देखते ही देखते आग का गोला बन गई। हादसे के वक्त डीसीएम हसनपुर नगर की मोहल्ला अब्दुल्ला कॉलोनी के भूरा पुत्र इलियास की बताई जा रही है। चालक ने आग लगने पर गाड़ी पलटने की कोशिश की लेकिन आग और भयंकर हो गई। गनीमत रही कि चालक ने जलती हुई गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डीसीएम में करीब एक घंटे तक भयंकर आग लगती रही। आग लगने के कारण को लेकर दो बातें सामने आ रही हैं। आसपास के लोगों का कहना है कि ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन की चपेट में आने से आग लगी है। ड्राइवर का कहना है कि कुछ अज्ञात लोगों ने उसकी गाड़ी में आग लगाई है। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की। घटना से मार्ग पर कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।



# लूट के दोषी को दस साल की सजा

## जमानत पर था दोषी, भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लूट की वारदात में अदालत ने संभल के बदमाश को 9 साल 11 महीने 23 दिन जेल की सजा सुनाई है। इस मुकदमे में दोषी फिलहाल जमानत पर था।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र से जुडी घटना साल 2001 की थी। कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर गुर्जर में महिपाल सिंह का परिवार रहता है। 28 जुलाई 2001 को महिपाल सिंह के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल की। विवेचना में संभल जिले के गांव मोहल्ला मीरा सराय के रहने वाले सालिम उर्फ भूरा का नाम प्रकाश में आया। इसके बाद पुलिस ने सालिम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल, इस मुकदमे में वह जमानत पर था। जिसकी सुनवाई एसीजेएम द्वितीय की अदालत में विचाराधीन थी। गुरुवार को अदालत में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलो. कन व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने सालिम उर्फ भूरा को दोषी करार दिया। 9 साल 11 महीने 23 दिन जेल की सजा सुनाई

# गन्ना रिजेक्ट बताने पर मिल गेट पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** मलेशिया स्थित वेव शुगर मिल गेट पर शुक्रवार को उस समय हंगामा मच गया जब किसानों ने गन्ने की वेरायटी 5009 को रिजेक्ट बताए जाने पर जोरदार विरोध शुरू कर दिया। नाराज किसानों ने मिल प्रशासन पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की।

किसानों का कहना था कि मिल अधिकारी मनमाने ढंग से गन्ने को रिजेक्ट बता रहे हैं, जबकि यह वही वेरायटी है जो कुछ वर्ष पूर्व मिल प्रबंधन ने ही किसानों को वितरित की थी। इतना ही नहीं, इस साल इसी वेरायटी का सर्वे भी कराया गया था। लेकिन अब जब गन्ना तैयार हुआ तो मिल ने लेने से इंकार कर दिया। किसानों ने बताया कि उन्होंने कई बार मिल अधिकारियों को बुलाने की कोशिश की, लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं आया। इससे किसानों में भारी रोष फैल गया। मौके पर हरवल सिंह, नरेंद्र कुमार, रवि यादव, संजय यादव, राकेश यादव, सुमित, अमित कुमार, विशाल यादव,



अंकित यादव सहित बड़ी संख्या में किसान एकत्र होकर विरोध जताने लगे। उधर, गन्ना विभाग प्रमुख जगतवीर सिंह ने किसानों के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि कुछ किसान अपनी गलत मांग पर अड़े हैं। उनके पास जरनल का गन्ना है जबकि पर्ची अर्ली की है। उन्होंने स्पष्ट किया अर्ली की पर्ची पर अर्ली का गन्ना ही लिया जाएगा, नियम से कोई समझौता नहीं होगा।

# पड़ौसियों के हमले में दम्पति घायल

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** थाना क्षेत्र में पड़ोसियों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। इस मारपीट में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सिर में चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह घटना डहकवाड़ा गांव में हुई। शिकायतकर्ता आबिद खान ने बताया कि वह अपनी पत्नी फरजाना, मां सायदा और भाई दिलशाद के साथ अपने गांव जा रहे थे। रास्ते में गांव के पर उनके पड़ोसी इसरार, अबरार, रहीस और नफीसा मिले। आबिद खान के अनुसार, पड़ोसियों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने गाली देने से मना किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में आबिद खान और उनकी पत्नी फरजाना के सिर में चोटें आईं। मौके पर मौजूद गांव के अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर परिवार को बचाया। हमलावर जाते समय उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। आबिद खान ने बताया कि उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया है और उन्होंने नौगावां सादात थाने में आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। नौगांव सादात थाना निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चकबंदी में धांधली पर रोक लगाई जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** भाकियू शंकर ने चकबंदी के नाम पर की जा रही धांधली को रोके जाने तथा क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत शीघ्र कराने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा।

भाकियू शंकर के कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर कलक्ट्रेट में धरना दिया। उन्होंने मांग करते कहा कि क्षेत्र के कई गांवों में चकबंदी के नाम पर जमकर धांधली की गई है। किसानों के चक काटकर गलत तरीके से आंवटन किये जा रहे है। जिससे किसान बुरी तरह परेशान है। उन्होंने कहा कि जिले के कई सम्पर्क मार्ग काफी समय से क्षतिग्रस्त है परन्तु शिकायत के बाद भी इनकी मरम्मत नहीं कराई जा रही। जिस कारण किसान परेशान है। कार्यकर्ताओं ने मांग करते कहा कि जिले को बने 28 वर्ष का समय हो चुका है परन्तु अभी तक गजरौला में ट्रामा सेंटर की स्थापना की जल्द स्थापना की जाये। कार्यकर्ताओं ने सीएम को संबोधित ज्ञापन कलक्ट्रेट में सौंपा। इस मौके

### भाकियू शंकर का कलक्ट्रेट पर धरना



पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह, डा. गौतम सिंह, राहुल कुमार, स्वाति यादव, अमित गुर्जर, पप्पू, नरेश, बबीता रानी, अनुज नागर, अशोक चौ., संगीता रानी, सुखवीर सिंह, नेमपाल सिंह, हरि सिंह सैनी, रवि चौ., प्रमोद देवल आदि शामिल रहे।

# घरेलू क्लेह में अधेड़ ने जहर खाकर जान दी

## घर में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पारिवारिक कलह से परेशान होकर अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना से उसके परिवार में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार सैदनगली के वार्ड नंबर 11, मोहल्ला मनिहारान निवासी इसरार अहमद (50 वर्ष) पुत्र नन्हे ने बृहस्पतिवार को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उसे तुरंत संभल के एक निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया गया। लेकिन बृहस्पतिवार की रात्रि में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृत्यु की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। उसकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। इसरार अहमद ने अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी को छोड़ा है। संभल पुलिस ने मृतक इसरार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि घरेलू क्लेश के चलते खुदकुशी की है। परिजनों ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव मिलने पर ही दफिना किया जायेगा।

# मोबाइल विक्रेता के घर शार्ट सर्किट से लगी आग

## लाखों का सामान जलकर राख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के हरियाना गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब मोबाइल विक्रेता सतीश के मकान में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी, जिसने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया।आग से घर में रखे मोबाइल, मोबाइल पार्ट्स, दो तोले सोना और करीब ढाई लाख रुपये नकद जलकर राख हो गए। मकान मालिक सतीश के अनुसार, कुल करीब 7 लाख रुपये का नुकसान हुआ है, जिसमें लगभग 4 लाख रुपये का सामान पूरी तरह जल गया। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। आग की लपटें उठती देख पड़ोसी मौके पर इकट्ठा हो गए और सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग ने परिवार की मेहनत की कमाई को कुछ ही पलों में राख में बदल दिया।

# क्रिकेटर शमी से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

## पत्नी को गुजारा भत्ता देने का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और पश्चिम बंगाल सरकार से सुप्रीम कोर्ट ने जवाब मांगा है। यह नोटिस शमी की अलग रह रही पत्नी हसीन जहां की उस याचिका पर जारी किया गया है, जिसमें उन्होंने गुजारा भत्ता बढ़ाने की मांग की है। हसीन जहां ने कोर्ट से कहा है कि वर्तमान गुजारा भत्ता राशि उनके और बेटी के खर्चों के लिए अपर्याप्त है। सुनवाई के दौरान पीठ ने



मौखिक टिप्पणी में कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा तय की गई अंतरिम राहत की राशि काफी उचित लगती है। अदालत ने यह भी कहा कि अंतिम निर्णय से पहले दोनों पक्षों का पक्ष सुनना आवश्यक है। इससे पहले, कलकत्ता हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि मोहम्मद शमी अपनी पत्नी और बेटी को हर महीने कुल चार लाख रुपए बतौर गुजारा भत्ता दें। हाई कोर्ट ने हसीन जहां को हर महीने 1.50 लाख रुपए और बेटी को 2.50 लाख रुपए का गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था। इसी आदेश के खिलाफ अब हसीन जहां ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और बढ़ी हुई राशि की मांग की है। दरअसल, अमरोहा के सहसपुर अलीनगर गांव निवासी मोहम्मद शमी और हसीन जहां के बीच 2018 से विवाद चल रहा है। हसीन जहां ने शमी पर घरेलू हिंसा और धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे, जिसके बाद दोनों अलग रहने लगे। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है और अगली सुनवाई में दोनों पक्षों को अपना जवाब दाखिल करना होगा।

# पूर्व सांसद को धमकी मिलने का मामला गर्माया

## कांग्रेसियों ने एसपी कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा के पूर्व सांसद दानिश अली को फेसबुक पर जान से मारने की धमकी मिलने का मामला गरमा गया है। लगातार दूसरे दिन धमकी मिलने के बाद शुक्रवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने एसपी ऑफिस पहुंचकर अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की। यह मामला तब सामने आया जब हाल ही में पूर्व सांसद दानिश अली को फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट के जरिए धमकी दी गई। अभिषेक पांडे और कुलदीप पोसवाल नामक व्यक्तियों ने अपनी फेसबुक आईडी से उन्हें जान से मारने की धमकी दी।धमकी में रमेश बिधूड़ी का हवाला देते हुए दानिश अली को अमरोहा न आने की नसीहत दी गई है। कुलदीप पोसवाल की फेसबुक आईडी से यह भी लिखा गया है कि श्वह हमारे समाज के खिलाफ षडयंत्र रच रहे हैं। जिसे वह बंद कर दें। वरना जो हाल रमेश बिधूड़ी ने किया था उससे भी बुरा



हाल हमारा समाज कर देगा। उनकी दुश्मनी रमेश बिधूड़ी से तो उन्हीं से रखें। वरना अमरोहा में एंट्री भी नहीं होने दी जाएगी। नहीं माने तो अमरोहा आकर देख लें, दाल-आटा के भाव का पता चल जाएगाश। धमकियों के बाद पूर्व सांसद दानिश अली के एक करीबी कांग्रेस नेता ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अधेड़ को धारदार हथियार से घायल किया

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** अधेड़ पर धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा है। नगर के मोहल्ला कूटान छतरी वाला मंदिर निवासी महेंद्र सिंह को पड़ोसी दबंग घर से आवाज देने के बाद उसे अपने साथ बुलाकर ले गया। आरोप है कि दबंग युवक ने अधेड़ के साथ गली गलोच करनी शुरू कर दी। गाली देने का विरोध करने पर दबंग युवक ने अधेड़ के सीने पर हथियार से वार कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित कोतवाली पहुंचा तथा पुलिस को पूरा वाकया सुनाया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिया।

# तीन हजार कुंतल धान की हुई खरीद

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मण्डी समिति में बने राजकीय धान क्रय केन्द्र पर अब तक तीन हजार कुंतल धान की खरीद हो चुकी है। 30 जनवरी तक लक्ष्य पूरा करने के लिए केन्द्र प्रभारी व कर्मचारी जुटे हुए हैं। नगर के मण्डी समिति में बने राजकीय धान केन्द्र पर अब तक 3 हजार कुंतल धान खरीदा जा चुका है। कुछ समय पूर्व ही यहां स्थानांतरित होकर आए केन्द्र प्रभारी अंशुल द्वारा टोकन के द्वारा तौल कराने की व्यवस्था की है, जिससे क्रय केन्द्र पर किसान आसानी से अपनी तौल करा रहे हैं। केन्द्र प्रभारी ने बताया कि शासन के निर्देश हैं कि कॉमन धान खरीदा जाए जिसमें 67 प्रतिशत चावल की प्राप्ति हो। बताया कि 30 जनवरी तक केन्द्र द्वारा खरीददारी के लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। इस बार का लक्ष्य 14 हजार कुंतल रखा गया है।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### आईसीसी बैठक में पहुंचे पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन

**दुबई, वार्ता।** सभी तरह की अटकलों को विराम देते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आज हो रही बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे। एशिया कप में विजेता भारतीय टीम को ट्रॉफी नहीं सौंपने के मुद्दे के बीच आज मोहसिन नकवी दुबई में स्थिति आईसीसी के मुख्यालय पहुंचे। नकवी हाल ही में आईसीसी बैठक से दूर रहे हैं, जिसमें जुलाई में सिगापुर में हुई सालाना कॉन्फ्रेंस भी शामिल है। इसलिए इस बार भी उनके आने को लेकर संदेह था। पीसीबी के प्रमुख पर हाल ही में भारत द्वारा जीती गई एशिया कप ट्रॉफी अपने पास रखने का आरोप है। वह आज अपरान्ह आखिरी मिनट में आईसीसी की बैठक में पहुंचे। ऐसा माना जा रहा है कि बैठक में अनसुलझे मुद्दे पर चर्चा चल रही थी।

### स्पोर्ट्स मिनिस्टर इलेवन ने जीता प्रदर्शनी मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हुए प्रदर्शनी मुकाबले में स्पोर्ट्स मिनिस्टर इलेवन ने हॉकी इंडिया इलेवन को 3-1 से हराया। यहां आयोजित समारोह के दौरान में पुरुष एफआईएच हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 टूर्नामेंट की ट्रॉफी का अनावरण किया गया। यह टूर्नामेंट 28 नवम्बर से 10 दिसंबर तक तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै शहरों में खेला जाएगा। इस अवसर पर तमिलनाडु के खेल मंत्री उदय निधि मारन, केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया , अंतर्राष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष दातो तैयब इकराम मौजूद थे।

# ब्रिस्बेन में सीरीज कब्जाने उतरेगा भारत

● **भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का आखिरी मैच धमाकेदार होने के आसार**



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** शनिवार को गाबा में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का आखिरी मैच धमाकेदार होने वाला है, जहां भारत 2-1 की मामूली बढ़त के साथ उतरेगा। दांव आसमान छू रहे हैं, और जहां ऑस्ट्रेलिया सीरीज बराबर करने के लिए पूरी ताकत झोंक देगा, वहीं भारत आत्मविश्वास के साथ इस निर्णायक मैच में सीरीज कब्जाने उतरेगा।

ऑस्ट्रेलिया के सामने एक कठिन चुनौती है। ट्रैविस हेड और जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में उनकी आक्रामक क्षमता कमज़ोर पड़ गई है। मिशेल मार्श को मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल के साथ मिलकर भारत के खिलाफ आक्रमण की कमान संभालनी होगी। गेंदबाज़ी में, नाथन एलिस और एडम जम्पा पर भारत की मजबूत लाइनअप को ध्वस्त करने की ज़िम्मेदारी होगी।

गाबा में यह एक जानी-पहचानी कहानी है। घरेलू मैदान का फायदा मायने रखता है, लेकिन भारत इस दौरे में किसी भी तरह का समझौता नहीं कर रहा है। इस बीच, भारत लय में है। अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने धमाकेदार प्रदर्शन किया है, जबकि शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव क्रीज पर संयम बनाए हुए हैं। वाशिगटन सुंदर और जितेश शर्मा जैसे निचले क्रम के बल्लेबाज जरूरत पड़ने पर अपनी रणनीति बदल सकते हैं। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह अगुआ बने हुए हैं और किसी भी साझेदारी को ध्वस्त करने में सक्षम हैं। इतिहास बताता है कि गाबा लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के पक्ष में है। पिछले पांच घरेलू टी-20 मुकाबलों में सभी मैच बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम के नाम रहे हैं, और 180-190 के प्रतिस्पर्धी स्कोर के साथ, टॉस निर्णायक हो सकता है। खासकर जब बादल छाए हों और गरज के साथ बारिश हो सकती हो। उम्मीद है कि कप्तान नई गेंद का इस्तेमाल करेंगे। अगर भारत पावरप्ले में अपनी क्षमता साबित कर सके और ऑस्ट्रेलियाई टीम को बैकफुट पर रख सके, तो उसके पास सीरीज़ 3-1 से अपने नाम करने का अच्छा मौका है। ऑस्ट्रेलिया को मैच में बने रहने के लिए शुरुआती सफलताओं और मार्श तथा डेविड के दमदार योगदान की जरूरत होगी। दोनों टीमें जीत की भूखी हैं, ऐसे में प्रशंसक ब्रिस्बेन की रोशनी में एक रोमांचक टी-20 मैच की उम्मीद कर सकते हैं।

**भारत:** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, वाशिगटन सुंदर, जितेश शर्मा, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, रिकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, हर्षित।

**ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श, मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंगलिस, टिम डेविड, जोश फिलिप, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, बेन ड्वार्शुइस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, एडम जम्पा, मिशेल ओवेन, मैथ्यू कुहनेमन, तनवीर संघा, महली बियर्डमैन।



# दीप्ति के इस्तकबाल के लिए ताज नगरी पलक पांवड़े बिछा कर तैयार

● **दीप्ति शर्मा आगरा के अवधपुरी की रहने वाली है वह अब अपने घर आने वाली हैं**

**आगरा, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑल राउंडर खिलाड़ी दीप्ति शर्मा के स्वागत के लिए घर में तैयारियां बहुत जोर शोर से चल रहीं हैं। दीप्ति के परिजन ने बताया कि शुक्रवार सुबह से ही घर को संवारने और सजाने का काम शुरू हो गया है। दीप्ति शर्मा आगरा के अवधपुरी की रहने वाली हैं।

वह अब घर आने वालीं हैं लिहाजा परिजन बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दीपावली पर घर की रंगाई पुताई नहीं हुई थी लेकिन दीप्ति के आगमन पर घर का रंग रोगन और सजाया जा रहा है। घर के आसपास भी सफाई की जा रही है यानी दीप्ति घर आएगी तो आलीशान स्वागत किया जाएगा।

दीप्ति शर्मा आगरा कब आयेगीं ये अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं है लेकिन आगरा शहर में अलग अलग संगठनों ने स्वागत में अभी से होर्डिंग लगाने शुरू कर दिए हैं। कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बताया है कि शहर के कई हिस्सों में दीप्ति का स्वागत किया जाएगा। महिला विश्व के फाइनल में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को करारी शिकस्त दी थी।

# टी-20 विश्व कप के लिए वेन्यू तय

● **भारत में पांच और श्रीलंका में तीन स्थानों पर होंगे मुकाबले**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए आईसीसी ने अहमदाबाद, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता को भारत के पांच वेन्यू के तौर पर तय किया है।

कैंडी और कोलंबो श्रीलंका के तीन में से दो वेन्यू होंगे जबकि एक अन्य वेन्यू अभी तय नहीं किया गया है। यह टूर्नामेंट संभावित तौर पर 7 फरवरी से शुरू होगा जबकि इसका फाइनल 8 मार्च को अहमदाबाद में खेला जा सकता है। टूर्नामेंट शुरू होने में अब तीन महीनों का समय बचा है और आईसीसी अगले हफ्ते तक इसका कार्यक्रम जारी कर सकता है। बीसीसीआई और पीसीबी के बीच पहले से तय समझौते के आधार पर पाकिस्तान अभी सभी मुक़ाबले श्रीलंका में खेलेगा। अगर पाकिस्तान फाइनल में पहुंचता है तो फाइनल श्रीलंका में खेला जाएगा। टी-20 विश्व कप पिछले संस्करण की तर्ज पर ही खेला जाएगा और सभी टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में विभाजित किया जाएगा, जिसमें हर टीम अपने ग्रुप की हर दूसरी टीम के खिलाफ एक मुक़ाबला खेलेगी।

हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सुपर-8 में प्रवेश करेंगी जिसमें टीमों को चार-चार के दो ग्रुप में विभाजित किया जाएगा। सुपर-8 में दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी और दोनों सेमीफाइनल के विजेता फाइनल खेलेंगे।

# भारत ने हांगकांग सिक्सर्स में पाक को हराया

● **रॉबिन उथप्पा 28, भरत चिप्ली 24 की शानदार पारी के दम पर भारत ने पूल सी में डीएलएस से पाक को रौंदा**



**हांगकांग, वार्ता।** रॉबिन उथप्पा (28), भरत चिप्ली (24 की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने शुक्रवार को हांगकांग सिक्सर्स टूर्नामेंट 2025 के पूल सी के वर्षा बाधित मुकाबले में डकवर्थ-लुईस पद्धति से पाकिस्तान को दो रनों से शिकस्त दी।

यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह ओवर में चार विकेट पर 86 रन बनाए, जिसमें रॉबिन उथप्पा के 11 गेंदों में 28 रन और भरत चिप्ली के 13 गेंदों में 24 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा कप्तान दिनेश कार्तिक ने छह गेंदों में नाबाद 17 रन बनाकर भारत को एक प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। वर्षा बाधित इस मैच में, भारत ने धैर्य बनाए रखते हुए करीबी जीत हासिल की। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद शहजाद ने दो विकेट लिये। अब्दुल समद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

पाकिस्तान की पारी की शुरुआत अच्छी रही और तीन ओवर के बाद जब उसका स्कोर एक विकेट पर 41 रन था, तभी भारी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। उसके बाद खेल नहीं हो सका और डीएलएस पद्धति के अनुसार पाकिस्तान को दो रन हार का सामना करना पड़ा। स्टुअर्ट बिन्नी की कसी हुई गेंदबाजी, जिसमें उन्होंने सिर्फ सात रन दिए और एक विकेट लिया। इस बीच, पूल बी में, ऑस्ट्रेलिया ने यूएई को 10 विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने विस्फोटक बल्लेबाज का प्रदर्शन करते हुए मात्र तीन ओवर में 88 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।

जैक वुड ने 11 गेंदों में 55 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि निक हॉब्सन सिर्फ पांच गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान ने पूल ए में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दक्षिण अफ्रीका पर 49 रन की शानदार जीत दर्ज की। यह टूर्नामेंट में उनकी दूसरी जीत थी। कप्तान गुलबदीन नैब ने 12 गेंदों में 50 रन बनाए, जबकि करीम जनत ने 11 गेंदों में 46 रन जोड़े, जिससे अफगानिस्तान ने छह ओवर में छह ओवरो में 148 रन बनाए। जवाब में, दक्षिण अफ्रीका की टीम दो विकेट पर 99 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। पूल डी में, बांग्लादेश ने श्रीलंका पर 14 रन से जीत दर्ज की। कप्तान अकबर अली ने नौ गेंदों में 32 रन बनाए।

# गॉफ को हराकर सबालेंका सेमीफाइनल में



● **सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के स्टेफीग्राफ ग्रुप में क्लीन स्वीप किया**

**रियाद, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने गुरुवार को गत विजेता अमेरिका की कोको गॉफ को 7-6 (5), 6-2 से हराकर 2025 डब्ल्यूटीए फाइनल्स के स्टेफी ग्राफ ग्रुप में क्लीन स्वीप किया और ग्रुप विजेता के रूप में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने आमने-सामने के मुक़ाबले में 6-5 की बढ़त बनाए रखी थी और इस साल के फ्रेंच ओपन फाइनल में अपनी पिछली भिड़ंत तीन सेटों में जीती थी, लेकिन सबालेंका ने शुरुआती सेट में शानदार प्रदर्शन और दूसरे सेट में दबदबे के साथ इस रुझान को पलट दिया।

पहला सेट उतार-चढ़ाव भरा रहा। गॉफ ने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़ी, सबालेंका ने चौथे गेम में वापसी की लेकिन गॉफ ने फिर से बढ़त बना ली। 4-5 से पिछड़ने के बाद, सबालेंका ने सर्विस तोड़कर बराबरी हासिल की और गॉफ को टाईब्रेकर के लिए मजबूर किया। टाईब्रेकर में, सबालेंका ने 2-4 से लगातार चार अंक जीते और अपना दूसरा सेट आसानी से जीता। दूसरे सेट में गॉफ की गलतियां बढ़ने के साथ उनका स्तर गिर गया, जबकि सबालेंका ने 4-0 की बढ़त बना ली और मैच 6-2 से जीतकर लगातार तीसरी ग्रुप जीत हासिल की, जिससे दोनों के बीच का स्कोर 6-6 से बराबर हो गया। पहले सेट के बारे में बताते हुए, सबालेंका ने कहा कि सच कहूं तो, मैं दूसरे सेट के लिए पहले से ही मेहनत कर रही थी। कुछ हुआ और मैं ब्रेक हासिल करने में कामयाब रही। उस गेम ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया कि मैं इस सेट में भी जीत हासिल कर सकती हूं। और हां, लगातार सेट जीतकर मैं बहुत खुश हूं। गुरुवार को ग्रुप के दूसरे मैच में, पांचवीं वरीयता प्राप्त संयुक्त राज्य अमेरिका की जेसिका पेगुला ने इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 6-3 से हराकर दूसरा सेमीफाइनल स्थान हासिल किया। शुक्रवार के सेमीफाइनल में, पेगुला का सामना कज़ाकिस्तान की एलेना रयबाकिना से होगा, जो सेरेना विलियम्स ग्रुप विजेता हैं, जबकि सबालेंका का सामना अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा से होगा। अंगोला के खिलाफ मैत्री मैच में अर्जेंटीना की टीम की अगुवाई करेंगे मेसी ब्यूनस आयर्स। लियोनेल मेसी 14 नवम्बर को लुआंडा में अंगोला के खिलाफ होने वाले मैत्री मैच में अर्जेंटीना की टीम की अगुवाई करेंगे। मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने गुरुवार को 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें तीन नए खिलाड़ी शामिल हैं। बेनफिका के विगर जियानलुका, स्ट्रासबर्ग के फॉरवर्ड जोआक्विन और कोमो के मिडफील्डर मैक्सिमो पेरोन दक्षिण अमेरिकी चैंपियन के लिए चुने गए।

# विदित गुजराती ने फॉस्टिनो ओरो की उम्मीदें तोड़ी

● **प्रणव वी और प्रणेश एम भी रैपिड गेम के पहले सेट में जीतकर तीसरे दौर पहुंचे**

**पणजी।** भारत के ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने गुरुवार को दूसरे रैपिड गेम में अर्जेंटीना के वंडर किड फॉस्टिनो ओरो के डिफेंस को भेदने में कामयाबी हासिल की, जबकि प्रणव वी और प्रणेश एम ने भी रैपिड गेम के पहले सेट में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

विदित पर 12 वर्षीय ओरो ने दो क्लासिकल गेम में दबाव बनाया था, लेकिन गुरुवार को 31 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए काले मोहरों से खेले गए दूसरे रैपिड गेम में 52 चालों में जीत हासिल की। प्रणव ने नॉर्वे के आर्यन तारी को हराया, जबकि प्रणेश ने जर्मनी के दिमित्रिज कोलार्स को हराकर खुद की अगले दौर में विश्व चैंपियन गुकेश डी, अर्जुन एरिगासी, पी हरिकृष्णा, कार्तिक वेंकटरमण और दिप्तायन घोष जैसे खिलाड़ियों की कतार में शामिल कर लिया है। प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी को हराने के बाद की भावना के बारे में बात करते हुए विदित ने स्वीकार किया कि इस युवा खिलाड़ी के खिलाफ खेलना चुनौतीपूर्ण था क्योंकि दबाव उन पर था। उन्होंने आगे कहा कि अगले दौर के लिए क्वालीफाई करके अच्छा लग रहा है। यह कोई आसान मैच नहीं था, इसलिए और भी अच्छा लग रहा है। विदित का सामना अब अमेरिका के सैम शैंकलैंड से होगा, जिन्होंने दूसरे दौर में ग्रैंडमास्टर वासिल इवानचुक को हराया था। दूसरे बोर्ड पर, विश्व जूनियर चैंपियन प्रणव ने बुधवार को दूसरे क्लासिकल गेम में मिली हार को पीछे छोड़ते हुए रूक-पॉन के अंत में पहला रैपिड गेम 44 चालों में जीत लिया। इसके बाद उन्होंने दूसरे गेम में नॉर्वे के खिलाड़ी को ड्रॉ पर रोककर आगे बढ़ने का मौका बनाया। प्रणव ने कहा कि आज मैंने बस अपना स्वाभाविक खेल खेलने की कोशिश की और पिछले दो गेमों के बारे में नहीं सोचा और मेरी तैयारियां कामयाब रहीं। अब प्रणव का सामना लिथुआनिया के टिटास स्ट्रेमाविसियस से होगा, जिन्होंने दूसरे राउंड में वेस्ली सो को हराया। प्रणेश और कोलार्स के बीच हुए मैच में, भारतीय खिलाड़ी ने काले मोहरों से खेलते हुए दूसरे रैपिड गेम में 24वीं चाल में बढ़त हासिल की और फिर लगातार बढ़त बनाते हुए 48 चालों में जीत हासिल की। अब उनका सामना जर्मन ग्रैंडमास्टर विसेंट कीमर से होगा। आर प्रज्ञानंदधा ने विश्व सर्किट पर अपने एक खतरनाक प्रतिद्वंद्वी होने का परिचय देते हुए दूसरे दौर के टाईब्रेक में तेमुर को हराकर शानदार जीत हासिल की।

### उपराष्ट्रपति ने पैरा खिलाड़ी श्रीमंत झा को किया सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** छत्तीसगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक खिलाड़ी श्रीमंत झा को हाल ही में जर्मनी ओपन पैरा आर्मरेसलिग कप में स्वर्ण पदक जीतने की उपलब्धि पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति ने झा की खेल भावना, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें देश का गौरव बताया। श्रीमंत झा अब तक 58 अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। वे वर्तमान में विश्व रैंकिग में तीसरे स्थान तथा एशिया रैंकिग में प्रथम स्थान पर हैं। इस अवसर पर श्रीमंत झा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणास्रोत है और वे हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित होने वाली आगामी वर्ल्ड पैरा आर्मरेसलिग कप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने के लिए पूर्ण समर्पण से तैयारी कर रहे हैं।

# जहानारा ने चौंकाने वाले आरोपों पर बीसीबी ने बिठाई जांच

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने तेज गेंदबाज जहानारा आलम द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच करने के लिए एक कमेटी गठित करने का फैसला किया है। जहानारा ने यह आरोप लगाया है कि 2022 वनडे विश्व कप के दौरान एक पूर्व चयनकर्ता का बर्ताव उनके साथ ठीक नहीं था। बोर्ड ने समिति को यह स्पष्ट आदेश दिया है कि वह 15 कार्यदिवसों के अंदर अपनी पूरी जांच रिपोर्ट और सुझाव सौंप दे। बीसीबी ने कहा है कि जांच कमिटी के रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। बीसीबी ने अपने बयान में कहा कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) मीडिया में आई उन रिपोर्ट्स को लेकर चिंतित है, जिसमें बांग्लादेश महिला टीम की एक पूर्व सदस्य ने टीम से जुड़े कुछ व्यक्तियों पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया है। मामला संवेदनशील होने के कारण, बीसीबी ने आरोपों की गहराई से जांच के लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया है। समिति 15 कार्यदिवसों के भीतर अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें सौंपेगी। बीसीबी सभी खिलाड़ियों और स्टाफ के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और पेशेवर माहौल बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। बोर्ड इस तरह के मामलों को पूरी गंभीरता से लेता है और जांच के निष्कर्षों के आधार पर उचित कदम उठाएगा। जहानारा अब ऑस्ट्रेलिया में रहती हैं। उन्होंने पत्रकार रियासद अज़ीम को दिए गए एक साक्षात्कार में एक पूर्व चयनकर्ता के बारे में कई बातें बताईं।

# हॉकी ने भारत को ओलंपिक में खास जगह दिलाई: मनसुख मांडविया



**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को हॉकी के शताब्दी समारोह में कहा कि ओलंपिक में हॉकी के जरिए ही हमने दुनिया को दिखाया कि भारत खेलों में क्या हासिल कर सकता है। यहां भारतीय खेल प्राधिकरण और हॉकी इंडिया ने ऐतिहासिक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में एक भव्य शताब्दी समारोह के साथ भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस अवसर पर डा. मांडविया ने इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनने पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि इस खेल ने कई दौर देखे हैं, और ओलंपिक में हॉकी के जरिए ही हमने दुनिया को दिखाया कि भारत खेलों में क्या हासिल कर सकता है। तब से हमने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारतीय हॉकी एक बार फिर से आगे बढ़ रही है और एक और ओलंपिक पदक की ओर बढ़ रही है। आज जब देश भर में एक हजार से अधिक मैच खेले जा रहे हैं, तो पूरा भारत इस गौरवपूर्ण पल का जश्न मना रहा है। भारत सरकार हमारे खिलाड़ियों और खेल को हर संभव तरीके से सपोर्ट करती रहेगी। मैं हॉकी इंडिया, खिलाड़ियों, कोचों और फैंस को इस शानदार सफर का हिस्सा बनने के लिए बधाई देता हूं। संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि इस खास मौके पर मैं खेल के दिग्गजों के बीच खड़ा हूं। भारतीय हॉकी के लिए यह एक लंबा और प्रेरणादायक सफर रहा है। मैं हॉकी इंडिया को हमारे महान खिलाड़ियों के साथ-साथ मौजूदा सितारों को सम्मानित करने, हमारे समृद्ध इतिहास को हमारे उज्ज्वल भविष्य के साथ जोड़ने के लिए बधाई देता हूं। इस अविश्वसनीय सफर का हिस्सा रहे सभी लोगों को बधाई। एफआईएच के अध्यक्ष दातो तैयब इकराम ने कहा कि भारतीय हॉकी के लिए इस ऐतिहासिक मील के पत्थर का हिस्सा बनना खुशी की बात है। आज हम अपने दिग्गजों, खिलाड़ियों, फैंस और प्रशासकों का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस सफर को आकार दिया है। भारत ने 100 साल के लचीलेपन और इनोवेशन के जरिए विश्व हॉकी में नेतृत्व किया है। मैं भारत सरकार और हॉकी इंडिया को उनके लगातार सपोर्ट के लिए धन्यवाद देता हूं। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत की वापसी उसकी ताकत दिखाती है, और मुझे विश्वास है कि अगले 100 साल भारतीय हॉकी के लिए और भी शानदार होंगे। इस खास मौके पर केंद्रीय खेल मंत्री,मांडविया, खेल राज्यमंत्री रक्षा, संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू आदि रहे।

# दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया

**फैसलाबाद।** नांद्रे बर्गर (चार विकेट) और एन पीटर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद क्विटन डी कॉक (नाबाद 123) रनों शतकीय और टोनी डीजॉर्जी (76) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय मैच में पाकिस्तान को 59 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। क्विटन डी कॉक को उनकी शानदार शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 269 का स्कोर बनाया। पाकिस्तान की शुरुआत खबरा रही और उसने पांच ओवर में 22 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद आगा सलमान ने सैम अयूब के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट लिए 92 रनों की साझेदारी हुई। 25वें ओवर में कॉर्बिन बॉश ने सैम अयूब (53) को आउटकर पाकिस्तान को पांचवां झटका दिया। इसके हुसैन तलत 11 रन को एन पीटर ने आउट किया। मोहम्मद नवाज ने आगा सलमान के साथ 59 रन जोड़े। 41वें ओवर में कॉर्बिन बॉश ने ने आगा सलमान (69) को आउट किया। फहीम अशरफ (28) रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तान का नौवां विकेट 50वें ओवर की पांचवीं गेद पर हसन नवाज के रूप में गिरा।

## सम्पादकीय

शनिवार, 8 नवम्बर 2025

# कुत्तों पर सुप्रीम आदेश

भारतीय इतिहास में कुत्ता सबसे वफादार जानवर बताया गया है। कई ऐसी सच्ची घटनाएं सामने आई हैं कि अपने मालिक को बचाने के लिए कुत्तों ने अपनी जान भी दे दी, लेकिन अब इन पर ही सर्वोच्च न्यायालय का आदेश आ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी राज्य 2 हफ्ते के अंदर ऐसे संस्थानों और परिसरों की लिस्ट तैयार करें, जो कोर्ट की तरफ से बताई गई श्रेणी में आते हैं। कोर्ट ने स्कूल-कॉलेज, अस्पताल और दूसरी इमारतों को इस श्रेणी में रखा है। इसके अलावा हाईवे से गाय-बैल को हटाने के लिए भी कहा गया है। इस आदेश के बाद डॉग लवर को राहत मिली है क्योंकि किसी भी तरह उनका अपने पाले गए कुत्ते से मोह नहीं हट रहा है। हटे भी कैसे, उस कुत्ते को उन्होंने अपनी औलाद की तरह ही पाला है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एक महिला वकील तो कोर्ट में ही रोने लगी। शहरों में आम तौर पर हर चौथे घर में कुत्ता पालने की परंपरा रही है, जबकि गली-मौहल्ले के कुत्ते उस गली की सुरक्षा करते हैं, जिसमें वह रहते हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश ऐसे लोगों के लिए नहीं है, जिन्होंने कुत्ते पाल रखे हैं। कोर्ट का आदेश तो केवल उन सार्वजनिक स्थानों तक है, जहां का संबंध आम जन से जुड़ा हुआ है। कोर्ट ने सभी शैक्षणिक संस्थानों, हॉस्पिटल, बस डिपो, रेलवे स्टेशन, सरक.ारी दफ्तरों और स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स से आवारा कुत्तों को हटाने के लिए कहा है। इसके साथ ही कोर्ट ने हाईवे और एक्सप्रेसवे से आवारा गाय-बैल को भी हटाने के लिए कहा है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन वी अंजा.रिया की बेंच ने सभी राज्य सरकारों और संबंधित संस्थाओं से 8 हफ्ते में इस आदेश का पालन करने के लिए कहा है। मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी को होगी। कोर्ट का कहना था कि सड़क और हाईवे पर घूमने वाले आवारा पशुओं को हटाने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है। राज्य सरकारें इसके लिए गश्ती दल का गठन करें, जो लगातार सड़कों की निगरानी करे। हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाए, जिसमें लोग सड़क पर आवारा पशुओं की जानकारी दे सकें। इन पशुओं के लिए गोशाला समेत दूसरे स्थायी आश्रय गृह बनाए जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने 11 अगस्त के निर्देश में संशोधन किया, जिसमें दिल्ली-एनसीआर के शेल्टर होम से आवारा कुत्तों को बाहर निकालने पर रोक लगाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में कुत्ते के काटने से रेबीज होने संबंधी मीडिया रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लिया और कहा कि इसमें कुछ चिंताजनक और परेशान करने वाले आंकड़े हैं। 11 अगस्त को आवारा कुत्तों के काटने से, खासकर बच्चों को उत्पन्न बेहद गंभीर स्थिति को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने दिल्ली-एनसीआर के अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी आवारा कुत्तों को सड़कों से स्थायी रूप से शेल्टर होम में भेजने का निर्देश दिया।


## भाजपा-संघ ने वंदेमातरम से दूरी बनाए रखी



कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की गर्वित ध्वज वाहक है, वंदे मातरम ने ही देश की सामूहिक आत्मा को जगाया और देश की आजादी का बुलंद नारा बन गया, वंदे मातरम देश की एकता में अनेकता की भावना को दर्शाता है, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वंदे मातरम की गर्वित ध्वजवाहक रही है, यह बहुत अजीब बात है कि जो लोग (भाजपा- आरएसएस) आज खुद को राष्ट्रवाद का स्वघोषित रक्षक बताते हैं, उन्होंने कभी भी अपनी शाखाओं या दफ्तरों में वंदे मातरम या हमारे राष्ट्रगान, जन गण मन नहीं गाया है। इसके बजाय, वे नमस्ते सदा वत्सले गाते रहते हैं, जो उनके संगठन की महिमा करने वाला गीत है, देश का नहीं, 1925 में अपनी स्थापना के बाद से आरएसएस ने इसकी सार्वभौमिक श्रद्धा के बावजूद वंदे मातरम से दूरी बनाए रखी है, इसके साहित्य में एक बार भी इस गीत का जिक्र नहीं मिलता। **-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# 25 वर्षों में बदली उत्तराखंड में शिक्षा की तस्वीर

### राष्ट्रीय औसत से भी ज्यादा सूबे का सकल नामांकन अनुपात, शिक्षा में सुधार को कई योजनाएं लागू, छात्रवृत्तियों का भी मिला लाभ



**एस. आलम अंसारी**

राज्य के गठन के बाद विगत 25 वर्षों में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था सीमित संसाधन, विषम भौगोलिक परिस्थितियां, विद्यालयों तक पहुंच और ड्राप आउट जैसी चुनौतियों के बावजूद न सिर्फ मजबूत हुई है बल्कि कई क्षेत्रों में मील के पत्थर भी स्थापित किए हैं।

शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए राज्य सरकार ने कई सुधारात्मक कदम उठाए। इसके अलावा राज्य में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, साक्षर भारत कार्यक्रम, नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, पीएम योजना, पीएम जनमन कार्यक्रम और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आदि का सटीक क्रियान्वयन कर गांव-गांव तक शिक्षा का उजियारा फैलाया।

**बस्तियों तक बनी शिक्षा की पहुंच**

राज्य में आज 97 फीसदी बस्तियों में एक किलोमीटर की परिधि में प्राथमिक विद्यालय जबकि 98 फीसदी बस्तियों में तीन किलोमीटर की परिधि में उच्च प्राथमिक विद्यालय, 92 फीसदी बस्तियों में 5 किमी की परिधि में हाईस्कूल एवं 94 फसदी बस्तियों में 7 किमी की परिधि में इंटरमीडिएट विद्यालयों की पहुंच है। शेष बस्तियां मानक पूरे न होने के कारण विद्यालय खुलने से वंचित रह गई हैं। जबकि राज्य गठन के उपरांत प्राथमिक स्तर के 18 फीसदी एवं माध्यमिक स्तर पर 26 फीसदी नए विद्यालय खोले गए हैं।

**राष्ट्रीय औसत से अधिक प्रदेश की जीईआर**

राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों तक विद्यालय खोले जाने से राज्य गठन के बाद सकल नामांकन अनुपात द्धग्रॉस एनरॉलमेंट रेसियो-जीईआरऋ में अत्याधिक सुधार हुआ है। विशेषकर उच्च प्राथमिक स्तर पर यह अनुपात 80 से लेकर 104 प्रतिशत तथा माध्यमिक स्तर पर 56 से 93 प्रतिशत तक हो गया है। जो कि वर्तमान स्थितियों में शैक्षिक सूचकांकों के क्रम में राज्य का प्रदर्शन कुल राष्ट्रीय औसत से अच्छा है।

**बोर्ड परीक्षा परिणामों में बढ़ा उत्तीर्ण प्रतिशत**

राज्य गठन के उपरांत विद्यालय शिक्षा की पहुंच आसान होने, जन जागरूकता, विद्यालयों में संसाधनों की प्रयाप्त उपलब्धता, शिक्षकों के प्रशिक्षण आदि के परिणाम स्वरूप छात्र-छात्राओं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में निरंतर सुधार हुआ है। जहां एक ओर राज्य गठन के समय हाईस्कूल स्तर पर बोर्ड परीक्षा में छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत मात्र 32.6 फीसदी था वहीं वर्तमान में यह प्रतिशत 90.8 फीसदी हो गया है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट स्तर पर बोर्ड परीक्षा में छात्रों का तत्कालीन उत्तीर्ण प्रतिशत 61.2 था जो अब 83.3 फीसदी हो गया है।

**भौतिक संसाधन सम्पन्न बने विद्यालय**

राज्य गठन के बाद विद्यालयों में भौतिक संसाधनों का चरणवद्ध ढंग से विकास किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप वनभूमि क्षेत्रांतर्गत आने वाले 0।5 फीसदी विद्यालयों को छोड़कर शेष सभी विद्यालयों में भवन निर्माण कराए गए। जहां पर शत प्रतिशत विद्यालयों में बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर उपलब्ध है। करीब 98 फीसदी विद्यालयों में बालक-बालिकों के लिए शौचालय, 99 फीसदी विद्यालयों में पेयजल सुविधा तथा 95 फीसदी विद्यालयों में विद्युतीकरण आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। ढांचागत विकास में प्रगति के लिए राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर विद्यालई शिक्षा के बजट में वृद्धि की जाती रही है। जहां राज्य गठन के समय प्रारम्भिक स्तर पर 342 करोड़ का बजट स्वीकृत था वहीं वर्तमान में 4384 करोड़ हो गया है। इसी प्रकार माध्यमिक स्तर पर बजट 323 करोड़ से बढ़कर 7017 करोड़ हो गया है।

**शिक्षा व्यवस्था में सुधार को योजनाएं लागू**

राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए राज्य गठन के बाद समय-समय पर विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों का क्रियान्वयन किया गया। जिसके संतोषजनक परिणाम मिले हैं। उदाहरण स्वरूप वर्ष 2003-04 में राज्य के दूर्गम एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभावान बालक-बालिकों को गुणवतापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए एक-एक आवासीय विद्यालय राजीव गांधी नवोदय विद्यालय नाम से स्थापित किए गए। जिसका सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसी प्रकार वर्ष 2015-16 में राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में 4 राजीव गांधी अभिनव आवासीय विद्यालय व प्रत्येक विकासखंड में दो-दो मॉडल स्कूल विकसित किए गए। जिनकी वर्तमान में कुल संख्या 190 हो चुकी है। जिनके सफल संचालन के लिए 22 करोड़ 44 लाख रुपये का बजट आवंटित है। इसी प्रकार एनईपी-2020 की अनुसंशा के आधार पर विद्यालयों को शिक्षा के उत्कृष्ट केन्द्र के रूप में विकसित किए जाने, भौतिक एवं मानव संसाधनों के अभीष्टतम उपयोग, छात्र-छात्राओं को गुणवतपूर्ण शिक्षा प्रदान करने के समान अवसर दिए जाने के दृष्टिगत वर्ष 2023-24 में कलस्टर विद्यालयों का शुभारम्भ किया गया। इस योजना के अंतर्गत माध्यमिक स्तर पर 559 विद्यालयों चयन कलस्टर स्कूल के लिए किया गया है, जिसके तहत अभी तक 86 करोड़ 6 लाख रूपये आंवटित किए जा चुके हैं। जबकि प्राथमिक स्तर पर 679 स्कूलों चयन कलस्टर विद्यालय के लिए किया गया है। जिनके लिए शीघ्र बजट आंवटित किया जाना प्रस्तावित है।

**बालिका शिक्षा को मिला प्रोत्साहन**

राज्य में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के दृष्टिगत 39 कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास स्थापित किए गए। जिनमें कक्षा-6 से 12 तक की 4300 बालिकाओं के लिए नि:शुल्क आवासीय सुविधाएं उपलब्ध है।

**छात्र-छात्राओं को मिला विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ**

प्रदेश के कमजोर एवं अपवंचित वर्ग के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित किए जाने के लिए वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री छात्र प्रोत्साहन योजना शुरू की गई। जिसके तहत छात्रवृत्ति परीक्षा में बैठने वाले कुल छात्रों के 10 फीसदी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जा रही है। जिसके तहत कक्षा-6 के छात्रों को 600 रुपये प्रतिमाह से शुरूकर कक्षा-12 के छात्रों को 1200 रुपये प्रतिमाह दी जा रही है। इसी प्रकार हाईस्कूल एवं इंटर बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों एवं प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किए जाने के लिए वर्ष 2029 में पंडित दीन दयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार प्रारम्भ किए गए है। जिसके तहत इंटरमीडिएट स्तर पर श्रेष्ठ तीन विद्यालयों को क्रमश: 10 लाख, 5 लाख व 3 लाख रुपये तथा हाईस्कूल स्तर पर श्रेष्ठ तीन विद्यालयों को क्रमश: 8 लाख, 4 लाख व 2 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जा रहा है। इसी प्रकार इंटर स्तर पर श्रेष्ठ तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमश: 21 हजार, 15 हजार व 11 हजार तथा चौथे से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 5100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। इसी प्रकार हाईस्कूल स्तर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 15 हजार, 11 हजार व 8 हजार तथा चौथे से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 2100 का नकद पुरस्कार दिया जा रहा है।

**विद्या समीक्षा केन्द्र की स्थापना**

प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के दृष्टिगत रियल टाइम आंकड़ों के संग्रहण के लिए वर्ष 2023-24 में केन्द्र सरकार के सहयोग से विद्या समीक्षा केन्द्र की स्थापना की गई, जो देश का दूसरा विद्या समीक्षा केन्द्र स्थापित किया गया। जिससे सभी विद्यालयों, छात्रों एवं शिक्षकों को जोड़ा गया। वर्तमान में छात्रों एवं शिक्षकों की ऑनलाइन रियल टाइम उपस्थिति ली जा रही है तथा छात्रों के रियल टाइम आंकलन के लिए परख कार्यक्रम भी इसी के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से शिक्षकों हेतु ऑनलाइन प्रशिक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। राज्य के विद्यालय समीक्षा केन्द्र को राष्ट्रीय विद्या समीक्षा केन्द्र से भी जोड़ा गया है।



राज्य सरकार विद्यालई शिक्षा को उत्कृष्ट, रोजगारपरक और मूल्यपरक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुरूप पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन किया जा रहा है, ताकि शिक्षा को व्यवहारिक और जीवनोपयोगी बनाया जा सके। साथ ही छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु खेल, कला और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। केंद्र सरकार से वित्त पोषित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए, राज्य में शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य सतत जारी है।

**डॉ. धन सिंह रावत,**
**विद्यालई शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# परीक्षा देने का सबसे अच्छा समय क्या है

कामेंलो विकारियो एवं उनके साथियों ने फ्रंटियर्स इन साइकोलॉजी पत्रिका के जुलाई 2025 के अंक मी एक शोध.ापत्र प्रकाशित किया था, जिसका शीर्षक था 'Timing Matters. Academic assessment changes throughout the day (समय मायने रखता है। शैक्षणिक मूल्यांकन दिन भर बदलता रहता है)। इस अध्ययन में उन्होंने संपूर्ण इटली के 1,04,552 विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन का विश्लेषण प्रस्तुत किया है, जो कहता है कि परीक्षा का समय मायने रखता है। अध्ययन में पाया गया कि सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच आयोजित परीक्षाओं के परिणाम बहुत अच्छे आए थे, और उनमें मध्यान्ह (12 बजे) के आसपास आयोजित परीक्षाएं सबसे अच्छी रहीं। जबकि सुबह 8 से 9 बजे के बीच और दोपहर 2 से 5 बजे के बीच आयोजित परीक्षाओं के परिणाम खराब रहे।

यानी नतीजों पर इस बात का असर पड़ता है कि महत्वपूर्ण निर्णय दिन के किस समय लिए गए हैं। ग्राफ पर परीक्षा में सफलता दर घंटाकार वक्र रेखा के रूप में प्रदर्शित हुई थी, जिसके शिखर पर मध्यान्ह 12 बजे का समय था। अर्थात यदि सुबह 11 बजे या दोपहर 1 बजे परीक्षा हो तो उत्तीर्ण होने की संभावना में कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन यदि परीक्षा सुबह 8-9 बजे या दोपहर 3-4 बजे ली जाती है तो उत्तीर्ण होने की संभावना अपेक्षाकृत कम हो जाएगी। उत्तीर्ण होने की संभावना सुबह और देर दोपहर में बराबर थी। इस अध्ययन के एक सह लेखक बोलोग्ना विश्वविद्यालय के प्रोफसर एलेसियो एवेनंती का कहना है कि ह्इन निष्कर्षों के व्यापक निहितार्थ हैं। ये नतीजे इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि कैसे जैविक लय (biological rhythms) महत्वपूर्ण मूल्यांकन परिणाम को सूक्ष्म रूप से लेकिन काफी प्रभावित कर सकती है जबकि इस बात को अक्सर निर्णय लेने के संदर्भ में अनदेखा कर दिया जाता है। हालांकि अध्ययन में इस पैटर्न के पीछे के क्रियाविधि का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन दोपहर के समय उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या में अधिकता इस बात के प्रमाण के समान है कि संज्ञानात्मक प्रदर्शन सुबह के दौरान बेहतर होने लगता है और दोपहर के दौरान कम होता जाता है। देर-दोपहर में विद्यार्थियों के ऊर्जा स्तर में गिरावट के कारण उनकी एकाग्रता कम हो सकती है, जिससे उनका प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। प्रोफेसर/शिक्षक भी (जांच के दौरान) निर्णय लेने में थकान का अनुभव कर सकते हैं, जिसके कारण उत्तरों मूल्यांकन प्रभावित हो सकता है। वहीं, सुबह के समय में खराब परिणाम क्रोनोटाइप या जैविक घड़ी की विविधता के कारण हो सकते




हैं। 20 की उम्र के लोग आम तौर पर रात में जागने वाले होते हैं, जबकि 40 या उससे ज्यादा उम्र के लोग सुबह जल्दी उठने वाले होते हैं। यानी जब प्रोफेसर शिक्षक सबसे ज्यादा चेतन फुर्तीले हैं तब विद्यार्थी उनींदे से होते हैं नतीजा होता है संज्ञानात्मक प्रदर्शन में गिरावट।

इटली के मेसिना विश्वविद्यालय के डॉ. विक.ारियो का सुझाव है कि दिन के समय के प्रभावों का मुकाबला करने के लिए, विद्यार्थियों को अच्छी नींद लेना चाहिए, दिन के जिस समय वे खुद को सबसे कम ऊर्जावान महसूस करते हैं उस दौरान महत्वपूर्ण परीक्षाओंध्साक्षात्कार रखने से बचना चाहिए, परीक्षा से पहले दिमाग को आराम देने जैसी रणनीतियां अपनाना चाहिएय और संस्थानों द्वारा सत्र देर-सुबह शुरू करने या प्रमुख मूल्यांकन देर-सुबह रखने से परिणाम में सुधार हो सकता है, लेकिन शैक्षणिक प्रदर्शन पर दिन के समय के प्रभाव को पूरी तरह से समझने और वाजिब मूल्यांकन सुनिश्चित करने के तरीके विकसित करने के लिए अधिक शोध की आवश्यकता है। शोध पत्र के वरिष्ठ लेखक मेस्सिना विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मासिमो मुच्चियार्डी का कहना है कि अध्ययन में ह्हम अन्य कारकों को पूरी तरह से शामिल नहीं कर पाए हैं। जैसे हम विद्यार्थियों या परीक्षकों के विस्तृत डैटा (जैसे सोने-जागने की आदतें, तनाव या जैविक लय सम्बंधी जानकारी) नहीं हासिल कर पाए। यही कारण है कि हम अंतर्निहित तंत्रों को उजागर करने के लिए शारीरिक या व्यवहारिक कारकों को शामिल कर आगे के अध्ययनों का सुझाव देते हैं। हालांकि यह शोध इटली में हुआ है, लेकिन इसके निष्कर्ष भारत में भी भलीभांति लागू हो सकते हैं। भारत में भी कई प्रवेश परीक्षाएं आम तौर पर सुबह और दोपहर के समय में आयोजित की जाती हैं।

साभार स्रोत फीचर्स

# इसरो की नई छलांग, आसमान में चमका भारत का बाहुबली



**योगेश कुमार गोयल**

पिछले दिनों हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 'बाहुबली' रॉकेट एलवीएम 3-एम 5 ने भारत के अब तक के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-3 को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाया और उसी के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। यह प्रक्षेपण न केवल भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नई छलांग है बल्कि यह उस आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है, जिसकी परिकल्पना आज का भारत अपने वैज्ञानिक संकल्प से साकार कर रहा है। करीब 4,410 किलोग्राम वजनी सीएमएस-3 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया है। यह भारत की धरती से अब तक छोड़ा गया सबसे भारी संचार उपग्रह है। यह उपग्रह भारत तथा आसपास के समुद्री क्षेत्रों में मल्टी-बैंड संचार सेवाएं प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों तक देश की संचार प्रणाली की रीढ़ साबित होगा। इस मिशन की सफलता ने एक बार फिर इसरो की वैज्ञानिक दक्षता, तकनीकी परिपक्वता और अडिग संकल्प का प्रमाण दिया है।

'बाहुबली' नाम अपने आप में इस रॉकेट की क्षमता का परिचायक है। एलवीएम 3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) इसरो का सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है, जो लगभग 43.5 मीटर ऊंचा और तीन चरणों में कार्य करने वाला रॉकेट है। इसकी भार वहन क्षमता ही इसे 'बाहुबली' का दर्जा देती है। यह रॉकेट लगभग 4,000 किलोग्राम वजन तक के उपग्रहों को जीटीओ में और 8,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को पृथ्वी की निम्न कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट) तक पहुंचाने में सक्षम है। यह वही रॉकेट है, जिसने भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाने वाला ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का झंडा लहराया। एलवीएम 3-एम 5 रॉकेट तीन चरणों में कार्य करता है। पहले चरण में इसके दो ठोस बूस्टर रॉकेट एस-200 प्रारंभिक लिफ्ट ऑफ के लिए भारी थ्रस्ट उत्पन्न करते हैं। दूसरे चरण में एल-110 लिक्विड प्रोपल्शन स्टेज आता है, जिसे विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में विकसित किया गया है। तीसरे और अंतिम चरण में क्रायोजेनिक इंजन सी-25 कार्य करता है, जो सैटेलाइट को सटीक रूप से उसकी कक्षा में स्थापित करने की अंतिम जिम्मेदारी निभाता है। यह जटिल प्रणाली और उसकी सटीक कार्यप्रणाली भारत की उस इंजीनियरिंग दक्षता की परिचायक है, जिसने आज विश्व की शीर्ष चार अंतरिक्ष शक्तियों में भारत को स्थापित किया है।

इसरो के इस मिशन की सबसे बड़ी सफलता यह है कि यह भारत को भारी उपग्रह प्रक्षेपण में पूर्ण आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करता है। इससे पहले इसरो को अपने भारी उपग्रहों के लिए विदेशी लॉन्च सेवाओं का सहारा लेना पड़ता था, जैसे कि दिसंबर 2018 में जीएसएटी-11 को फ्रेंच गयाना से एरिएन-5 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। उस समय जीएसएटी-11 (5854 किलोग्राम) इसरो का सबसे भारी उपग्रह था परंतु वह भारत से लॉन्च नहीं हो सका था। आज सीएमएस-03 के सफल प्रक्षेपण के साथ भारत ने यह उपलब्धि अपने दम पर हासिल कर ली है। सीएमएस-03 को इसरो के वैज्ञानिकों ने आधु.निक संचार अवसंरचना की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। यह एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो देश के दूरस्थ और समुद्री इलाकों में तेज और विश्वसनीय संचार सेवाएं सुनिश्चित करेगा। इस उपग्रह के माध्यम से रक्षा क्षेत्र, नौसेना, आपदा प्रबंधन, नागरिक संचार और डिजिटल कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार होगा। विशेष रूप से यह नौसेना के लिए समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षित और निर्बाध संचार नेटवर्क प्रदान करेगा, जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी।

भारत की समुद्री सीमाएं लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी हैं और उसके पास व्यापक आर्थिक क्षेत्र है। ऐसे में सुदूर समुद्री इलाकों में संचार का सशक्त नेटवर्क आवश्यक है। सीएमएस-03 इस दिशा में एक बड़ा कदम है, जो भारतीय नौसेना को रणनीतिक रूप से अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके अलावा, यह देश के ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में डिजिटल पहुंच को भी सुदृढ़ करेगा। एलवीएम 3-एम 5 मिशन की सफलता इस बात का भी प्रमाण है कि भारत अब न केवल वैज्ञानिक तकनीक का उपभोक्ता देश है बल्कि वह तकनीक निर्माता और नवोन्मेषी शक्ति के रूप में भी उभर चुका है। इसरो के वैज्ञानिकों ने खराब मौसम की चुनौतियों और अत्यधिक जटिल तकनीकी परिस्थितियों में भी इस मिशन को सफलता तक पहुंचाया। इसरो प्रमुख वी। नारायणन के शब्दों में, 'यह बाहुबली रॉकेट की ताकत का एक और प्रमाण है। उपग्रह को सटीक रूप से कक्षा में स्थापित किया गया है और यह हमारे वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का परिणाम है।' एलवीएम 3-एम 5 रॉकेट की अब तक की सभी आठ उड़ानें 100 प्रतिशत सफल रही हैं। यह सफलता दर किसी भी विकसित अंतरिक्ष एजेंसी के मानकों पर श्रेष्ठ मानी जा सकती है। भारत के लिए यह मिशन केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है बल्कि यह उस दृष्टि का विस्तार है, जो प्रधानमंत्री के 'विक.सित भारत 2047' के संकल्प से जुड़ी है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने हाल के वर्षों में जो प्रगति की है, उसने न केवल विश्व को चकित किया है बल्कि निजी उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए भी अंतरिक्ष तकनीक में नए अवसर खोले हैं। सीएमएस-3 मिशन भारत की उस अंतरिक्ष नीति को भी मजबूत करता है, जिसके तहत देश आने वाले वर्षों में वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। भारत अब वैश्विक स्तर पर उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जो भारी उपग्रहों को स्वयं की तकनीक से अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम हैं। इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की वैश्विक विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। इसरो के मिशनों की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसने हर उपलब्धि सीमित बजट में हासिल की है। एलवीएम 3 की संरचना और प्रदर्शन का स्तर यूरोपियन एरिएन-5 या अमेरिकी फाल्कन-9 जैसी श्रेणी के रॉकेटों के समान है जबकि इसकी लागत उन मिशनों की तुलना में बेहद कम है। यही भारतीय प्रतिभा और वैज्ञानिक अनुशासन की असली पहचान है। इस मिशन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि सीएमएस-3 से भारत की डिजिटल कनेक्टिविटी और रक्षा नेटवर्क दोनों को मजबूती मिलेगी। देश के सुदूरवर्ती द्वीपों, सीमांत इलाकों और समुद्री मार्गों पर निर्बाध संचार स्थापित करना अब अधिक आसान होगा। इस मिशन के जरिए भारत का संचार तंत्र और आपदा प्रबंधन प्रणाली भी अधिक सटीक और प्रभावी होगी। यह उपलब्धि भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज जब विश्व अंतरिक्ष की नई प्रतिस्पर्धा में प्रवेश कर चुका है, जहां अमेरिका, रूस, चीन और यूरोप अपनी तकनीकी श्रेष्ठता सिद्ध करने की होड़ में हैं, भारत ने शांत, दृढ़ और सटीक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपनी अलग पहचान बनाई है। चंद्रयान-3 के बाद 'बाहुबली' की यह सफलता भारत की उसी निरंतर प्रगति का प्रतीक है, जिसने विज्ञान को राष्ट्रीय गौरव से जोड़ा है। कुल मिलाकर, भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब केवल खोज का नहीं बल्कि सशक्त राष्ट्र निर्माण का माध्यम बन चुका है। सीएमएस-03 केवल एक उपग्रह नहीं बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता, आत्मविश्वास और दूरदृष्टि का प्रतीक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच फिर गोलीबारी

**काबुल/इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के कंधार प्रांत के एक सीमावर्ती जिले में पाकिस्तानी सेना ने भारी हथियारों का भी जमकर इस्तेमाल किया। अफगानिस्तान के स्थानीय मीडिया के अनुसार गोलीबारी स्थानीय समयानुसार गुरुवार शाम लगभग 5 बजे हुई। इसमें कहा गया है कि स्पिन बोल्डक जिले के एक व्यावसायिक बाज़ार पर मोर्टार के गोले दागे गए, जिससे निवासियों और व्यापारियों को इलाक़े से भागने पर मजबूर होना पड़ा।

### पाकिस्तान और इराक से 433 अफगानी कैदी रिहा

**काबुल।** पाकिस्तान और इराक की जेलों में बंद 433 अफगानी कैदियों को पिछले सप्ताह रिहा कर अफगानिस्तान भेज दिया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने गुरुवार देर रात यह जानकारी दी। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान में हिरासत में लिए गए 430 लोग दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा के रास्ते देश में वापस आ गए। इसके अलावा छह महीने से इराक की जेलों में बंद तीन अन्य कैदी पश्चिमी निमरोज़ प्रांत में पुल-ए-अब्रेसिम सीमा पार करके वापस लौटे।

### वियतनाम में तूफान कालमेगी से पांच लोगों की मौत

**हनोई।** मध्य वियतनाम में तूफान कालमेगी के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए हैं। स्थानीय दैनिक लाओ डोंग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तीन मौतें डाक लाक प्रांत में हुईं, जबकि अन्य दो गिया लाई प्रांत में हुईं। स्थानीय अधिकारियों की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार पूरे क्षेत्र में 52 घर ढह गए और 2593 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय अधिकारी नुकसान का आकलन और राहत कार्य जारी रखे हुए हैं। वियतनाम के कृषि एवं पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि तूफान आज तड़के एक उष्णकटिबंधीय दबाव क्षेत्र में कमज़ोर हो गया और फिर दक्षिणी लाओस के ऊपर एक निम्न दबाव क्षेत्र में बदल गया।

### ब्रिस्बेन हवाई अड्डे पर वर्जिन के विमान में आग लगी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन हवाई अड्डे पर गुरुवार को वर्जिन ऑस्ट्रेलिया एयरलाइन के एक विमान के ब्रेक प्रणाली में आग लग गई। वर्जिन ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि विमान में सवार 178 यात्रियों और चालक दल के किसी भी सदस्य को कोई चोट नहीं आई। एयरलाइन कम्पनी ने कहा कि डार्विन से उड़ान भरने वाले बोइंग 737-800 के कल शाम स्थानीय समयानुसार लगभग सात बजे ब्रिस्बेन में उतरने के बाद उसके ब्रेक सिस्टम में आग लग गई।

# श्रीनगर में मौसम की सबसे सर्द रात

## न्यूनतम तापमान 0.2°C रिकॉर्ड किया गया, पहलगाम में हाड़ कंपाने वाली ठंड



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में रात का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया जबकि श्रीनगर में मौसम की सबसे सर्द रात दर्ज की गई, जहां न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया तथा घाटी में औसत तापमान एक से तीन डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार कश्मीर के ऊपरी इलाकों में हाल ही में हुई हिमपात के कारण घाटी में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है और कई इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। अनंतनाग जिले के पर्वतीय रिसॉर्ट पहलगाम में शून्य से नीचे 3-0 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया जो कश्मीर का सबसे ठंडा स्थान रहा। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम की अब तक की सबसे सर्द रात थी। तापमान सामान्य 1.9 से गिरकर 1.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने घाटी के प्रवेश द्वार काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोकरनाग में 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**■ तापमान सामान्य 1.9 से गिरकर 1.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**

उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में तापमान शून्य से नीचे 2-6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान केन्द्र शासित प्रदेश में मुख्यतः मौसम शुष्क रहने का अनुमान व्यक्त किया है। इसके साथ ही विभाग ने यह भी कहा है कि अगले दो दिनों में मौसम में कोई बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है, जिससे पूरे क्षेत्र में शुष्क और ठंडी स्थिति यथावत रहने का अनुमान है।

# डेमोक्रेटस की जीत का ओबामा ने मनाया जश्न

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हालिया चुनावों को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी में जश्न का माहौल है। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा वाशिंगटन में एक कार्यक्रम में अप्रत्याशित रूप से भाग लेते हुए नजर आए।

यहां उन्होंने कहा कि अमेरिकी वोटर्स अब ट्रम्प के एजेंडे को खारिज कर रहे हैं। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि डेमोक्रेट्स के बीच जारी मतभेदों को दूर किया जा सकता है। ओबामा ने पाड सेव अमेरिका नाम के पाडकास्ट के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हमारा मंगलवार बहुत अच्छा रहा। उनके ये बोलते ही भीड़ ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा संकेत है कि अमेरिकी जनता ध्यान दे रही है। वे निर्दयता नहीं चाहते। वे ऐसे लोगों को नहीं देखना चाहते जो सत्ता में बने रहने के लिए हरसंभव कोशिश करते हैं। न्यूयार्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर और खुद को समाजवादी कहने वाले जोहरान ममदानी और वर्जीनिया और न्यू जर्सी के गवर्नर चुनावों में क्रमशः डेमोक्रेट्स एबिगेल स्पैनबर्गर और मिकी शेरिल की जीत हुई थी। इसके बाद से ही यह चर्चा तेज हो गई है कि 2026 के मध्यावधि चुनावों की तैयारी के दौरान पार्टी अपने प्रगतिशील और मध्यमार्गी गुटों के बीच मतभेदों को कैसे सुलझाएगी। एसोसिएटेड प्रेस के वोटर पोल, जिसमें न्यूयार्क सिटी, वर्जीनिया, न्यू जर्सी और कैलिफोर्निया के 17,000 से अधिक मतदाताओं से राय ली गई है, के मुताबिक अधिकांश मतदाताओं ने तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रदर्शन को अस्वीकार किया और माना कि उनकी कठोर आव्रजन नीति हद पार कर गई। ओबामा ने स्वीकार किया कि डेमोक्रेटिक पार्टी में अभी काफी काम किया जाना बाकी है, लेकिन कहा कि पार्टी के अलग-अलग गुट एक-दूसरे के साथ चल रहे हैं न कि किसी दिखावे या बनावटी तरीके से। डेमोक्रेटिक पार्टी के समाजवादी नेता और ममदानी के समर्थक सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि डेमोक्रेट्स के बीच मतभेद हैं, लेकिन उन्हें दूर किया जा सकता है।



**■ पूर्व राष्ट्रपति ने कहाः अमेरिकी वोटर्स अब राष्ट्रपति ट्रम्प के एजेंडे को खारिज कर रहे**

# पाक एटमी हथियारों की तस्करी कर रहाः भारत

## विदेश मंत्रालय ने कहाः हमने हमेशा इस बारे में बताया, ट्रम्प ने कहा था-पाक न्यूक्लियर टेस्ट कर रहा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान सालों से सीक्रेट तरीके से न्यूक्लियर एक्टिविटी करता रहा है। इसमें तस्करी, नियम तोड़ना, सीक्रेट साझेदारी और एक्यू खान नेटवर्क शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा दुनिया को इसकी याद दिलाता रहा है। इसी वजह से हमने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पाकिस्तान के न्यूक्लियर टेस्ट वाले बयान पर भी गौर किया है।

दरअसल ट्रम्प ने रविवार को एक इंटरव्यू में कहा था कि पाकिस्तान सीक्रेट तरीके से परमाणु परीक्षण कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने साप्ताहिक प्रेस कान्फ्रेंस में इसी बयान पर प्रतिक्रिया दी है। एक्यू खान नेटवर्क एक सीक्रेट अंतर्राष्ट्रीय परमाणु तस्करी नेटवर्क था, जिसे पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक डा. अब्दुल कदीर खान ने बनाया था। यह नेटवर्क 1970 के दशक से लेकर 2000 के शुरुआती सालों तक एक्टिव रहा। कदीर खान को पाकिस्तान के परमाणु बम के जनक कहा जाता है। उन्होंने पाकिस्तान के लिए यूरेनियम संवर्धन तकनीक डेवलप की थी, जिससे पाकिस्तान ने 1998 में परमाणु परीक्षण किया। हालांकि बाद में सामने आया कि डा. खान ने यही तकनीक दूसरे देशों तक भी पहुंचाई। इसे ही एक्यू खान नेटवर्क कहा गया। यह नेटवर्क कोई औपचारिक संस्था नहीं था, बल्कि वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और कंपनियों का एक सीक्रेट नेटवर्क था जो अलग-अलग देशों में फैला था। इनके जरिए एटमी प्रोग्राम के लिए जरूरी पुर्जे, मशीनें और डिजाइन चुपचाप ईरान, उत्तर कोरिया और लीबिया जैसे देशों तक पहुंचाए गए।

साल 2003 में इस सीक्रेट का पर्दाफाश तब हुआ जब लीबिया ने अपने परमाणु कार्यक्रम की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को दी। जांच में यह पता चला कि लीबिया को तकनीक पाकिस्तान से मिली थी। इसके बाद 2004 में डा. कदीर खान ने टीवी पर आकर स्वीकार किया कि उन्होंने इन देशों की मदद की थी, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने यह काम अपनी मर्जी से किया, सरकार के आदेश पर नहीं। अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ने के बाद पाकिस्तान ने खान को गृह नजरबंद कर दिया और कहा कि नेटवर्क को खत्म कर दिया गया है। ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका को फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास इतने परमाणु हथियार हैं कि दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है, लेकिन रूस और चीन की गतिविधियों के चलते टेस्ट करना जरूरी है। जब ट्रम्प से पूछा गया कि नार्थ कोरिया के अलावा कोई भी परमाणु टेस्ट नहीं कर रहा तो आप क्यों कर रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने कहा कि रूस, पाकिस्तान और चीन भी गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, बस दुनिया को पता नहीं चलता।



**■ भारत हमेशा दुनिया को इसकी याद दिलाता रहा है**

## पीओके में पाक के विरुद्ध सड़कों पर जेन-जी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में एक बार फिर शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन भड़क उठा है। नेपाल की तरह ही अब पीओके में भी आंदोलन की कमान जेन-जी ने संभाल ली है। हालांकि, शुरू में छात्रों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन शिक्षा सुधार और फीस कटौती पर केंद्रित था लेकिन उनकी मांगों को सुनने के बजाय सेना-पुलिस की मदद से उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की गई तो हालात बेकाबू हो गए। सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिसमें मुजफ्फराबाद के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी सड़कों पर उतरे छात्रों को नारेबाजी, तोड़फोड़ करते और टायर आदि जलाते देखा जा सकता है। शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन में बदले विरोध-प्रदर्शन को पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में युवा पीढ़ी के बीच गहराते असंतोष के तौर पर देखा जा रहा है। कई सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी कहा जा रहा है कि नेपाल के बाद अब पीओके में जेन-जी के आंदोलन ने पाकिस्तान की सरकार और सेना के लिए हालात मुश्किल बना दिए हैं। प्रदर्शन मुजफ्फराबाद की एक प्रमुख यूनिवर्सिटी में भारी-भरकम फीस और सुविधाओं के अभाव पर विरोध जताने के लिए शुरू हुआ था। प्रदर्शन शांतिपूर्ण जारी था लेकिन प्रशासन ने यूनिवर्सिटी में सभी राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगा दी। स्थिति तब बिगड़ गई जब एक अज्ञात बंदूकधारी ने छात्रों के एक समूह पर गोली चलाई। एक महीने पहले भी पीओके में इसी तरह अशांति हुई थी।

**■ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर फायरिंग से बढ़ा बवाल, पिछली बार प्रदर्शन के दौरान हिंसा में गई थीं कई जानें**

# गाजा की सुरंग में फंसे 200 हमास लड़ाके

**गाजा।** गाजा के राफा बार्डर के पास करीब 200 हमास लड़ाके एक सुरंग में फंस गए हैं और वहां से निकल नहीं पा रहे हैं। इजरायली मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ये लड़ाके मार्च 2025 से यहां फंसे हुए हैं। इजरायली सेना ने इनके बाहर निकलने का रास्ता बंद कर दिया है। इजरायली अधिकारियों के मुताबिक, ये लड़ाके गाजा के उस हिस्से में मौजूद हैं, जो इजरायल के नियंत्रण में है।

वे सुरंगों के अंदर छिपे हैं, लेकिन अगर पीछे हटने की कोशिश करेंगे तो सीधे इजरायली सैनिकों (आईडीएफ) के हाथों पकड़े जाने का खतरा है। वाईनेट न्यूज के मुताबिक इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कहा है कि उन्हें सुरक्षित निकलने की इजाजत नहीं दी जाएगी। वहीं, इजरायली सेना के चीफ आफ स्टाफ एयाल जमीर ने कहा कि लड़ाकों को निकालने के लिए हमास से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हम उन्हें अंडरवियर में सैन्य ठिकाने ले जाएंगे। कुछ इजरायली मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि अगर हमास के लड़ाके अपने हथियार डाल दें, तो उन्हें बाहर निकलने दिया जा सकता है। हालांकि, नेतन्याहू के दफ्तर ने इस दावे को झूठा बताया और साफ किया कि किसी भी हमास सदस्य को माफी या सुरक्षित निकलने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

सदे तेइमान एक सैन्य ठिकाना है जो इजरायल के नेगेव रेगिस्तान में गाजा की सीमा के नजदीक है और अक्टूबर 2023 के बाद इसे गाजा से पकड़े गए लोगों को रखने और पूछताछ करने के लिए इस्तेमाल किया गया है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां पर हजारों फिलिस्तीन कैदी हैं। जमीर ने सरकार को सलाह दी कि जब तक सभी बंधक और शहीद सैनिकों के शव वापस नहीं आ जाते, तब तक सीजफायर समझौते के अगले चरण पर नहीं बढ़ना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा को पूरी तरह से हथियारों से मुक्त किए बिना वहां किसी तरह का कामकाज शुरू नहीं होना चाहिए।

**■ इजरायल ने निकलने का रास्ता बंद किया, इजरायली सेना बोलीः इन्हें अंडरवियर में आर्मी कैंप ले जाएंगे**

# अमेरिका में 40 एयरपोर्ट्स पर 700 उड़ानें बंद

## ट्रम्प के शटडाउन की वजह से स्टाफ नहीं मिल रहा, बिना वेतन काम कर रहे कर्मचारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शटडाउन हुए 37 दिन बीत चुके हैं। इसका सबसे ज्यादा असर हवाई यात्रा पर पड़ रहा है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने 40 बड़े हवाई अड्डों पर उड़ानों में कटौती का ऐलान किया है। शुक्रवार सुबह से यह कटौती शुरू हो गई है। इसमें न्यूयॉर्क और वाशिंगटन डीसी के बड़े एयरपोर्ट्स शामिल हैं। कुल 40 में से ज्यादातर देश के सबसे व्यस्त हब हैं।

इससे थैंक्स गिविंग वीक की छुट्टियों से पहले यात्रा करने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई हैं। रायटर्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई बड़े एयरलाइंस पहले ही उड़ानें कैंसिल कर चुके हैं। अब तक कुल 700 से ज्यादा उड़ानें कैंसिल हो चुकी हैं। इसमें रीजनल और मुख्य उड़ानें शामिल हैं। हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें इससे बचेंगीं। एफएए के मुताबिक यह कदम एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स की कमी को कम करने के लिए उठाया गया है। ये कंट्रोलर्स एक महीने से ज्यादा समय से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। उड़ानों में कटौती के बाद कई बड़े एयरलाइंस उड़ानें कैंसिल कर रहे हैं। रोजाना 1,800 उड़ानें कैंसिल होने का खतरा, 2.68 लाख लोग प्रभावित, यह कटौती धीरे-धीरे बढ़ेगी। शुक्रवार से 4 प्रतिशत उड़ानें कम होंगी, 14 नवम्बर तक यह 10 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। यह सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। इससे घरेलू उड़ानें प्रभावित होंगी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इससे रोजाना 1,800 उड़ानें रद्द हो सकती हैं। वहीं, करीब 2.68 लाख लोग प्रभावित होंगे। डेल्टा एयर लाइंस ने शुक्रवार के लिए 170 उड़ानें रद्द कीं। यूनाइटेड एयरलाइंस ने 200 उड़ानें कैंसिल कीं। यह उनके शुक्रवार के शेडयूल का 4 प्रतिशत है। वही, अमेरिकन एयरलाइंस ने 220 उड़ानें कम कीं। साउथवेस्ट एयरलाइंस ने 100 उड़ानें रद्द कीं। एयरलाइंस फार अमेरिका ने कहा कि हम सरकार के साथ मिलकर यात्रियों की परेशानी कम करने की कोशिश कर रहे हैं। एफएए ने कहा कि एयरलाइंस खुद तय करेंगी कि कौन सी उड़ानें रद्द करनी है। फ्रंटियर समेत कई बड़ी एयरलाइंस ने अगले 10 दिनों के भीतर ट्रैवल करने वाले यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। फ्रंटियर एयरलाइंस के सीईओ बैरी बिफल ने इंस्टाग्राम पर कहा कि अगर आप शुक्रवार या अगले 10 दिनों में उड़ान भरने वाले हैं। तो बैकअप टिकट बुक करें। दूसरी एयरलाइन पर इकोनामी टिकट लें।




**■ थैंक्स गिविंग वीक की छुट्टियों से पहले यात्रा करने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई हैं**




**श्रीनगर। नशा विरोधी रैली में भाग लेते छात्र-छात्राएं।**

# ट्रम्प नीति को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की मुहर

## पासपोर्ट पर लिंग पहचान सीमित, ट्रांसजेंडर समुदाय में नाराजगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को ऐसी नीति लागू करने की मंजूरी दे दी है, जिसके तहत ट्रांसजेंडर और नानबाइनरी लोग (ऐसे लोग जो खुद को केवल पुरुष या महिला के रूप में नहीं पहचानते हैं) अब अपने पासपोर्ट पर अपनी लैंगिक पहचान खुद नहीं चुन पाएंगे।

इस फैसले से पहले एक निचली अदालत ने आदेश दिया था कि सरकार लोगों को पासपोर्ट पर पुरुष, महिला या अन्य लिंग में से अपनी पहचान चुनने की अनुमति देती रहे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट के छह जजों की बहुमत वाली बेंच ने कहा कि पासपोर्ट पर जन्म के समय का लिंग दिखाना, समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं है। यह देश के जन्मस्थान दिखाने जैसा ही है, सिर्फ एक तथ्यात्मक विवरण। तीन लिबरल जजों ने इस फैसले का विरोध किया। जस्टिस केतानजी ब्राउन जैक्सन ने कहा कि यह नीति ट्रांसजेंडर लोगों को 'हिंसा, उत्पीड़न और भेदभाव' के खतरे में डालती है। उन्होंने लिखा कि यह अदालत एक बार फिर ऐसे कदम को मंजूरी दे रही है जिससे लोगों को तुरंत नुकसान पहुंचेगा, बिना किसी ठोस कारण के। जैक्सन ने यह भी कहा कि यह नीति ट्रम्प के उस कार्यकारी आदेश से निकली है, जिसमें ट्रांसजेंडर पहचान को झूठा और विनाशकारी बताया गया था। अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) के वकील जान डेविडसन ने कहा कि यह फैसला बेहद दुखद है। यह लोगों को अपनी असली पहचान से दूर करने की कोशिश है और ट्रांसजेंडर समुदाय के खिलाफ सरकार के अभियान को और बढ़ावा देगा। कई ट्रांसजेंडर और नानबाइनरी लोगों ने अदालत में बताया था कि जब उनके पासपोर्ट पर उनकी पहचान गलत होती है, तो उन्हें हवाई अड्डों और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर अपमान, तलाशी और हिंसा का सामना करना पड़ता है। ट्रम्प प्रशासन ने दलील दी कि पासपोर्ट विदेशी मामलों का हिस्सा हैं और यह पूरी तरह से कार्यपालिका (राष्ट्रपति) के अधिकार में आता है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने इस फैसले को 'कामन सेंस और राष्ट्रपति ट्रम्प की विचारधारा की जीत' बताया। अटार्नी जनरल पैम बान्डी ने कहा कि सिर्फ दो ही लिंग हैं, पुरुष और महिला। न्याय विभाग इस सच्चाई की रक्षा करता रहेगा।



**■ पासपोर्ट पर जन्म के समय का लिंग दिखाना, समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं हैः अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट**

# न्यूयॉर्क की कहानी, प्यूर्टो रिको के बिना अधूरीः ममदानी

**सैन जुआन।** न्यूयार्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी ने चुनाव जीतने के बाद प्यूर्टो रिको का दौरा किया, जहां हर साल न्यूयार्क के राजनेता और लाबिस्ट जमा होते हैं। यह वार्षिक सम्मेलन श्सोमोसश के नाम से जाना जाता है और राजनीतिक रणनीति, चर्चाओं और मेलजोल का केंद्र माना जाता है।

समुद्र तट पर आयोजित स्वागत समारोह में जोहरान ममदानी का जोरदार स्वागत किया गया। वहां मौजूद भीड़ ने तालियों बजाकर उनका स्वागत किया, और न्यूयार्क की अटार्नी जनरल लेटिशिया जेम्स ने मंच से सबको 'ममदानी, वो-ओ-ओ-ओ' गीत गाने के लिए प्रेरित किया, पुराना मशहूर गीत 'वोलेरे' की धुन पर। जोहरान ममदानी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं सोमोस में आकर बहुत खुश हूं। न्यूयॉर्क सिटी की कहानी आप प्यूर्टो रिको की कहानी के बिना नहीं बता सकते। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने यहां का पारंपरिक पकवान 'मोफोंगो' खाया और उसकी तारीफ की। इस सम्मेलन के दौरान 'राइजिंग कम्युनिटीज के जरिए वर्कफोर्स डेवलपमेंट' और 'ह्यूमन सर्विसेज का जश्न' जैसे विषयों पर कार्यक्रम रखे गए हैं। इसके अलावा कई विधाई कार्यशालाएं भी होंगी। आमतौर पर यह सम्मेलन चुनाव के बाद नेताओं के लिए आराम, बातचीत और नेटवर्किंग का मौका होता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108